**सुविचार**

जिंदगी अगर अपने हिसाब से जीनी हैं तो कभी किसी के फैन मत बनो।

Daily

# THE PHOTON NEWS

सच के हक में...

Published from Ranchi



12

जवान ने तोड़ा पठान का रिकॉर्ड, 9 दिन में...

Ranchi ● Sunday, 17 September 2023 ● Year : 01 ● Issue : 242 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com | E-Paper : epaper.thephotonnews.com


**SHARE**

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | : | 67,838.63 |
| निफ्टी | : | 20,192.35 |

**SARAFA**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | : | 5,625 |
| चांदी | : | 78.02 |

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

**शुभकामना संदेश**

विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर द फोटोन न्यूज की ओर से प्रिय पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं हॉकरों सहित सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।

**अवकाश की सूचना**

विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर द फोटोन न्यूज के कार्यालय में 17 सितंबर 2023 को अवकाश रहेगा। अत: अखबार का अगला अंक 19 सितंबर 2023 को प्रकाशित होगा। इस दौरान बने रहे thephotonnews.com पर

# ISIS के झारखंड मॉड्यूल से जुड़े आतंकी उमर को NIA ने COURT में किया पेश, गया जेल

## रतलाम से रेड के दौरान हुई थी गिरफ्तारी, अब रिमांड पर लेने की तैयारी

**CRIME REPORTER RANCHI :** मध्य प्रदेश के रतलाम से गिरफ्तार आईएसआईएस के झारखंड मॉड्यूल से जुड़े संदिग्ध आतंकी राहुल सेन उर्फ उमर को रांची स्थित एनआईए कोर्ट में पेश किया गया। गुरुवार को हुए एनआईए की रेड में संदिग्ध आतंकी को रतलाम से गिरफ्तार किया गया था। अब रिमांड पर आतंकी से एनआईए पूछताछ करेगी। गौरतलब है कि झारखंड में आतंकी संगठन आईएसआईएस की मॉड्यूल को लेकर एनआईए ने गुरुवार को कई राज्यों के नौ ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान मध्यप्रदेश के रतलाम से एक संदिग्ध राहुल सेन उर्फ उमर की गिरफ्तारी भी हुई थी। झारखंड में आतंक फैलाने के उदेश्य से इस मॉड्यूल का गठन किया गया था। इस मामले में लोहरदगा से पूर्व में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के छात्र की गिरफ्तारी हुई थी। जुलाई महीनें में एनआईए ने फैजान नाम के युवक को लोहरदगा से गिरफ्तार किया था। एएमयू में पढ़ाई के दौरान फैजान आईएसआईएस चरमपंथियों के संपर्क में आकर संगठन में शामिल हो गया था। एनआईए ने गुरुवार को छह राज्यों में नौ ठिकानों पर छापेमारी के बाद राहुल सेन उर्फ उमर उर्फ उमर बहादुर को गिरफ्तार किया। उसके बाद से लैपटॉप, पेन ड्राइव, मोबाइल फोन के साथ साथ आईएसआईएस से जुड़े दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं।



आतंकी उमर को पेशी के लिए कोर्ट ले जाती एनआईए की टीम।

**छह राज्यों में हुई थी छापेमारी**

एनआईए अधिकारियों के मुताबिक, बिहार के सिवान, उत्तर प्रदेश के जौनपुर, आजमगढ़, महाराजगंज, मध्यप्रदेश के रतलाम, पंजाब के लुधियाना, दक्षिणी गोवा, कर्नाटक के यदगीर और मुंबई में एनआईए ने छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान आईएसआईएस से जुड़े वीडियोज भी एजेंसी को मिले हैं। झारखंड आईएसआईएस मॉडयूल को लेकर एनआईए ने 19 जुलाई को एफआईआर दर्ज किया था। उसी दिन फैजान अंसारी की गिरफ्तारी हुई थी। एनआईए की जांच में यह बात सामने आयी है कि 19 वर्षीय फैजान अंसारी ने झारखंड मॉडयूल के गठन में अहम भूमिका निभायी थी। सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिए वह आईएसआईएस से लोगों को जोड़ रहा था साथ ही आतंकी संगठन की विचारधारा को प्रचार प्रसार भी किया करता था। आईएसआईएस में युवाओं को जोड़कर उसकी योजना आतंकी वारदात को अंजाम देने की थी।

**फैज से लगातार संपर्क में था उमर**

राष्ट्रीय जांच एजेंसी यानी एनआईए की रांची टीम ने मध्य प्रदेश के रतलाम से राहुल उर्फ उमर को खजूरी देवड़ा गांव से गिरफ्तार किया था। आरोप है कि इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया के लिए काम करने वाले फैजान से उमर लगातार संपर्क में था। फैजान की तरह उम्र भी सोशल मीडिया के जरिए लगातार आतंकी गतिविधियों का संचालन कर रहा था।

# महिला को रेल पटरी पर पटक-पटक कर मारा, भर्ती

## जन्माष्टमी मेला देखकर लौट रही थी पीड़िता

**PHOTON NEWS CHAKRADHARPUR :** पश्चिमी सिंहभूम के चक्रधरपुर में जन्माष्टमी मेला देखकर लौट रही एक महिला पर एक युवक ने जानलेवा हमला किया। महिला को घायलावस्था में चक्रधरपुर रेलवे अस्पताल लाया गया। इस हमले में महिला का सिर फट गया है और हाथ समेत शरीर के कई हिस्सों में भी चोटें आईं हैं। जानकारी के मुताबिक घायल महिला का नाम सरस्वती नाग है। वह चक्रधरपुर के पंप रोड में रहती है। सरस्वती नाग ने शनिवार को बताया कि वह परिवार के साथ जन्माष्टमी मेला देखकर शुक्रवार रात लौट रही थी। इसी दौरान पश्चिम रेलवे केबिन के पास बनालता गांव निवासी चितरंजन प्रधान उसके पास आया और रेल पटरी पर उसे पटक-पटक कर लात घूंसों से मारने लगा। महिला के सिर को पकड़कर पटरी के खम्भे में भी मारा। मारपीट से महिला बदहवास हो गयी। साथ में मौजूद दो महिला और बच्चे भी सहम गए। इस बीच चितरंजन प्रधान महिला को जान से मारने के लिए धारदार चाकू निकालकर उसपर वार करने की कोशिश करने लगा। वहां से गुजर रहे युवकों ने चितरंजन प्रधान को पकड़ लिया और किसी तरह महिला की जान बचायी।

**शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई**

महिला ने कहा कि चितरंजन प्रधान उसकी कई दिनों से पीछा कर परेशान रहा था। उसने चक्रधरपुर थाने में शिकायत भी की थी लेकिन पुलिस ने चितरंजन के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के बजाय उससे बांड लिखवाकर छोड़ दिया गया। चितरंजन प्रधान पंप रोड के ही एक कुरियर कंपनी में कुरियर बॉय का काम करता है। पुलिस आरोपी को पकड़ने के लिए कार्रवाई कर रही है।

**BRIEF NEWS**

### नगड़ी में तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत

**RANCHI :** तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। घटना नगड़ी थाना क्षेत्र के होटवासी की है। यहां शनिवार की शाम प्रीतम और आलोक नाम के दो बच्चे तालाब में डूब गए। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से एक बच्चे के शव को पानी से बाहर निकाला, जबकि दूसरे बच्चे का शव नहीं निकाला जा सका, अब शव को रविवार को निकाला जाएगा।

### पांच इंस्पेक्टर और एक सब इंस्पेक्टर का तबादला

**RANCHI :** पांच इंस्पेक्टर और एक सब इंस्पेक्टर का एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने तबादला किया है। इससे संबंधित अधिसूचना शनिवार की रात जारी कर दी गई है। इसके अनुसार, सुनील तिवारी को नामकुम थाना प्रभारी बनाया गया है। आलोक सिंह को ओरमांझी थाना प्रभारी, राजीव कुमार सिंह को ट्रैफिक थाना प्रभारी लालपुर , प्रदीप मिंज को डेली मार्केट थाना प्रभारी, मधुसूदन मोदक को पुलिस केंद्र लाइन भेजा गया है, और अमरेंद्र कुमार को ठाकुरगांव थाना प्रभारी बनाया गया है।

### गुमला में चौकीदार हत्याकांड में शामिल नक्सली 20 साल बाद गिरफ्तार

**GUMLA :** चौकीदार हत्याकांड और अन्य कई नक्सली वारदातों में शामिल प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा माओवादी का पूर्व सदस्य सोमरा उरांव अंततः चैनपुर पुलिस के गिरफ्त में आ ही गया। वह पिछले 15-20 वर्षों से फरार था।

# बारामूला में सुरक्षाबलों ने 3 आतंकियों को मार गिराया

## उधर, अनंतनाग में बरसाए जा रहे हैं बम



शहीद हुए जवान के शव के पास रोते-बिलखते परिजन ● एजेंसी

**AGENCY JAMMU :** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले के कोकरनाग इलाके में पिछले चार दिनों से आतंकियों के खिलाफ सुरक्षाबलों की कार्रवाई जारी है। इस बीच जम्मू-कश्मीर के बारामूला में शनिवार को सुरक्षाबलों ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर घुसपैठ की कोशिश को नाकाम करते हुए तीन आतंकवादियों को ढेर कर दिया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बारामूला जिले के उरी क्षेत्र के सीमावर्ती इलाके हथलंगा में आतंकवादियों के खिलाफ अभियान चलाया गया। आतंकियों की घुसपैठ को लेकर सेना की ओर से सोशल मीडिया ह्यएक्सह्ल पर एक ट्वीट भी किया गया है जिसमें लिखा गया है कि भारतीय सेना, जम्मू कश्मीर पुलिस और खुफिया एजेंसियों के संयुक्त अभियान में बारामूला के उरी में एलओसी के पास घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया गया है। इसमें बताया गया कि तीन आतंकवादियों ने भारतीय सीमा में घुसपैठ करने की कोशिश की, जिसके बाद मुस्तैद सैनिकों ने उनका मुकाबला किया। और तीनों को ढेर कर दिया।

**शहीदों की संख्या हुई चार**

अनंतनाग जिले के कोकरनाग इलाके में जारी अभियान में सेना द्वारा पहली बार मीडियम रेंज के तोपखाने के साथ ही सबसे अधिक शक्तिशाली हेरोन मार्क 2 ड्रोन का भी इस्तेमाल आतंकियों पर बम बरसाने में किया जा रहा है। इस अभियान में लगे करीब तीन हजार जवान आतंकियों को मटियामेट करने का लगातार प्रयास कर रहे हैं। इस बीच शुक्रवार को एक अन्य जख्मी जवान ने दम तोड़ दिया। इसके साथ ही शहीदों की संख्या चार हो गयी है। एक अन्य जवान अभी भी लापता बताया जा रहा है। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि आतंकियों की कितनी संख्या है। माना जा रहा है कि उनकी संख्या आठ से दस के करीब है।

# CWC की बैठक में तीन प्रस्ताव पारित केंद्र सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

## आंतरिक चुनौतियों से घिरा देश, आग में घी डाल रही भाजपा : खरगे

**AGENCY NEW DELHI :** तेलंगाना में कांग्रेस वर्किंग कमेटी (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में तीन प्रस्ताव पारित किए गए। इसके साथ ही केंद्र की नरेंद्र मोदी पर गंभीर आरोप भी लगाये गये। बैठक में मणिपुर पर विशेष चर्चा की गयी। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस मौके पर कहा, देश इस समय गंभीर आंतरिक चुनौतियों से घिरा हुआ है। बैठक के बाद प्रेस वार्ता में कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने बताया, कांग्रेस वर्किंग कमेटी में 3 प्रस्ताव पारित हुए हैं। पहला, केरल के पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी के देहांत पर शोक प्रस्ताव है, दूसरा मणिपुर पर शोक प्रस्ताव और तीसरा शोक प्रस्ताव हिमाचल प्रदेश की आपदा पर है। इस प्रस्ताव में यह भी मांग की गई है कि हिमाचल की आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाए ताकि सरकार से जो सहायता मिलनी है वह पर्याप्त मात्रा में मिले। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मणिपुर हिंसा, हरियाणा और कुछ अन्य राज्यों में सांप्रदायिक तनाव की हालिया घटनाओं का उल्लेख करते हुए शनिवार को आरोप लगाया कि देश गंभीर आंतरिक चुनौतियों से घिरा है और भारतीय जनता पार्टी आग में घी डालने का काम कर रही है। उन्होंने कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में अपने शुरूआती संबोधन के दौरान संसद के विशेष सत्र को लेकर दावा किया कि सत्तारूढ पार्टी विपक्ष विहीन संसद चाहती है और ऐसे में उसकी मंशा को लेकर सतर्क रहना होगा। मल्लिकार्जुन खरगे ने कई विपक्षी नेताओं के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई को लेकर केंद्र सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया की पिछली तीन बैठकों की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय जनता पार्टी के नेता लगातार हमले कर रहे हैं।



कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में सोनिया गांधी व मल्लिकार्जुन खरगे।

**किसने क्या कहा**

- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे- कांग्रेस ने हमारे महान देश में लोकतंत्र, सामाजिक न्याय, तरक्की और बराबरी की लड़ाई लड़ी है। हम देश की अखंडता के लिए लड़ाई लड़ते रहेंगे।
- कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल- ये पहली बार है कि जब कई साल बाद दिल्ली के बाहर सीडब्ल्यूसी की बैठक हो रही है। जैसे ही तेलंगाना राज्य बना, लोग जानते हैं कि भारत राष्ट्रवादी समिति (बीआरएस) कैसे सत्ता में आई। तेलंगाना सरकार देश का सबसे भ्रष्ट राज्य है। यहां के लोग सरकार से परेशान हो चुके हैं। हम तेलंगाना के लोगों को 6 गारंटी देंगे। उम्मीद है कि यहां चुनाव में कांग्रेस को बहुमत मिलेगा।
- कांग्रेस सांसद आनंद शर्मा- भारत की राजनीति में कांग्रेस की बड़ी भूमिका है। वर्किंग कमेटी की बैठक हमारे लिए देश की मौजूदा मुद्दों पर चर्चा करने और अगली लड़ाई के लिए तैयार होने का अवसर है।

### 23 सितंबर को होगी एक देश-एक चुनाव कमेटी की पहली मीटिंग

**AGENCY BHUBANESWAR :** एक देश, एक चुनाव कमेटी की पहली बैठक 23 सितंबर को होगी। पूर्व राष्ट्रपति और कमेटी के अध्यक्ष रामनाथ कोविंद ने शनिवार 16 सितंबर को यह जानकारी दी। मीटिंग कहां होगी, अभी ये नहीं बताया गया है। इसके पहले 6 सितंबर को गृहमंत्री अमित शाह और कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने पूर्व राष्ट्रपति कोविंद से मुलाकात की थी। करीब एक घंटे तक चली इस मीटिंग को एक शिष्टाचार मुलाकात बताया गया था। अमित शाह इस कमेटी के सदस्य हैं और अर्जुनराम मेघवाल स्पेशल मेंबर हैं। एक देश-एक चुनाव के प्रपोजल पर कानूनी पहलुओं की जांच के लिए केंद्र सरकार ने 1 सितंबर को एक कमेटी बनाई थी। कहा गया था कि कमेटी एक देश, एक चुनाव के प्रस्ताव से जुड़े कानूनी पहलुओं पर गौर करने के साथ ही आम लोगों की राय भी लेगी।

**विशेष सत्र में बिल लाने के लगाए जा रहे कयास**

सरकार ने 18 सितंबर से 22 सितंबर तक संसद का विशेष सत्र बुलाया है। कयास लगाए जा रहे हैं कि सरकार एक देश, एक चुनाव पर बिल ला सकती है। इससे पहले कानून मंत्रालय ने कमेटी बनाई है। इसका मकसद कानून के मौजूदा ढांचे को ध्यान में रखते हुए देश में एकसाथ चुनाव कराने को लेकर जांच करना है। इसमें जांच की जाएगी कि लोकसभा, विधानसभा, नगर पालिका और पंचायतों के चुनाव एक साथ हो सकते हैं या नहीं। मई 2014 में जब केंद्र में मोदी सरकार आई, तो कुछ समय बाद ही एक देश और एक चुनाव को लेकर बहस शुरू हो गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद कई बार वन नेशन, वन इलेक्शन की वकालत कर चुके हैं।

## भारतीय वायु सेना की बढ़ेगी ताकत, तेजस का होगा एडवांस वर्जन, पुराने मिग-21 की लेगा जगह

# 100 LCA मार्क 1A फाइटर जेट खरीदेगी एयरफोर्स

**AGENCY NEW DELHI :** भारतीय वायुसेना 100 मेड-इन-इंडिया एलसीए मार्क 1ए फाइटर जेट खरीदेगी। भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी ने अपने स्पेन दौरे में इसकी घोषणा की। एलसीए मार्क-1ए, तेजस एयरक्राफ्ट का एडवांस वर्जन है। इसमें अपग्रेडेड एवियॉनिक्स और रडार सिस्टम लगे हैं। एयरफोर्स इससे पहले भी 83 एलसीए मार्क-1ए एयरक्राफ्ट का ऑर्डर दे चुकी है। भारतीय वायुसेना का इन एयरक्राफ्ट को खरीदने का मकसद पुराने मिग-21 को रिटायर करना है। डील के लिए आधिकारिक प्रस्ताव रक्षा मंत्रालय और नेशनल सिक्योरिटी स्टेकहोल्डर्स को भेजा जा चुका है। 100 और एलसीए मार्क-1ए फाइटर एयरक्राफ्ट खरीदने का फैसला वायुसेना प्रमुख की अध्यक्षता में एक रिव्यू मीटिंग के बाद लिया गया। इस मीटिंग में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के अधिकारी भी शामिल थे। इस डील के पूरे होने के बाद भारत के पास अगले 15 सालों में 40 एलसीए तेजस, 180 से ज्यादा एलसीए मार्क-1ए और कम से कम 120 एलसीए मार्क-2 एयरक्राफ्ट होने की उम्मीद है। इसके पहले भारत ने 83 एलसीए मार्क-1ए एयरक्राफ्ट का ऑर्डर दिया था, जिनकी डिलीवरी फरवरी 2024 में हो सकती है। एलसीए मार्क-1ए के 65% से ज्यादा उपकरण भारत में बने हैं। इसे एयरोस्पेस में भारत की आत्मनिर्भरता और मेक-इन-इंडिया की तरफ बड़ा कदम माना जा रहा है। एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी सी-295 ट्रांसपोर्ट प्लेन लेने स्पेन गए हैं। यहां उन्होंने 13 सितंबर को पहला सी-295 ट्रांसपोर्ट प्लेन रिसीव किया। यह एयरक्राफ्ट पिछले तीन दशकों से सेवा में लगे ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट एवरो-748 को रिप्लेस करने के लिए लाया जा रहा है। इस एयरक्राफ्ट को 25 सितंबर को गाजियाबाद के हिंडन एयरबेस पर वायुसेना के बेड़े में शामिल किया जाएगा। इसके बाद यह आगरा एयरबेस पर तैनात होगा। सूत्रों के मुताबिक, आगरा में सी-295 एयरक्राफ्ट को चलाने की ट्रेनिंग देने के लिए ट्रेनिंग सेंटर भी अगले साल तक तैयार हो जाएगा।

**मिग सीरीज के 500 से ज्यादा फाइटर जेट क्रैश हो चुके :** 1963 के बाद से इंडियन एयरफोर्स को अलग-अलग सीरीज के 872 मिग फाइटर प्लेन मिल चुके हैं। इनमें से करीब 500 फाइटर जेट क्रैश हो चुके हैं। इन हादसों में 200 से ज्यादा पायलट और 56 आम लोगों को जान गंवानी पड़ी। सबसे ज्यादा हादसे मिग-21 के साथ हुए हैं, इसलिए ये उड़ता ताबूत और विडो मेकर के नाम से भी बदनाम है। अब एयरफोर्स मिग सीरीज के एयरक्राफ्ट्स को लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट से रिप्लेस करेगी।



**अगले 15 वर्षों में बढ़ेगी विमानों की संख्या**

लगभग 100 और विमान खरीदने का निर्णय उस समय आया, जब वायु सेना प्रमुख ने पिछले महीने हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड सहित सभी संबंधित संस्थाओं के साथ स्वदेशी लड़ाकू जेट कार्यक्रम की समीक्षा बैठक की थी। इस निर्णय का मतलब यह होगा कि एलसीए तेजस लड़ाकू विमान बहुत बड़ी संख्या में भारतीय वायु सेना में फिर से प्रवेश करेंगे। अगले 15 वर्षों में भारतीय वायु सेना के पास 40 एलसीए, 180 से अधिक एलसीए मार्क–1ए और कम से कम 120 एलसीए मार्क–2 विमान होंगे। एलसीए मार्क 1ए के लिए आखिरी ऑर्डर 83 विमानों के लिए था और पहले विमान की डिलीवरी फरवरी 2024 के आसपास होगी। एलसीए मार्क 1ए तेजस विमान का उन्नत संस्करण है।

### ASI विजयकांत यादव सस्पेंड, रुपये लेते वीडियो हुआ था वायरल

**GIRIDIH :** झारखंड के गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाना में पदस्थापित सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) विजयकांत यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। पिछले दिनों विजयकांत का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वह बेंगाबाद थाना परिसर के स्वागत कक्ष में पुलिस वर्दी में बैठा हुआ है और किसी व्यक्ति से पैसे ले रहा है। वह व्यक्ति उक्त पुलिस अधिकारी के बगल में बैठा हुआ है, जो काले बैग से निकाल कर पैसे दे रहा है। वीडियो वायरल होते ही एसपी दीपक शर्मा ने एक्शन लिया और सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) विजयकांत यादव को सस्पेंड कर दिया। एसपी दीपक शर्मा ने कहा है कि उपर्युक्त कृत्य पुलिस अधिकारी के भ्रष्ट आचरण, अनुशासनहीनता, स्वेच्छाचारिता और कर्तव्यहीनता को परिलक्षित करता है। पुलिस अधिकारी के इस कृत्य से पुलिस की छवि धूमिल हुई है। गिरिडीह जिले के बेंगाबाद थाने के सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) विजयकांत यादव का रुपये लेते वीडियो वायरल हुआ था। ये मामला गिरिडीह के एसपी दीपक शर्मा तक जा पहुंचा।

## हाईकोर्ट का जेपीएससी को निर्देश

# 86 अभ्यर्थियों को बाहर कर रिवाइज रिजल्ट करें जारी

**SPECIAL REPORTER RANCHI :** असिस्टेंट टाउन प्लानर नियुक्ति मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने 16 अगस्त को सभी पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शनिवार को हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजित नारायण प्रसाद और जस्टिस नवनीत कुमार की डबल बेंच ने सिंगल बेंच के आदेश को दरकिनार कर जेपीएससी को 186 अभ्यर्थियों को बाहर कर रिवाइज रिजल्ट जारी करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि वैसे अभ्यर्थी जिनका सर्टिफिकेट आईटीपीआई से 26 अगस्त 2020 के बाद जारी हुआ है, उन्हें नियुक्ति प्रक्रिया से बाहर कर रिवाइज रिजल्ट जारी किया जाये। रिवाइज रिजल्ट में उन अभ्यर्थियों को शामिल किया जाये, जिनका सर्टिफिकेट 10 अगस्त 2020 का है।



**सिंगल बेंच ने खारिज कर दी थी याचिका**

इससे पहले सिंगल बेंच ने स्वप्निल मयुरेश की याचिका को खारिज कर दिया था। एकल पीठ में दायर याचिका में कहा गया था कि जेपीएससी ने वर्ष 2020 में सहायक टाउन प्लानर की नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला था। परीक्षा में 20 ऐसे अभ्यर्थी सफल हुए हैं, जिनके पास विज्ञापन की अंतिम तिथि तक इंस्टीट्यूट ऑफ टाउन प्लानर (इंडिया) में रजिस्टर्ड डिग्री नहीं थी। इसलिए इस परीक्षा को रद्द किया जाना चाहिए। लेकिन हाईकोर्ट की सिंगल बेंच ने इस याचिका को खारिज कर दी थी। जिसके बाद डबल बेंच में एलपीए दायर की गयी थी।



# लकड़ी कैसे पचा लेती है दीमक?

पेड़-पौधों में पाया जाने वाला सेलुलोज ही दीमक का भोजन होता है। इसलिए वे तमाम चीजें दीमक का भोजन होती हैं जिनमें सेलुलोज होता है। बहुत सी सूखी लकड़ी पर तुमने दीमक का घर बना देखा होगा। लकड़ियों के बने फर्नीचर, कॉपी-किताबों जैसी बहुत सी चीजों को दीमक चट कर जाती है और फिर वह सामान किसी काम का नहीं रह जाता। दीमक जो सेलुलोज भोजन के रूप में प्राप्त करती है उसे पचा पाने की क्षमता उसमें नहीं होती है। इसे पचाने के लिए दीमक को दूसरे जीव की मदद लेना पड़ती है। ये दूसरे जीव प्रोटोजोआ कहलाते हैं, जो दीमक की आँतों में रहते हैं। दोनों के बीच सहभागिता का रिश्ता होता है। दीमक लकड़ी को चबाकर निगल जाती है और आँतों में रहने वाले प्रोटॅजोअंस इस लकड़ी की लुगदी को भोजन में बदल देते हैं। इस भोजन से ही दोनों जीव अपना जीवन चलाते हैं। दीमक पर्यावरण में सफाईगार की भूमिका निभाती है पर कई बार यह कीमती सामान को खराब करके नुकसानदायक भी साबित होती है। दीमक समूह में रहती है और भोजन तलाशने में एक-दूसरे की मदद भी करती है। ये चींटियों से मिलती-जुलती लगती हैं। इसलिए इन्हें 'व्हाइट एंट' भी कहा जाता है। आकार के अलावा चींटियों से इनकी कोई समानता नहीं होती।

# जानो स्पेस सूट के बारे में



बच्चो, आप लोगों ने सुनीता विलियम्स के बारे में जरूर सुना होगा। सुनीता विलियम्स ने अंतरिक्ष में छह महीने तक रहने और सबसे लंबी स्पेस वॉक करने का रिकार्ड बनाया है। आप ने टेलीविजन चैनल और समाचार-पत्रों में सुनीता विलियम्स और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों की तस्वीरें देखी होंगी। आपने देखा होगा अंतरिक्ष यात्री हमेशा एक खास तरह की ड्रेस पहनते हैं। एक मोटा सा सूट और उस पर हैलमेट और ऑक्सीजन मास्क भी लगा रहता है। अंतरिक्ष में जाने के बाद अंतरिक्ष यात्रियों को यहीं सूट पहनना पड़ता हैं। इसे स्पेस सूट कहते है। इस स्पेस सूट को पहने बगैर अंतरिक्ष में रहना संभव नहीं होता है। स्पेस सूट की वजह से ही अंतरिक्ष के प्रतिकूल माहौल में अंतरिक्ष यात्री जीवित रह पाते हैं। इस स्पेस सूट को तैयार करने के लिए भी वैज्ञानिकों ने बहुत मेहनत और शोध किया हैं। यह सूट उस कपड़े से नहीं बना होता है, जिसे हम और आप पहनते हैं। नासा के वैज्ञानिक अंतरिक्ष की स्थितियों का आँकलन करने के बाद अंतरिक्ष यात्रियों के लिए इस सूट को तैयार करते हैं। 'हार्ड अपर टोर्सो' नामक पदार्थ का इस्तेमाल करते हुए अंतरिक्ष यात्रियों के सूट तैयार किये जाते हैं। इस सूट को पहनने के बाद हमारे शरीर का तापमान और बाहरी वातावरण से शरीर पर पड़ने वाला दबाव नियंत्रित रहता है। इसके साथ ही यह सूट इस तरह से बनाया जाता है कि यह अंतरिक्ष में मौजूद हानिकारक किरणों से हमारे शरीर को बचाने के लिए कवच का काम करे। इस सूट के अंदर ही एक लाइफ सपोर्टिंग सिस्टम होता है, जिससे अंतरिक्ष यात्रियों को शुद्ध ऑक्सीजन प्राप्त होती है। इस सूट के अंदर गैस और द्रव पदार्थो को रीचार्ज और डिस्चार्ज करने की व्यवस्था भी होती है। इस सूट में ही अंतरिक्ष यात्री वहाँ से एकत्रित किये गए, ठोस कणों को सुरक्षित रख सकते हैं।

# पैंगुइन उड़ क्यों नहीं पाते हैं?

ऑस्ट्रिच और इमू की तरह पैंगुइन भी पंख होने के बावजूद उड़ते नहीं हैं। कहते हैं आज से ६५0 लाख साल पहले पैंगुइन के पूर्वज उड़ पाते थे और धीरे-धीरे उनकी यह क्षमता खत्म हो गई। पैंगुइन के पूर्वज समुद्र के ऊपर उड़ते थे और भोजन की तलाश में समुद्र में डाइव लगाते थे। लाखों सालों पहले पैंगुइन की हड्डियाँ पक्षियों की तरह ही हल्की होती थीं और वे उड़ पाते थे, पर समय के साथ उनकी हड्डियाँ भारी हो गईं और वजन बढ़ जाने से उनका खुद को हवा में उठाना नामुमकिन हो गया। हालाँकि इन्हीं हड्डियों के कारण पैंगुइन अब पानी में डाइव बेहतर तरीके से लगा पाते हैं।





# समुद्र में पायी जाने वाली विचित्र मछलियां

**धरती के 70 प्रतिशत भाग में फैला हुआ सागर पृथ्वी की जलवायु को संतुलित रखने, भोजन और ऑक्सीजन प्रदान करने, जैव विविधता बनाये रखने और परिवहन के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। वैज्ञानिकों के मतानुसार धरती पर प्रारंभिक जीवन सागर से ही प्रारम्भ हुआ था और चरणबद्ध विकास के फलस्वरूप यह धरती पर भी पनपने लगा और वर्तमान में उपलब्ध जैव विविधताओं का कारण बना।**

## वाइपर फिश

बेहद गहरे पानी और उच्च दबाव वाले क्षेत्र में रहने वाली यह मछली देखने में काफी डरावनी लगती है। बेहद कठिन परिस्थितियों में रहने के कारण यह बहुत कम खाने पर भी लम्बे समय तक जिन्दा रह सकती है। इसके पास से गुजरने वाले किसी भी शिकार का इसके नुकीले दांतों से बचना नामुमकिन ही है।

## सिलिकेन्थ

प्रागैतिहासिक युग के प्राणियों के सामान दिखने वाली यह मछली एक जीवित जीवाश्म ही है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह ७ करोड़ वर्ष पहले मिलने वाली मछलियों की संरचना से काफी मिलती है।

## इलेक्ट्रिक ईल

समुद्र में पायी जाने वाली यह ईल प्रजाति की मछली आकार में २ मीटर तक लम्बी और २० किलो तक वजनी हो सकती है। यह ६00 वोल्ट का तेज विद्युतीय झटका दे सकती है। वैज्ञानिकों के अनुसार यह अपने विद्युत का इस्तेमाल रास्ता खोजने में भी कर सकती है।

## मिस्ट्री शार्क

दुनिया के सबसे गहरे समुद्री क्षेत्र के रूप में विख्यात मरियाना ट्रेंच में पाई जाने वाली यह अत्यंत दुर्लभ शार्क की तस्वीर है। यह एक प्रागैतिहासिक जीव है जिसे सबसे पहले जापानी वैज्ञानिकों ने देखे जाने का दावा किया था।

## स्टोनफिश

हिन्द महासागर और पश्चिमी प्रशांत महासागर में पाई जाने वाली यह मछली एकदम पत्थर की तरह समुद्र की सतह पर निष्क्रिय पड़ी रहती है। जैसे ही कोई शिकार इसके पास आता है यह झपटकर उसे पकड़ लेती है। यह एक जहरीली मछली है और इसका शिकार हृदयाघात से बेहद दर्दनाक मौत मरता है।

## स्टार गैजेर्स

यह समुद्र में पायी जाने वाली एक जहरीली मछली है। यह खुद को रेत में अच्छी तरह छुपा लेती है और जैसे ही शिकार इसके पास आता है तेजी से झपट्टा मारकर उसे पकड़ लेती है। अन्य मछलियों के विपरीत इसकी ऑंखें सामने की ओर होती हैं।

## पफर फिश

पफर फिश अपने नाम के अनुसार खतरा महसूस होने पर ढेर सारा पानी अपने लचीले पेट में भरकर अपना आकार बढ़ा लेती है जिससे शिकार कंफ्यूज हो जाता है और यह मौके का लाभ उठाकर बच निकलती है। यह भी एक जहरीली मछली है।

## फ्रिल्ड शार्क

बहुत गहरे पानी में पायी जाने वाली यह शार्क की अत्यंत दुर्लभ प्रजाति है जिसे देखने मात्र से ही भय उत्पन्न होता है। यह पत्थर की बनी हुई दिखती है और एक जीवित जीवाश्म है।

## वैम्पायर स्क्विड

यह गहरे पानी में पाया जाने वाला एक प्रकार का स्क्विड ही है जिसने अपने आप को गहरे पानी के अनुकूल ढाल लिया है। यह अँधेरे में बल्ब के सामान चमकीली संरचनाओं से प्रकाश उत्पन्न करता है। खतरा महसूस होने की स्थिति में यह चमकीली स्याही छोड़ता है जिससे शिकारी चौंक जाता है और यह मौके का लाभ उठाकर बच निकलता है।

## बिगफिन स्क्विड

स्क्विड प्रजाति से सम्बन्ध रखने वाला यह जीव गहरे पानी में पाया जाता है। यह स्क्विड आकार में १६ फीट तक लम्बा हो सकता है।

## मड स्किपर

यह ऐसे समुद्र तटीय क्षेत्रों में रहती है जहाँ ज्वार और भाटा निरंतर आता रहता है। यह खारे पानी और जमीन दोनों पर रह सकती है। यह एम्फीबियन प्रजाति की तरह ही त्वचा से साँस ले सकती है।

## एंगलर फिश

लगभग सभी महासागरों में पाई जाने वाली यह मछली आकार में १ मीटर तक लम्बी हो सकती है। इसके सर पर चारे के सामान संरचना होती है जिसे यह जब हिलाती है तो जीवन के लिए संघर्ष करते हुए चारे के सामान प्रतीत होता है जिससे दूसरी मछलियां आकर्षित होती हैं और इसका आसान शिकार बन जाती हैं।

## हैमर हेड शार्क

देखने में किसी दूसरी दुनिया के जीव सी लगने वाली यह शार्क सामान्य रूप से दुनिया भर के महासागरों में पाई जाती है। इसकी ऑंखें शरीर से बहुत दूर होती हैं जो इसे ज्यादा क्षेत्र तक देखने में सक्षम बनाती हैं।








# अमेरिका में राष्ट्रपतियों की याद को समर्पित स्मारक माउंट रशमोर

**माउंट रशमोर अमेरिका में राष्ट्रपतियों की याद को समर्पित एक स्मारक है। यह 60 फुट या 18 मीटर लंबी रचना है जिसमें भूतपूर्व राष्ट्रपतियों जार्ज वाशिंगटन, थॉमस जैफरसन, थियोडोर रूजवेल्ट और अब्राहम लिंकन को अंकित किया गया है।**

यह स्मारक 1,278 एकड़ में फैला हुआ है। इसकी देखरेख नेशनल पार्क सेवा द्वारा की जाती है जो संयुक्त राज्य अमेरिका के आंतरिकी विभाग का ब्यूरो है। इस स्मारक को वर्ष में लगभग 2 मिलियन लोग देखने आते हैं। पर्वत पर बनाए गए इस स्मारक को लकोटा सिउक्स भी कहा जाता है क्योंकि इसमें छह राष्ट्रपतियों मूर्तियाँ उकेरी गई हैं। बाद में इसका नाम न्यूयार्क के एक जाने-माने वकील चार्ल्स ई रशमोर के नाम पर रखा गया। असल में रशमोर पर्वत में इस तरह की कलाकृति उकेरने का उद्देश्य दक्षिणी डकोटा की ब्लैक हिल्स में पर्यटकों का आकर्षण बढ़ाना था। काँग्रेस के प्रतिनिधि मंडल और राष्ट्रपति केल्विन कूलिज के बीच लंबे समझौते के बाद यह प्रोजेक्ट प्रारंभ हो पाया। मूर्तिकार गुट्जन बोर्गलम के निर्देशन में 1927 में काम शुरु हुआ और 1941 में बनकर तैयार हुआ।





# दक्षिण व मध्य अमेरिका में पाया जाने वाला एक स्तनधारी प्राणी जाइंट एंटइटर

इस घने बाल वाले प्राणी को एंट बियर भी कहते हैं। यह अपनी लंबी थूथन से कीटों को खाता है। इसकी सूंघने की शक्ति मनुष्य से 40 गुना अधिक होती है। यह अपनी जीभ को 18 इंच तक तेजी से बाहर निकाल सकता है। जाइंट एंटइटर दक्षिण व मध्य अमेरिका में पाया जाने वाला एक स्तनधारी प्राणी है जो अपने विचित्र मुख-आकार, थूथन और अपनी पतली व लम्बी जीभ से केवल चींटी, दीमक और अन्य छोटे कीट खाने के लिये प्रसिद्ध है। चींटीखोरों की चार जातियाँ पाई जाती हैं: सिर-से-पूँछ तक १.८ मी (५ फुट ११ इंच) लम्बा विशाल चींटीखोर, केवल ३५ सेमी (१४ इंच) लम्बा रेशमी चींटीखोर, १.२ मी (३ फुट ११ इंच) लम्बा उत्तरी तामान्दुआ और लगभग उतना ही लम्बा दक्षिणी तामान्दुआ। चींटीखोर पिलोसा नामक जीववैज्ञानिक गण में शामिल हैं जिसमें स्लॉथ भी आते हैं, यानि स्लॉथों और चींटीखोरों का आनुवंशिक (जेनेटिक) सम्बन्ध है।

# वॉल मैगजीन

गर्मी की छुट्टियां खत्म हो गई थीं। सभी बच्चों के स्कूल खुल गए थे। सरगुन आठवीं कक्षा में पढ़ती थी। एक दिन असेम्बली में स्कूल की प्रिंसिपल स्वाति कपूर बोलीं, 'बच्चो, तुम सबके लिए एक बहुत अच्छी खबर है। तुम सभी ने गर्मी की छुट्टियों में बहुत कुछ नया सीखा होगा। तुम सब अपने माता-पिता के साथ घूमने भी गए होंगे। मैं चाहती हूं कि तुम सब अपने अनुभवों पर आधारित एक प्रोजेक्ट बनाकर जमा करो और जिसका प्रोजेक्ट सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे इनाम दिया जाएगा।' यह सुनकर सभी बच्चे खुशी से उछल पड़े।

प्रिंसिपल ने बच्चों को सिर्फ एक सप्ताह का समय दिया था। सभी बच्चे अपने-अपने तरीके से प्रोजेक्ट बनाने की तैयारियों में जुट गए। अचानक सरगुन की क्लास की सबसे चंचल और सुंदर लड़की गौरी बोली, 'हम सब तो कुछ न कुछ नया कर ही लेंगे, पर बेचारी सरगुन कैसे करेगी? इसके दाएं हाथ में तो केवल तीन.।' उसकी बात पूरी होती, उससे पहले ही सरगुन की बेस्ट फ्रेंड अर्निका बोली, 'गौरी, तुम्हें ऐसा नहीं बोलना चाहिए। देख लेना, सरगुन ही सबसे नई और उपयोगी वस्तु खोजेगी और तुम देखती रह जाओगी।' उसकी बात सुनकर गौरी ने मुंह चिढ़ा दिया और अपनी सीट पर बैठ गई ।

गौरी अक्सर सरगुन का मजाक उड़ाती थी। सरगुन के दाएं हाथ में केवल तीन उंगलियां थीं। उसकी दो उंगुलियां दो साल पहले एक एक्सीडेंट में बुरी तरह  मसल गई थीं, इसलिए अब उसके दाएं हाथ में केवल तीन उंगलियां रह गई थीं। शुरुआत में सरगुन को अपना काम करने में थोड़ी परेशानी हुई, लेकिन फिर धीरे-धीरे उसे आदत पड़ गई। अब तो उसे ऐसा महसूस ही नहीं होता था कि उसकी दो उंगलियां नहीं हैं।  सभी बच्चे अपना-अपना प्रोजेक्ट बनाने में लगे हुए थे। प्रिंसिपल ने बच्चों को ग्रुप में प्रोजेक्ट बनाने की अनुमति दे दी थी, इसलिए सरगुन, अर्निका और कुछ अन्य छात्रों के साथ अपना प्रोजेक्ट बनाने में लगी हुई थी। किसी ने भी अपने प्रोजेक्ट की खबर किसी को नहीं होने दी थी। प्रोजेक्ट जमा कराने से एक दिन पहले सभी बच्चे इस बात को लेकर आश्वस्त थे कि उनका प्रोजेक्ट ही बेस्ट होगा। अगले दिन अचानक तेज बारिश होने लगी। सभी बच्चे स्कूल बड़ी मुश्किलों से अपने-अपने प्रोजेक्ट लेकर पहुंचे। स्कूल पहुंचकर सभी ने अपने-अपने प्रोजेक्ट निकाले। गौरी ने अपने सुंदर चित्रों से तैयार किए गए प्रोजेक्ट को निकाला तो यह देखकर उसके होश उड़ गए कि सारे चित्रों में न जाने कैसे पानी की बूंदें पड़ गई थीं। केवल दो-तीन चित्र ही साफ बचे थे, बाकी सभी में बड़े-बड़े धब्बे बन गए थे। यह देखकर गौरी खुद पर काबू नहीं रख पाई और रोने लगी। उसके रोने पर किसी का ध्यान नहीं गया। सभी अपने प्रोजेक्ट को सजाने-संवारने में जुटे थे।

अचानक सरगुन ने उसके कंधे पर हाथ रखा और बोली, 'गौरी, तुम्हें परेशान होने की जरूरत नहीं है। तुम मेरे ग्रुप में शामिल हो जाओ । इससे तुम्हारे मार्क्स नहीं कटेंगे।' यह सुनकर गौरी को थोड़ी सांत्वना मिली। उसने अपने साफ चित्र सरगुन को देते हुए कहा, 'मेरे पास तो केवल ये हैं, तुम इन्हें अपने प्रोजेक्ट में कहीं प्रयोग कर सको तो अच्छा होगा।' सरगुन बोली, 'बिल्कुल गौरी, तुम्हारे चित्र मेरे प्रोजेक्ट को और सुंदर बना देंगे।' इसके बाद गौरी सरगुन के ग्रुप में शामिल हो गई। सभी बच्चों ने अपने-अपने प्रोजेक्ट जमा करा दिए।

आखिर परिणाम का दिन भी आ गया। सभी बच्चे असेम्बली में खड़े हुए थे और बेसब्री से परिणाम का इंतजार कर रहे थे। अचानक मंच पर प्रिंसिपल आईं और बोलीं, 'सभी बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रोजेक्ट बनाए हैं। लेकिन पुरस्कार तो किसी एक को ही दिया जाना था, इसलिए इस बार आठवीं कक्षा के प्रोजेक्ट 'वॉल मैगजीन' को पुरस्कार के लिए चुना गया है। इस प्रोजेक्ट की ग्रुप हेड सरगुन है और उसके ग्रुप में अर्निका, गौरी, काव्या, तन्मय व गौरांश शामिल हैं। इस मैगजीन में सामान्य ज्ञान की बातों के साथ ही कहानी, कविता, चित्रों, पहेलियों, चुटकुलों और अन्य मनोरंजक जानकारियों को भी नए तरीके से पेश किया गया है। हमने निर्णय लिया है कि स्कूल की पत्रिका में इस सामग्री को डाला जाएगा और इन सभी बच्चों को उसके सम्पादन मंडल में शामिल किया जाएगा।' यह सुनकर सरगुन के साथ ही पूरा ग्रुप उछल पड़ा। इस समय सबसे भावुक गौरी थी। वह तुरंत उठकर सरगुन के पास गई और उसके गले लगते हुए बोली, 'सरगुन, अगर तुम मेरी मदद नहीं करतीं तो मैं मदद का मूल्य कैसे जान पाती? अब मैं कभी भी किसी का मजाक नहीं उड़ाऊंगी, हर किसी की मदद करूंगी।' सरगुन गौरी के हाथ में हाथ डालकर बोली, 'गौरी अभी तो स्कूल मैगजीन को ऊंचाइयों पर ले जाना है और तुम्हारे बनाए सुंदर चित्रों के बिना यह मुश्किल है।' इसके बाद पूरा ग्रुप एकसाथ अपनी जीत की खुशी मनाने लगा ।



BRIEF NEWS

### पत्रकार को मातृशोक



**KANKE :** प्रखंड क्षेत्र से दैनिक अखबार प्रभात खबर के संवाददाता गुलाम रब्बानी की मां मेहरून निशा (80वर्ष) का निधन शुक्रवार की देर रात हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहीं थीं। शनिवार की शाम पतरा टोली कब्रिस्तान, कांके में उनको सुपुर्दे खाक कर दिया गया। उनके जनाजे में बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग सम्मिलित हुए। उनके निधन पर झारखंड आंचलिक पत्रकार संघ के पदाधिकारियों और सदस्यों ने गहरा शोक व्यक्त किया है।

### पुंदाग स्थित एक फ्लैट में युवती ने की आत्महत्या प्रेमी सहित दो हिरासत में

**RANCHI :** पुंदाग ओपी क्षेत्र स्थित एकलव्य टॉवर ब्लॉक ए के फ्लैट नंबर 304 में एक युवती ने शुक्रवार देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। युवती जमशेदपुर की रहने वाली बतायी जा रही है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं युवती के कथित प्रेमी सहित दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने युवती के परिजनों को सूचना दे दी है। परिजन जमशेदपुर से रांची आ गये हैं। परिजनों के बयान पर पुलिस आगे की कार्रवाई करेगी।

### रांची पुलिस सड़कों पर दुकान लगाने वालों के खिलाफ 20 से चलाएगी अभियान

**RANCHI :** राजधानी में जाम की समस्या से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इस समस्या को दूर करने के लिए रांची पुलिस ने अपील की कोई भी दुकानदार अपनी दुकान का सामान सड़क या फुटपाथ पर न लगायें। ठेले-खोमचे वाले अथवा अन्य स्ट्रीट वेंडर आवागमन को बाधित न करें। सभी नागरिकों से अपील है कि एम्बुलेंस की आवाज सुनने पर उसे आगे जाने के लिए रास्ता दें। पुलिस का कहना है कि आपका यह कदम कई लोगों की जान बचा सकता है। शहर में वाहनों को यत्र-तत्र ना लगाएं। आम जनता और दुकानदारों के द्वारा इस आदेश को मानना होगा। पुलिस का कहना है कि इसे लागू कराने के लिए बीस सितंबर से पूरे शहर में विशेष अभियान चलाया जाएगा। लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसके बाद भी लोग और दुकानदार नहीं मानेंगे तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### रांची में 30 सितंबर से चंपा देवी टेबल टेनिस प्रतियोगिता

**RANCHI :** स्व चंपा देवी झारखंड (तीसरा) स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप 2023 का आयोजन रांची में होगा। जेके इंटरनेशनल स्कूल, अगरु (रांची) में इसका आयोजन 30 सितंबर से दो अक्टूबर तक होगा। रांची जिले के टेबल टेनिस प्लेयर्स इसमें शामिल हो सकते हैं। इसके लिए 23 सितंबर की शाम पांच बजे तक इच्छुक प्लेयर्स रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। रांची जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन (आरडीटीटीए ) के सचिव सुदिप्त मुखर्जी के पास इसके लिए संपर्क (फोन नं-9431584636) किया जा सकता है। ई-मेल के जरिये भी इसका लाभ उठा सकते हैं। इस चैंपियनशिप में अलग-अलग आयु वर्ग के इवेंट्स होंगे।


atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776


# जेल में बंद डब्लू कुजूर के RIFLE & SIXER जब्त, LICENCE भी रद्द

## जमीन कारोबारी कमल भूषण और अकाउटेंट संजय की हत्या का है आरोप



हथियार जब्त करने की कार्रवाई करती पुलिस ● फोटोन न्यूज



पुलिस द्वारा जब्त किया गया राइफल और सिक्सर।

**CRIME REPORTER RANCHI :** सुखदेव नगर पुलिस ने जमीन कारोबारी कमल भूषण और अकाउटेंट संजय की हत्या के आरोपी डब्लू कुजूर का लाइसेंसी रायफल और सिक्सर जब्त कर लिया है। दोनों हथियार को बिहार गन हाउस में जमा करा दिया गया है। पुलिस का कहना है कि डब्लू कुजूर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। कमल भूषण की हत्या 11 करोड़ रुपये के लिए हुई थी। वहीं संजय की हत्या करोड़ों रुपये की जमीन की वजह से हुई थी। दोनों हत्याकांड में पुलिस के पास आरोपी डब्लू कुजूर के खिलाफ कई साक्ष्य है। पुलिस का कहना है कि साक्ष्य के आधार पर पुलिस डब्लू कुजूर को सजा दिलाने का प्रयास करेगी। पुलिस के द्वारा डब्लू कुजूर का लाइसेंस भी रद्द कर दिया गया है। रांची पुलिस ने 107 अपराधियों को चिन्हित किया है। जो जेल से बाहर है उनका जमानत रद्द कराया जाएगा। जिनके पास हथियार है वह जब्त किया जाएगा। इसके अलावा जो जेल में बंद हैं उनपर सीसीए के तहत कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा अवैध हथियार के खिलाफ भी पुलिस विशेष अभियान चलाएगी। राजधानी में ज्यादातर हत्याएं अवैध हथियार से होती है।

## PCR और टाइगर जवान हमेशा अलर्ट मोड में रहे : सिटी एसपी

### सूचना मिलते ही तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे जवान



पुलिसकर्मियों को ब्रीफिंग करते रांची के सिटी एसपी राजकुमार मेहता।

**CRIME REPORTER RANCHI :** सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने शनिवार को पीसीआर और टाइगर जवानों को रांची के पुलिस लाइन में कई दिशा-निर्देश दिये। एसपी ने जवानों को हमेश अलर्ट रहने का निर्देश दिया। साथ ही महिलाओं और बच्चों की सूचना मिलते ही तुरंत घटनास्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया। उन्होंने जवानों को अपनी डियुटी ईमानदारी पूर्वक करने और अपरराधियों को कंट्रोल में करने के भी तरीके बताये। सिटी एसपी ने बताया कि हाल के दिनों में पुलिसकर्मियों की ओर से आम लोगों के साथ अभद्र व्यवहार की कई शिकायतें आई हैं। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मियों पब्लिक के साथ अपना व्यवहार ठीक रखें। अगर गलत व्यवहार और गलत तरीके से बात करने की शिकायत मिलती है तो जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि किसी भी संकट की स्थिति में लोग 100 और 112 पर कॉल करते है। सभी पीसीआर और टाइगर जवानों को निर्देश दिया गया है कि जानकारी के आधार पर तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर कार्रवाई करें।

### कांके गोलीकांड : कारोबारी ने दिया बयान

## पार्टनर चितरंजन, कृष्णा व पंकज पर एफआईआर दर्ज

**CRIME REPORTER RANCHI :** कांके ब्लॉक गेट के सामने हुए गोलीकांड में घायल जमीन कारोबारी अवधेश यादव गुरुवार को गंभीर रूप से जख्मी हो गये थे। ऑपरेशन के पूर्व उनसे लिये गये बयान के आधार पर कांके थाना में अवधेश यादव के पार्टनर चित्तरंजन कुमार (शुक्ला कॉलोनी, डोरंडा तथा मूल रूप से शेखपुरा निवासी), पिठोरिया निवासी कृष्णा नायक तथा चितरंजन के स्टाफ पंकज कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है। तीनों अभी फरार है। पुलिस उनके ठिकाने पर छापेमारी कर रही है। इधर, इस संबंध में एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा का कहना है कि अनुसंधान जारी है। मामले में शीघ्र सफलता मिलेगी। चिकित्सकों के अनुसार अवधेश की हालत स्थिर है। हालांकि अभी उन्हें खतरे से बाहर नहीं कहा जा सकता। गोली लगने से अवधेश के फेफड़े को क्षति पहुंची है।

**चित्तरंजन ने सेवानिवृत्त दारोगा सहित कई लोगों से की है ठगी :** पुलिस के अनुसार अवधेश ने अपने बयान में गोली मरवाने का आरोप अपने पुराने पार्टनर चित्तरंजन कुमार पर लगाया है. चित्तरंजन ने सेवानिवृत दारोगा सहित कई लोगों से ठगी की है। उसने सेवानिवृत्त दारोगा ललन सिंह से आठ डिसमिल जमीन के नाम पर 35 लाख रुपये लिये थे। वह जमीन अरसंडे निवासी आशुतोष सिंह के नाम से था। लेकिन उसने केवल चार डिसमिल जमीन की रजिस्ट्री की और बाकी जमीन की रजिस्ट्री कराने के लिए कहने पर धमकी देने लगा। इस संबंध में कांके थाना में सेवानिवृत्त दारोगा ललन सिंह ने 19 अगस्त को कांके थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

### अवधेश का चित्तरंजन से पूर्व में भी हो चुका है विवाद

अवधेश ने पुलिस को बताया कि वह चितरंजन के कई राज जानता है। इस बात को लेकर कई बार चितरंजन से उसका विवाद भी हो चुका है। अब अवधेश अपना काम करता है। पुराना विवाद व राज खुल जाने के डर से चित्तरंजन ने अवधेश पर गोली चलवायी है। चित्तरंजन मूल रूप से शेखपुरा का रहने वाला है। शेखपुरा पुलिस भी उसके ठिकाने पर छापामारी करने गयी थी. पुलिस के अनुसार चित्तरंजन पर जगतपुरम कॉलोनी, भिट्ठा, चौड़ी बस्ती, एदलहातू आदि जगहों में रैयतों को डरा-धमका कर जमीन पर जबरन कब्जा करने के कई आरोप हैं। जमीन कब्जा के लिए उसने दर्जनों लोगों का गुट बना कर रखा है।

## आदेश का अनुपालन नहीं होने पर नगर आयुक्त को HC में हाजिर होने का आदेश



**SPECIAL REPORTER RANCHI :** रांची नगर निगम (आरएमसी) में फोर्थ ग्रेड में नियुक्त कर्मियों के थर्ड ग्रेड में प्रमोशन से संबंधित अवमानना याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में शनिवार को हुई। कोर्ट ने पूर्व के आदेश का अनुपालन नहीं करने पर नाराजगी जताई। साथ ही नगर आयुक्त को अगली सुनवाई 6 अक्टूबर को कोर्ट में सशरीर हाजिर होने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मौखिक कहा कि रांची नगर निगम द्वारा इस मामले न तो अपना पक्ष रखा गया और न हीं आदेश का अनुपालन किया गया। रांची नगर निगम की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर कोर्ट को बताया गया कि प्रार्थी को फोर्थ ग्रेड से थर्ड ग्रेड में प्रोन्नति देने के संबंध में रांची नगर निगम का कोई प्रोविजन नहीं है, इसलिए उनका आवेदन खारिज किया जाता है। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक की कोर्ट ने मामले की सुनवाई की। पिछली सुनवाई में कोर्ट में नगर विकास विभाग के शपथ पत्र की आलोक में निगम आयुक्त, रांची नगर निगम को निर्देश दिया कि वह 3 सप्ताह में रांची नगर नगर निगम के फोर्थ ग्रेड कर्मियों के थर्ड ग्रेड में प्रमोशन पर निर्णय लें। सरकार की ओर से पिछली सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि नगर विकास विभाग ने 29 जुलाई 2022 को एक निर्णय लिया था। इस निर्णय में नगर विकास विभाग ने कहा था कि चुकी रांची नगर निगम के फोर्थ ग्रेड के कर्मियों के प्रमोशन के संबंध में रांची नगर निगम ने 10 दिसंबर 2007 में ही अपने स्थापना समिति की बैठक में निर्णय ले लिया था। इसके बाद झारखंड म्युनिसिपल सर्विस कैडर रूल 2014 आई है। यह प्रमोशन का मामला उक्त नियमावली आने के पहले का है। इसलिए फोर्थ ग्रेड कर्मियों के थर्ड ग्रेड में प्रोन्नति के संबंध में निर्णय लेने के लिए रांची नगर निगम स्वयं जिम्मेदार है एवं सक्षम प्राधिकार है।

### एक अज्ञात बीमार व्यक्ति की मानवाधिकार संगठन ने की मदद



**ROURKELA :** मालगोदाम में कल्याणी देवी हाई स्कूल के पास शुक्रवार शाम एक अज्ञात व्यक्ति बीमार हालत में दो दिन से सड़क किनारे पड़े हुए थे। सूचना पर मानवाधिकार के ज़िला अध्यक्ष मोहम्मद परवेज व उनकी टीम ने मदद की। असहाय व्यक्ति को एम्बुलेंस बुलाकर सड़क के किनारे से उठा कर आरजीएचए ले जाया गया। संगठन ने उसका इलाज कराया। मोहम्मद परवेज ने कहा कि मरीज की परिजनों का पता लगाया जा रहा है, ताकि परिवार से मिलाया जा सके। अगर उनके परिजनों का पता नहीं चला तो उनको शांति निकेतन में शिफ्ट करा दिया जाएगा। इस दौरान साबित्री साहू,नमिता राउत, परवेज आलम, पंकज नायक, विकास कुमार भोई, संतोष राउत, विजयनंदा सुंदर राय, सरिता स्वाइन, सर्वेंद्र पांडे, मानसी सरकार, तस्लीम आलम, आदि उपस्थित थे।

## नगड़ी लोहरा जाति के छात्रों को ससमय जाति प्रमाण-पत्र निर्गत करे अंचलाधिकारी : ढुमा तिर्की



जुलूस निकालकर विरोध-पदर्शन करता लोहरा समाज ● फोटोन न्यूज

**PHOTON NEWS RANCHI :** रांची के नगड़ी में लोहरा जाति के सभी छात्रों को लोहरा अनु.जन जाति का जाति प्रमाण-पत्र निर्गत हो इस मांग को लेकर आदिवासी लोहरा समाज (सामाजिक संगठन) प्रखंड समिति नगड़ी के नेतृत्व में कार्यकारी अध्यक्ष सुमन लोहरा के अध्यक्षता में एकदिवसीय प्रदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगड़ी प्रखण्ड अध्यक्ष-विजय कच्छप ने बताया कि अंचल कार्यालय नगड़ी से लोहरा जाति प्रमाण-पत्र निर्गत हेतु अंचल कार्यालय नगड़ी का कार्यालय आदेश ज्ञापन संख्या-482(II) दिनांक-15.04.2023 के अनुसार ग्रामसभा से अनुमोदन के उपरांत लोहरा जाति प्रमाण-पत्र निर्गत करना सुनिश्चित किया गया है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित आदिवासी लोहरा समाज सामाजिक संगठन (केन्द्रीय अध्यक्ष) ढुमा तिर्की ने बताया कि झारखंड सरकार के कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के पत्रांक संख्या 7/जाति दिनांक 19-08/04 का 355 दिनांक-19/01/2006 के आदेशानुसार झारखंड राज्य के दक्षिणी छोटानागपुर के रांची, खूंटी, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा जिला के लोहरा अनुसूचित जन जाति) के खतियान में ही जाति, कौम-लोहार दर्ज पाये जाते हैं। लोहरा जाति प्रमाण-पत्र निर्गत हेतू आवेदन द्वारा प्रस्तुत खतियान, गोत्र, रहन-सहन, छठी-नामांकरण, कर्ण-छेदन, शादी-विवाह, मरण-संस्कार, पेशा के संबंधित तथ्यो का जांच कर ग्रामसभा के आलोक में लोहरा जाति प्रमाण-पत्र निर्गत करना सुनिश्चित करें।

## युवा व्यापारी ने लगाई नदी में छलांग, हो रही तलाश



कारोबारी के छलांग लगाने केद ब्राह्मणी पुल पर जुटी भीड़।

**PHOTON NEWS ROURKELA :** रघुनाथपाली थाना अंर्तगत शुक्रवार की शाम एक युवक ने पुराने ब्राह्मणी पुल से युवक ने नदी में छलांग लगा लिया। नदी में छलांग लगाते ही युवक बहने लगा। युवक की पहचान बसंती कालोनी अंचल निवासी युवा व्यापारी विजय गुप्ता(38) के रूप में हुई है। विजय गुप्ता ने ब्राह्मणी ब्रीज पर अपनी गाड़ी खड़ी कर नदी में कूद गया। युवक को नदी में कूदते ही राहगीरों की भीड़ लग गई और देखते ही देखते जाम जैसी स्थिती बन गई। इस घटना की सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस मौके पर भीड़ और जाम हटाने के साथ ही लापता युवक का तलाश में जुट गई। शनिवार को भी अग्नि विभाग के द्वारा युवक का खोजने का सिलसिला जारी रहा।

### जंगल अधिकार कानून को लेकर बैठक आयोजित



**ROURKELA :** बामडा प्रखंड के राबगा पंचायत मझापड़ा गांव में लोकमुक्ति संगठन का जंगल अधिकार कानून को लेकर अहम बैठक शनिवार को आयोजित हुई। जंगल अधिकार कानून, नए संशोधित जंगल संरक्षण कानून, पेसा कानून और भारत सरकार के आदिवासी मंत्रालय द्वारा जारी नियमों पर चर्चा हुई। बैठक में प्रखंड के सभी जंगल ग्राम में जंगल अधिकार कानून को लागू करने को लोकमुक्ति संगठन द्वारा व्यापक कार्यक्रम चलाए जाने को लेकर निर्णय लिया गया। अक्टूबर 1-2 को मझापडा में दो दिवसीय जंगल अधिकार कानून पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में सलाहकार अनंत पंडा, मुख्य संयोजक उमाकांत नायक, संयोजक जिनिथ समद समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## गणेश पूजा की तैयारी शुरू, बनेगा भव्य पंडाल



**PHOTON NEWS ROURKELA :** राउरकेला में गणेश पूजा को लेकर उत्सवी माहौल है। विभिन्न गणेश पूजा समितियां के द्वारा बड़ी उल्लास के साथ पूजा करने की तैयारी चल रही है। कारीगर गजानन की मूर्ति बनाने में जुटे हुए हैं। स्थानीय कारीगरों के अलावा दूसरे राज्यों से भी कारीगर आकर मूर्तियां बनाने के काम में लगे हैं। शहर में 100 से ज्यादा छोटे-बड़े पंडालों में गणेश पूजन किया जा रहा है, वहीं 10 स्थानों पर भव्य पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। इस पंडाल में एक सप्ताह तक पूजा पंडाल रखने का निर्णय लिया गया है। लोगों को आकर्षित करने के लिए विभिन्न प्रकार मीना बाजार और मेले में विभिन्न तरह के झूला लगाया जा रहा है।

### पर्युषण महापर्व में जैन संतों ने कराया स्वाध्याय



**ROURKELA :** बसंती कालोनी स्थित तेरापंथ भवन में उपासक इंद्राज मल नाहटा एवं प्रकाश सुराणा के सानिध्य में पर्युषण महापर्व का तृतीय दिवस सामायिक दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उपासक की गीतिका से हुई। उपासक ने दस मिनट का स्वाध्याय कराया जिसमें चौबीसी की ढाल प्रस्तुत की जिसे सुनते ही सब आत्मविभोर हो गए और मन में एकाग्रता आ गई। उपासक ने छोटे से प्रसंग के द्वारा बताया पूर्णिया श्रावक की सामायिक सबसे अनमोल है जिसे हम कभी भी नहीं खरीद सकते अंत में वंदना पाठ और त्रिपदी वंदना के द्वारा सामायिक को संपन्न किया गया। मंगल पाठ और जय घोष के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### आरएमसी ने 15 दुकान व तीन मकान किया ध्वस्त



**ROURKELA :** गैरकानूनी निर्माण के खिलाफ राउरकेला नगर निगम की कार्रवाई शनिवार को जारी रही। शनिवार को आरएमसी ने कोर्ट के आदेश के बल पर शहर के मुख्य मार्ग पर इंदिरा टेक्सटाईल के सामने स्थित 15 दुकान व 3 मकानों को ढ़हा दिया। यहां पर निर्मल सिंह नामक व्यक्ति के जमीन पर यह दुकान व मकान बने हुए थे। कुछ साल पहले नगर निगम ने जांच में पाया कि नाले के ऊपर दुकान व मकान बनने के कारण पानी निकासी की समस्या हो रही है। केवल इतना ही नहीं यह दुकान व मकान काफी पुराने हो चुके है। जो कि कभी भी गिर सकते है। इसके कारण आरएमसी ने दुकान व मकान में रहने वाले को खाली करने का नोटिस दिया था। आरएमसी के नोटिस के खिलाफ दुकान व मकान में रहने वाले लोग कोर्ट की शरण में गए थे। लेकिन कोर्ट से भी उन्हें राहत नहीं मिली तथा कोर्ट ने आरएमसी के पक्ष में अपना फैसला सुनाया था। जिसके बाद शुक्रवार दुकान व मकान को खाली करा दिया गया। जबकि शनिवार को जेसीबी लगाकर दुकान व मकान तोड़ डाले गए। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे।

### तलवार और लाठी डंडा से हुआ हमला, दोनों पक्षों ने थाने में दर्ज कराई लिखित शिकायत

# लालपुर में जमीन विवाद पर हिसंक झड़प, कई घायल



झड़प के बाद घटनास्थल पर जुटी भीड़ ● फोटोन न्यूज

**CRIME REPORTER RANCHI :** लालपुर थाना क्षेत्र स्थित अहीर टोली में शनिवार को जमीन विवाद में हिसंक झड़प की घटना हुई। दोनों पक्षों के लोगों ने थाना में लिखित शिकायत किया है। एक पक्ष के उमेश कुमार का आरोप है कि वह अपने भाइयो के साथ घर में काम करा रहे थे। तभी पड़ोस में रहने वाले प्रकाश यादव, चिंता देवी और अन्य लोग उनके घर के अंदर आ गए और काम को बंद कराने लगे। उमेश ने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने पूरे परिवार के लोगों तलवार, लाठी और डंडा से वार करने लगे। उमेश कुमार के अलावा कई लोगों को गंभीर चोट लगी है। वहीं चिंता देवी ने अपने आवेदन में कहा है कि घर में सिर्फ महिलाएं थी। उसी वक्त मनोज यादव समेत कई लोग उसके घर आएं और गाली गलौज करने लगे। चिंता देवी ने गाली गलौज करने से मना किया तो आरोपितों ने तलवार, लाठी और डंडा से वार कर घर की सभी महिलाओं को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया। कुछ लोग बीच बचाव करने आएं लेकिन आरोपियों ने उनपर भी हमला कर दिया। दोनों पक्ष के लोगों के द्वारा बीस सड़क पर मारपीट की घटना को अंजाम दिया जा रहा था। पूरे मोहल्ले में तनाव की स्थिति हो गई थी। मोहल्ले में रहने वाले ज्यादातर लोग दूर खड़ा होकर तमाशा देख रहे थे।

## एसएसपी का आदेश बेअसर, पुलिसकर्मी खुलेआम कर रहें ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन



तस्वीर रांची के गुदड़ी बाजार के पास की है, जहां पुलिसकर्मी बिना हेलमेट पहने बाइक चलाते दिख रहे हैं।

**CRIME REPORTER RANCHI :** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश के बावजूद राजधानी में कई पुलिसकर्मी खुलेआम ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। शनिवार को गुदड़ी बाजार के पास एक बाइक पर बैठे दो पुलिसकर्मी बिना हेलमेट पहने बाइक चलाते देखे गये। शुक्रवार को एसएसपी ने ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वाले पुलिसकर्मियों के लिए अलग से आदेश जारी किया है। आदेश में कहा गया है कि पुलिसकर्मियों द्वारा ट्रैफिक नियमों का अनुपालन नहीं किया जाता है, तो यातायात नियमों के अनुसार जुर्माना के अलावा दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई भी की जाएगी।

# सिपाही अर्चना सुसाइड कांड मामला

## यूडी केस दर्ज, मृतका की मां ने मेजर पर लगाए गंभीर आरोप

**समस्तीपुर ।** सिपाही अर्चना सुसाइड मामले में शुक्रवार देर शाम नगर पुलिस ने सिपाही की मां बच्ची देवी के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली है। पुलिस ने मामले में यूडी केस दर्ज किया है। हालांकि सिपाही की मां द्वारा थाने में दिए गए आवेदन में पुलिस लाइन के प्रभारी मेजर नयन कुमार पर लगाए गए गंभीर आरोप को देखते हुए एसपी विनय तिवारी ने मामले की जांच के लिए सात सदस्यीय जांच टीम का गठन किया है। जांच डीएम में तीन डीएसपी के अलावा दो-दो इंस्पेक्टर व दारोगा को सदस्य बनाया गया है। इस टीम में दरभंगा के सदर डीएसपी को भी शामिल किया गया है। ताकि मामले का निष्पक्ष रूप से जांच हो सके। एसपी विनय तिवारी ने इस घटना के पूरे मामले पर शुक्रवार देर शाम पत्रकारों के सामने पुलिस का पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि जून महीने में आवास कमेटी ने सिपाही अर्चना को आवेदन के आधार पर 13 जून को जी- 3 आवास आवंटित किया गया था। लेकिन दो दिनों के बाद अर्चना का आवेदन आया कि उस आवास में वह नहीं जाना चाह रहे हैं। इस लिए आवंटर में स्थगित कर दिया गया। बाद में 3 जुलाई को अर्चना का पति सिपाही सुमन कुमार एफ- 3 आवास का ताला तोड़ कर प्रवेश कर गया। 5 जुलाई को जीपी प्रभारी की रिपोर्ट आयी तो सुमन कुमार को मकान खाली करने को कहा गया तो वह मकान खाली नहीं किया। जिसके बाद उसे निलंबित कर दिया गया। निलंबन के दौरान उसे सरकारी प्रवधानों के तहत जीवन यापन भत्ता मिल रहा था। एसपी ने बताया कि बिना आवंटित मकान में



रखने के कारण जुलाई से सितंबर महीने तक सिपाही सुमन को पांच बार नोटिस भेजी गई लेकिन उसने मकान खाली नहीं किया। इस दौरान पुलिस लाइन में बुलाकर उससे कड़ाई से हिदायत दी गई थी। बाद में 12 सितंबर को सुमन ने अधिकृत मकान खाली किया। 13 सितंबर को सुसाइड का मामला आ गया। एसपी ने सुसाइड नोट में बाथरुम को लेकर उठाए सवाल के जवाब में कहा की एक दिन पूर्व ही जब वह पुराने आवंटित मकान में आयी थी तो बार-बार बच्ची बाथरुम की परेशानी की बात कैसे कह रही है। हालांकि भास्कर टीम शुक्रवार को मौके पर पहुंची थी पुलिस लाइन में उनके पड़ोसी का कहना था कि वह करीब एक सप्ताह पूर्व इस क्वार्टर में आयी थीं। मकान को लेकर परेशान थी। एसपी ने बताया कि सुमन व अर्चना ने मकान बनाने के लिए 20 लाख रुपए का लोन ले रखा था। दोनों सिपाही के अकाउंट की जांच की गई अगस्त महीने तक लोन की इएमआई जमा की गई है। आर्थिक परेशानी जैसे कोई स्थिति नहीं थी। अर्चना को फूल वेतन और सुमन को जीवन यापन के लिए आधा वेतन मिल रहा था। अगस्त महीने तक का वेतन उसके अकाउंट में गया हुआ है। वेतन बंद होने का आरोप गलत है। एसपी ने कहा कि सिपाही सुमन ने मेजर पर मिठाई व रुपए को लेकर आरोप लगाया है। सुमन के इस आरोपों की जांच की जाएगी। जांच में अगर बात सही साबित होती है तो इस मामले में दोषी पर कार्रवाई होगी। चुकी सुमन में मीडिया में भी इसको लेकर बयान दिया है। एसपी ने कहा कि सुमन में जनवरी महीने में हॉक्स टीम में शामिल करते हुए ताजपुर भेजा गया था। जहां उसके संबंध शराब कारोबारी से हो गए थे। रिपोर्ट के आधार पर उसे ताजपुर से हटाते हुए कल्याणपुर रिजर्व फोर्स में तैनात किया गया था। एसपी ने बताया कि अर्चना को कंट्रोल रूम में ड्यूटी थी। अर्चना पर आज तक कोई आरोप नहीं था। सुसाइड की शाम 3 से 6 बजे के बीच अर्चना से मिलने वाला आखिरी व्यक्ति अर्चना का पति सुमन था। अर्चना ने सुसाइड नोट लिखने के बाद अपने देवर को जानकारी दी थी। जिसके बाद देवर ने पुलिस से संपर्क साधा था। कंट्रोल रूप में अकेले उसकी ड्यूटी थी। कमरा अंदर से बंद था। किवाउ. के ऊपर शीशा तोड़कर देखा गया था वह मृत पड़ी थी।

## युवक के सिर में मारा



**छपरा ।** एक युवक को चाकू घोंपकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया है। उसे इलाज के लिए छपरा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। स्थिति को गंभीर देखते हुए पटना रेफर कर दिया गया है। घटना भगवान बाजार थाना क्षेत्र के उमानाथ मंदिर के पास की है। घायल युवक की पहचान भगवान बाजार थाना क्षेत्र के नई बाजार निवासी समीर खान (25) के रूप में हुई है। घटना के कारणों की स्पष्ट जानकारी नहीं हो सकी है, लेकिन प्रेस प्रसंग में उत्पन्न विवाद में चाकूबाजी की घटना बताई जा रही है। चाकू लगने के बाद घटनास्थल पर मौजूद लोग इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। घायल समीर ने बताया कि देर शाम मैं अपने भाई को लेने गया था। भाई को लेकर आने के समय कुछ लोग गुट बनाकर उमानाथ मंदिर के पास खड़े थे। मेरी गाड़ी घुमाने के दौरान पीछे से लोगों ने हमला कर दिया। मेरे सिर पर चाकू लग गई। भीड़ में एक युवक द्वारा देसी कट्टा निकालकर मुझे डराने की कोशिश की गई। गुट बनाए युवकों में से किसी को नहीं पहचानता हूं। घायल होने के बाद शोर मचाने पर पहुंचे लोगों ने सदर अस्पताल में मुझे इलाज के लिए भर्ती कराया है। भगवान बाजार थानाध्यक्ष रंजीत कुमार ने बताया कि देर शाम युवकों के विवाद में चाकूबाजी का मामला सामने आया है। पुलिस जांच में जुटी है। घटना नगर थाना और भगवान बाजार थाना क्षेत्र के सीमावर्ती जगह पर हुई है। दोनों थाना की पुलिस जांच में जुटी हुई है।

# भोजपुर में मिठाई दुकानदार पर फायरिंग करने वाला गिरफ्तार





भोजपुर । गड़हनी थाने की पुलिस ने मिठाई दुकानदार से रंगदारी मांगने वाले एक कुख्यात अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। गड़हनी स्थित पशु मेले के पास से उसे गिरफ्तार किया गया है। वह चरपोखरी थाना क्षेत्र के सेमरांव गांव निवासी लाल बिहारी सिंह का पुत्र सोनू कुमार यादव है। पकड़े गए अपराधी का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। जहां गड़हनी बाजार स्थित एक मिठाई दुकान में घुसकर दुकान के स्टाफ को मालिक से फोन करवाकर रंगदारी की मांग करवा रहा है उसके बाद पिस्टल दिखाकर सरेआम धमकी दे रहा है । उसके पास से एक देसी कट्टा, दो गोली, एक बाइक और एक मोबाइल बरामद किया गया है। वह गड़हनी और चरपोखरी थाने में पूर्व में दर्ज हत्या के मामलों में भी आरोपित रहा है। इसकी जानकारी एसपी प्रमोद कुमार यादव द्वारा दी गई। एसपी बताया कि अरवल जिले के कौदराबाद गांव निवासी जज प्रसाद की गड़हनी बाजार पर पंकज स्वीट्स नाम से मिठाई की दुकान है। बीते 25 अगस्त को अपराधी सोनू कुमार यादव उनकी दुकान में गया और हथियार के बल पर रंगदारी की मांग की। तब उसके द्वारा मिठाई दुकानदार को जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। उसका वीडियो भी सामने आया था। उस मामले में दुकानदार के बयान पर गड़हनी थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। तब उसकी गिरफ्तारी को लेकर सहायक पुलिस अधीक्षक चंद्रप्रकाश के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। हालांकि उस घटना के बाद वह फरार हो गया था। टीम को सूचना मिली कि वह गांव आया है और किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में गड़हनी पशु मेला के पास खड़ा है। उस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए गड़हनी थानाध्यक्ष प्रियंका गुप्ता द्वारा पुलिस बल के साथ छापेमारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देसी कट्टा, दो गोली, रंगदारी मांगने के समय इस्तेमाल बाइक और मोबाइल बरामद किया गया। हथियार की बरामदगी में उसके खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी है। एसपी ने बताया कि जनवरी 2022 में गड़हनी थाना क्षेत्र के रत्नाढ़ गांव के समीप में मछुआरा टोला निवासी बबन सिंह की हत्या में वह आरोपित है। उसके अलावे चरपोखरी थाना क्षेत्र के काउप गांव में 2021 बारात में नाच प्रोग्राम के दौरान दो लोगों को गोली मारने में भी उसका नाम आया था।

### संक्षिप्त डायरी

## भोजपुर में पंखे से लटका मिला महिला का शवबच्चे की तबियत खराब होने पर सास ने डाटा

भोजपुर। जिले के चौरी थाना क्षेत्र के बाबूबांध गांव में शुक्रवार शाम एक महिला का शव पंखे से लटका मिला। घटना की सूचना मिलते ही गांव में सनसनी मच गई है। सके बाद ससुराल वालों द्वारा इसकी सूचना चौरी थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही चौरी थाना इंचार्ज कुमार रजनीकांत पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव कब्जे में लेकर उसका पोस्टमार्टम सदस्य अस्पताल में करवाया। जानकारी के अनुसार मृतका चौरी थाना क्षेत्र के बाबुबांध गांव निवासी चंदन चौधरी की 25 वषीर्या पत्नी सरोजा कुमारी है। इधर,अजीमाबाद थाना क्षेत्र के करवासीन गांव निवासी व मृतका के पिता मनोज कुमार ने बताया कि उसकी सास एवं देवर बराबर उसके साथ मारपीट किया करते थे। जिसको लेकर उसने फोन कर उनसे कहा कि अगर आप मुझे मायके नहीं ले जाएंगे तो मैं फांसी लगा लूंगी। जिसके बाद परिजन उसके ससुराल गए और उसे मायके ले आए। चार दिन पूर्व फिर अपने ससुराल चली गई। गुरुवार के शाम उसने फोन कर अपने परिवार वालों से बात भी की थी। बातचीत के दौरान उसने बताया था कि मैं अब ठीक से हूं। इसी बीच शुक्रवार की देर शाम वहां के स्थानीय ग्रामीण द्वारा फोन कर सूचना दी गई के उनकी बेटी ने फांसी लगा लिया है। सूचना पाकर परिजन ससुराल पहुंचे। वहीं दूसरी ओर मृतका के पिता मनोज कुमार ने के देवर कुंदन कुमार पर फांसी लगाकर मरने की आशंका जताई है। वहीं दूसरी ओर मृतका के भैसुर मुन्ना कुमार ने बताया कि वह चार दिन पूर्व अपने मायके से लौटी थी और उसके बच्चों का तबीयत खराब था। जिसको लेकर उसकी सास और देवर ने कहा कि तुम जब भी मायके जाती हो तभी तुम्हारे बच्चे का तबीयत खराब हो जाती है। इसके बाद उसकी सास और उसका देवर कुंदन उसके बच्चे को इलाज करने के लिए डॉक्टर के पास ले गया गए। इसी बीच उसने फंखे की कुंडी से लटक कर खुद से फांसी लगा ली। हालांकि उसने खुद से फांसी लगाई है या किसी ने लगाया है। इसका कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। जबकि पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतका की मौत फांसी लगने के कारण मृत्यु होना प्रतीत होता है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण पूरी तरह स्पष्ट हो पाएगा। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि मृतका का पति गुजरात के बड़ोदरा में प्राइवेट कंपनी में काम करता है। मृतक अपने दो भाई व दो बहन में बड़ी थी। मृतक की शादी वर्ष 2019 में 20 मई को हुई थी और उसे एक 6 महीने का बेटा है। घटना के बाद मृतक आकर के घर में कोहराम मच गया है। घटी इस घटना के बाद मृतक की मां एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## अररिया में सात साल की बच्ची से रेप

**अररिया ।** रानीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार को सात साल की मासूम बच्ची के साथ उसके गांव के ही एक व्यक्ति ने रेप की घटना को अंजाम दिया है। पुलिस ने उसी दिन कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़ित बच्ची की मां के बयान पर रानीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मां ने बताया कि शुक्रवार को घर से थोड़ी दूर ही नदी के बगल में गोबर चुनने गई थी। इसी दौरान गांव के ही सेना आलम के 27 साल के बेटे जुबेर आलम ने बच्ची को बहला फुसलाकर जंगल झाड़ी में ले जाकर जबरन रेप किया। बच्ची की रोने और चिल्लाने की आवाज सुनकर महिला अपनी बेटी को खोजने लगी। आवाज सुनकर ओर जंगल की ओर गई तो देखी कि उनकी बच्ची के साथ दुष्कर्म हो रहा है। पीड़ित बच्ची की मां को उधर आता देख आरोपित वहां से फरार हो गया। दुष्कर्म की घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची। हालात का जायजा लेते हुए आरोपित के घर पर दस्तक दी, लेकिन आरोपित नहीं मिला। बच्ची को लेकर उनकी मां रानीगंज थाना पहुंची। कुछ समय बाद ही एएसआई पूनम कुमारी ने दलबल के साथ आरोपी युवक जुबेर आलम को पकड़ लिया। मामले को लेकर रानीगंज थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि पीड़िता की मां के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# पप्पू यादव-मुकेश सहनी की प्रेशर पॉलिटिक्स

## सहनी बीजेपी संग खेल रहे आरक्षण कार्ड, जाप सुप्रीमो की 5 सीट पर लड़ने की तैयारी









**पटना।** बिहार की राजनीति में फिलहाल जाप सुप्रीमो पप्पू यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी साइड लाइन चल रहे हैं। इन दोनों नेताओं को ना ही NDA और ना I.N.D.I.A गठबंधन में अभी तक कोई भाव मिला है। जाप सुप्रीमो पिछड़ा जाति से तो वहीं मुकेश सहनी अतिपिछड़ा समाज से आते हैं। सूबे में दोनों की जातियों का वोट बैंक मजबूत है। NDA या I.N.D.I.A. दोनों में से किसी गठबंधन में जगह नहीं मिलने पर अब दोनों ही दबाव की राजनीति पर काम कर रहे हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी वीआईपी ने यूपीए गठबंधन के साथ 4 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ा था। चारों सीटों पर वीआईपी हार गई थी। खुद मुकेश सहनी जिस खगड़िया सीट से लड़े थे, वो सीट भी हार गए। 2020 में तेजस्वी यादव ने विधानसभा चुनाव से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इसमें आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने मुकेश सहनी को दी जाने वाली सीटों पर कोई बात नहीं की, नतीजा सहनी बीच प्रेस कॉन्फ्रेंस में ही उठ खड़े हुए। सहनी ने कहा कि अतिपिछड़ा के बेटे की पीठ में खंजर भोंका गया। इसके बाद सहनी एनडीए में चले गए। बीजेपी ने अतिपिछड़ा कार्ड खेला। वीआईपी को 13 सीटें मिलीं और उनकी पार्टी विधानसभा की चार सीट जीत गई। जब सहनी ने यूपी चुनाव में बीजेपी के बड़े नेताओं के खिलाफ बयानबाजी कर यूपी में अपनी ताकत दिखाने की कोशिश की तो बीजेपी ने उन्हें बिहार में आड़े हाथ ले लिया। वीआईपी के चारों विधायकों को बीजेपी ने अपने पास बुला लिया। यही नहीं सहनी को मंत्री पद भी गंवाना पड़ा। अब वे खुद भी एमएलसी नहीं रह गए। गुस्साए सहनी ने कुढ़नी, बोचहां विधानसभा उपचुनाव में उम्मीदवार उतारे और हार के बावजूद लड्डू बांट कर झेंप मिटाई। अब उनके सामने लोकसभा का चुनाव है। बता दें 2019 के लोकसभा चुनाव में सहनी खुद की सीट भी खगड़िया से नहीं बचा पाए थे। वीआईपी ने चार लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ा और हार गई। मुकेश सहनी ने निषाद आरक्षण संकल्प यात्रा निकाली और उसके जरिए वे अपने संगठन की ताकत भी दिखा रहे हैं और इसे और अधिक मजबूत भी बनाने का काम कर रहे हैं। 26 जुलाई से उन्होंने इस यात्रा की शुरूआत की। वाई प्लस की सुरक्षा के बाद यह उम्मीद की जाने लगी कि जल्द ही उन्हें एनडीए में ले आया जाएगा, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हुआ है। वे संकल्प यात्रा के जरिए अपने निषाद समाज को गंगाजल की सौगंध भी दिला रहे हैं कि लोकसभा चुनाव में अपना वोट नहीं बेचेंगे और अपना भविष्य और बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के लिए एकजुट रहेंगे। उनकी मांग है कि निषाद समाज को ओबीसी से हटाकर एससी वर्ग में शामिल किया जाए। अब बात जाप सुप्रीमो पप्पू यादव की करते हैं। पप्पू यादव ने साल 1990 में सिंहेसर स्थान विधानसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में पहली बार विधायक बने। वे पूर्णिया और मधेपुरा से भी निर्दलीय सासंद रहे। बिना किसी राजनीतिक विरासत के पप्पू आगे बढ़ते रहे और अपनी छवि रॉबिनहुड वाली बनाने की कोशिश की। बाहुबली पप्पू की पकड़ पूर्णिया, सहरसा और सुपौल के इलाके में खूब है। उनकी पत्नी रंजीता रंजन एक बार सहरसा और एक बार सुपौल से सांसद रहीं। अभी वह छत्तीसगढ़ से कांग्रेस की तरफ से राज्यसभा की मेंबर हैं। पप्पू यादव ने 2019 में अपनी पार्टी जाप से मधेपुरा से चुनाव लड़े। एक लाख वोट लाया पर चुनाव हार गए। पप्पू यादव ने चार महीने पहले आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद से पटना स्थित राबड़ी देवी के आवास पर मुलाकात की थी। इस दौरान उन्होंने इंडिया गठबंधन में शामिल होने की अपनी इच्छा भी जाहिर की थी। तब पप्पू यादव ने कहा था- गरीबों के मसीहा परम आदरणीय अपने अभिभावक लालू प्रसाद यादव से पटना आवास पर आत्मीय मुलाकात हुई। इस दौरान हमने उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। लालू प्रसाद यादव ने हमें पिता का स्नेह दिया, इससे मैं अभिभूत हूं। इस बार भी उनसे मुलाकात के बाद मेरे अंदर आंतरिक ऊर्जा का संचार हुआ। उम्मीद करता हूं ऐसे ही पुत्रवत स्नेह आगे भी मिलता रहे। इसके बाद यह कयास लगाया जाने लगा था कि पप्पू यादव को इंडिया गठबंधन में जगह मिलेगी, लेकिन अब तक ऐसा नहीं हुआ। पप्पू यादव ने हाल के दिनों में बयान दिया कि सरकार में उनकी हिस्सेदारी हुई तो वे 50 लाख के रोजगार की गारंटी दूंगा नहीं तो बिहार छोड़ दूंगा। 4 सितंबर को उन्होंने यह लोकलुभावन बयान दिया। हर जाति के लोगों को 50 लाख रुपए बिना ब्याज के देंगे। रुपए लौटाने के लिए न्यूनतम एक साल और अधिकतम तीन साल का समय देंगे। एक सवाल के जवाब में पप्पू यादव ने पत्रकारों से यहां तक कह दिया था कि कहिए तो तेजस्वी यादव के भी पैर पकड़ लें। पप्पू यादव ने अपनी ताकत का एहसास भी इंडिया और एनडीए गठबंधन को करा दिया है। दो माह पहले पप्पू यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि अगस्त तक मुझे महागठबंधन में शामिल नहीं किया गया तो मेरी 5 सीटों पर तैयारी होगी। जनता से पूछकर अकेले 3 से 5 सीटों पर चुनाव लड़ूंगा। हाल के दिनों में पप्पू यादव ने यह भी बताया कि पूर्णिया, सहरसा, सुपौल, मधुबनी में उनकी ताकत कैसी है। मुकेश सहनी और पप्पू यादव की राजनीति को लेकर आरजेडी के विधायक और प्रदेश प्रधान महासचिव रणविजय साहू कहते हैं कि पप्पू यादव जमीनी और संघर्षशील नेता हैं। उनकी विचारधारा सामाजिक न्याय की है। वे लालू प्रसाद को नेता मानते हैं। वे संविधान की देश में रक्षा करना चाहते हैं। मुकेश सहनी का समाज भी लालू प्रसाद को अपना नेता मानता है। 1990 में लालू प्रसाद जब मुख्यमंत्री बनें तो जल टैक्स हटाया। कैप्टन निषाद को मुजफ्फरपुर से सांसद बनाया। इस समाज की जो सहानुभूति है वह इंडिया गठबंधन के साथ है। पार्टी की बुनियाद या विचारधारा सामाजिक न्याय वाली है। कहा कि भाजपा को हटाने के लिए हम सभी का साथ लेने के लिए तैयार हैं। यह तेजस्वी यादव भी कई बार बोल चुके हैं। बीजेपी के प्रदेश प्रवक्ता राकेश कुमार सिंह कहते हैं कि पप्पू यादव और मुकेश सहनी न तो इधर के हैं और न ही उधर के। ऐसे लोग बिहार की राजनीति में अप्रासंगिक हो गए हैं। दोनों को कोई न कोई किनारा पकड़ना ही होगा। या तो पक्ष में रहें या विपक्ष में। इन दोनों पर कोई टिप्पणी भी करना उचित नहीं है। दोनों का जब अपना ही कोई भाव नहीं हो उनको कोई क्यों भाव देगा। ये ऐसे लोग हैं जो खुद ही चुनाव नहीं जीत पा रहे हैं। वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी कहते हैं कि वे पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर 4 नवंबर को तय करेंगे कि उन्हें किस गठबंधन का हिस्सा बनना चाहिए। सहनी ने कहा कि 2024 से पहले अगर हमारे समाज को आरक्षण मिलेगा को हम उनके साथ जाएंगे..नहीं तो हम विरोध करेंगे। इससे बिहार, उत्तर प्रदेश और झारखंड में एनडीए को 60 सीटों पर नुकसान पहुंचेगा। जाप सुप्रीमो पप्पू यादव ने कहा कि देखते रहिए और आगे की रणनीति का इंतजार कीजिए। क्षेत्र तो मेरा ही है न...। दो लाख वोट लाने की तो क्षमता है ही। अगल-बगल एक लाख वोट काटने की भी क्षमता है। 40-30-20 हजार वोट में ही न इस बार किसी को जीतना है। इतनी तो क्षमता है ही मेरी। कोई अहंकार में है तो उससे मेरा कोई लेना-देना नहीं है। तय तो जनता करती है। सबको अहंकार रहित होकर काम करना है। उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन से तो मेरी कभी बात ही नहीं हुई तो उस पर क्या बहस करना। हम किसी से भीख मांगने कहां गए? जनता चाहती है कि हम महागठबंधन से चुनाव लड़ें। जिस दिन बिहार को इंडिया पसंद नहीं होगा, हम जनता से पूछेंगे कि क्या करना है। पूर्णिया, मधेपुरा, सुपौल, सहरसा, अररिया जिंदाबाद। क्षेत्र तो मेरा ही है।

# डीएम ने जल जीवन मिशन के तहत की हर घर नल-हर घर जल योजना की समीक्षा



संवाददाता

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के तहत हर घर नल-हर घर जल योजना की समीक्षा बैठक आहूत की गयी। बैठक में जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान वर्तमान की कार्य प्रगति पर गहरी नाराजगी प्रकट करते हुए एनकेजी फर्म के विरूद्ध एफआईआर के निर्देश देने के साथ ही तीनों कम्पनियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाए। उन्होने कहा कि शिथिल प्रगति पर कंपनियां बहाना ना बनाएं, बल्कि कार्य योजना बनाएं की निर्धारित अवधि में लक्षित कार्य कैसे पूर्ण करना है। डॉ0 दिनेश चन्द्र ने 02 वर्ष में जनपद में केवल 09 ओवर हैड टैंक बनने पर कडी नाराजगी व्यक्त करते हुए अक्टूबर माह के अंत तक 65 ओवर हैड टैंक पूर्ण करने का लक्ष्य दिया। उन्होने कहा कि यदि कोई कम्पनी कार्य में शिथिलता बरतेगी तो उसे ब्लैक लिस्ट के लिए शासन को पत्र प्रेषित किया जाएगा। डीएम ने कहा कि हर घर नल-हर घर जल केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनहित में महत्वाकांक्षी एवं शीर्ष प्राथमिकता की योजना है, इस योजना के धरातल पर क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कार्यदायी संस्था आयन एक्सचेंज के पीडी को जमकर फटकार लगाते हुए कार्यशैली में सुधार लाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी देवबन्द श्री अंकुर वर्मा को जल जीवन मिशन के तहत पेयजल परियोजना के निर्माण हेतु सभी स्थलों पर भूमि उपलब्ध कराने के लिए सम्मानित किया गया। इसी के साथ जल जीवन मिशन में अच्छा कार्य करने पर तहसीलदार रामपुर मनिहारान एवं नायब तहसीलदार बेहट को भी सम्मानित किया गया। मुख्य विकास अधिकारी श्री विजय कुमार ने सभी कम्पनियों को कडे निर्देश दिए कि पेयजल योजना के तहत पाईप बिछाने हेतु कहीं पर भी सडक जेसीबी से बेढंग तरीके से तोडी ना जाए। इस हेतु कटर मशीन का प्रयोग किया जाए। साथ ही सडक रैस्टोरेशन के समय उच्च गुणवत्ता एवं मानक के अनुसार ही सामग्री का प्रयोग किया जाए। बैठक में ज्वाईंट मजिस्ट्रेट श्री उत्सव आनन्द, पीडीडीआरडीए श्री प्रणय कृष्ण, अधिशासी अभियन्ता जल निगम श्री अमित कुमार सहित तहसीलदार एवं खण्ड विकास अधिकारी तथा कार्यदायी संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कार्यक्रम तहत कलश में भाजपा नेता ओम प्रकाश ने किया मिट्टी इकट्ठा



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश अभियान के क्रम में भाजपा नेता और समाजसेवी ओमप्रकाश जायसवाल ने पार्टी जनों के साथ नपाप कुशीनगर के वार्ड नम्बर 9 शाह पुर में घर घर जाकर कलश में मिट्टी एकत्र किया। भाजपा नेता श्री जायसवाल ने आजादी के अमर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम देश की आजादी की लड़ाई में अपने प्राण गंवाने वाले अमर शहीदों के नाम है। देश को आजाद कराने वाले अमर शहीदों को याद करते हुए हम सभी कृतज्ञ हैं। दिल्ली में शहीदों की याद में अमृत वाटिका बनाई जा रही है। जिसमें आजादी के सेनानियों को नमन करने के लिए देश के हर घर से मिट्टी कलश में इकट्ठा किया जा रहा है। इस दौरान सेक्टर संयोजक राजू जयसवाल, वॉर्ड संयोजक आजाद यादव, बुद्ध विद्या विहार के प्रधानाचार्य वीरेंद्र सिंह बूथ अध्यक्ष फूल बदन चौरसिया, सुबोद सिंह, द्रगेश मिश्रा, बीरू गौड़ सहित पार्टी कार्यकर्ता उपस्थिति रहे।

## संक्षिप्त डायरी

## डॉ महेंद्र सिंह सैनी को दूसरी बार फिर जिला अध्यक्ष पद की कमान सौंपी



संवाददाता

**देवबंद ।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व द्वारा सहारनपुर जनपद में फिर से डॉक्टर महेंद्र सिंह को जिले की कमान सौंपी है। देवबंद निवासी भाजपा जिला अध्यक्ष महेंद्र सैनी के आवास पर भाजपा कार्यकताओं ने जश्न मनाते हुए मिठाइयां खिलाकर एक दूसरे का मुंह मीठा किया। शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी द्वारा जारी की गई जिला अध्यक्षों की सूची में सहारनपुर से फिर डॉक्टर महेंद्र सैनी को जिला अध्यक्ष की कमान सौंपी गई है। 60 वर्षीय महेंद्र सैनी बतौर देवबंद के निवासी हैं। पूर्व में वह भाजपा में जिला महामंत्री और विधानसभा प्रभारी समेत कई महत्वपूर्ण पदों पर पार्टी में कार्य कर चुके हैं। वर्ष 2022 में भाजपा ने उनके नेतृत्व में ही सहारनपुर जनपद में पांच विधानसभा की सिम जीतकर प्रदेश नेतृत्व को एक नई सौगात दी थी। जैसे ही देवगन में डॉक्टर महेंद्र सैनी को दोबारा से भाजपा जिला अध्यक्ष बनाए जाने की खबर पहुंची तो कार्यकताओं में हर्ष की लहर दौड़ गई। भाजपा के पूर्व सांसद राघव लखनपाल शर्मा, पूर्व जिला उपाध्यक्ष शिवराज सिंह रोड, पूर्व विधायक मामचंद लांबा,राकेश गांगुली, पूर्व जिला मंत्री विपिन भारतीय, नागल मंडल अध्यक्ष पवन त्यागी, समेत सहारनपुर जनपद के कई वरिष्ठ भाजपा नेता जिला अध्यक्ष डॉक्टर महेंद्र सैनी के आवास पर पहुंचे और उन्हें बधाई दी। वही मोहल्ला सनी सराय में भाजपा जिला अध्यक्ष के आवास पर पार्टी कार्यक्रम कार्यकताओं ने ढोल की ताफ पर जमकर जश्न मनाते हुए प्रदेश नेतृत्व का आभार जताया।

## बीओसी कर्मचारी शशिशेखर मिश्र ने दी योजनाओं की जानकारी



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** नगरपालिका परिषद कुशीनगर अंतर्गत वार्ड संख्या 11 विवेकानंद नगर (बनवारीटोला) में श्रम विभाग द्वारा जागरूकता कैम्प आयोजित कर पंजीकृत श्रमिकों को विभाग की चल रही योजनाओं की जानकारी दी। सहायक श्रम आयुक्त विजय प्रताप यादव के निर्देश पर बीओसी कर्मचारी शशिशेखर मिश्र ने जागरूकता कैम्प में श्रमिकों से उत्तर प्रदेश सनिर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की योजनाओं का लाभ लेने के लिएश्रमिक पंजीयन /नवीनीकरण करा लेने की अपील की। श्री मिश्रा ने बताया कि निर्माण श्रमिक सहज केंद्र पर जा कर अपना पंजीयन, मोबाइल नंबर, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, राशन कार्ड आदि लेकर करा सकते है पंजीयन के उपरांत शिशु मातृत्व व बालिका योजना, कन्या विवाह योजना, सन्त रविदास प्रोतसाहन योजना, मृत्यु, दिव्यांगता आदि योजना आदि का लाभ मिलता है। आप सभी लोग अपना पंजीयन जरूर करा लें। इस अवसर पर राजीव मिश्र, अनुज शुक्ल, सतेंद्र नवीन, नंदलाल, अमित, आमिर, अर्जुन, रमेश, राजेन्द्र, विनोद, भुलन, संतोष, अजय, साधु, चंदा आदि लोग उपस्थित रहे।

## कुम्हार बिरादरी और पिछड़े वर्ग के लोगों का 22 सितंबर को जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शन



संवाददाता

**धामपुर ।** राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार प्रजापति ने कहा कि राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ के तत्वधान में पिछड़े वर्ग एवं पिछड़े वर्ग की जातियों एवं प्रजापति समाज के सहयोगी संस्थाओं के द्वारा पिछड़े वर्ग की प्रमुख मांगों को लेकर 22 सितंबर 2023 को सुबह 10 बजे से स्थान जंतर मंतर नई दिल्ली पर धरना प्रदर्शन / जनसभा कर मांग पत्र महामहिम राष्ट्रपति व माननीय प्रधानमंत्री भारत सरकार को देंगे। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सुरेन्द्र कुमार प्रजापति ने उत्तर प्रदेश सहित भारत देश के कुम्हार बिरादरी और पिछड़े वर्ग के लोगों से उक्त मांग को मनमाने के लिए जंतर-मंतर नई दिल्ली के उपरोक्त धरना प्रदर्शन में बढ़ चढ़ कर भाग ले और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दे। उन्होंने धरना प्रदर्शन में समय से पहुंच ने की अपील की। तथा पिछड़े वर्ग की प्रमुख मांगों को लेकर कार्यक्रम में अपनी संस्था का सहयोग या अपना सहयोग करें ।

## इकबाल उर्फ बाला की संभावित बैनामी सम्पत्तियों को खरीदने वाले कर्मचारियों के विरूद्ध होगी नियमानुसार कार्यवाही

संवाददाता

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र को जन सुनवाई के दौरान मिले शिकायती पत्र में जानकारी हुई कि इकबाल उर्फ बाला की कुछ संभावित बैनामी सम्पत्तियों को कुछ व्यक्तियों तथा सरकारी कर्मचारियों की मिली भगत से क्रय-विक्रय किया जा रहा है तथा परिजनों के नाम पर बैनामे कराए जा रहे है। डॉ0 दिनेश चन्द्र ने उक्त प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली के अन्तर्गत प्राविधानों का उल्लंघन करती है। उन्होने इसकी जांच के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर कहा कि उक्त प्रकरणों की जांच किन्हीं वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के पर्यवेक्षण में करवाना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को भी निर्देश दिये गये कि जिन सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा उत्तर प्रदेश सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली के प्राविधानों का उल्लंघन कर भूमि अर्जित की गयी है उसकी जांच आख्या देना सुनिश्चित करें।

## शहीदों की अमृत वाटिका के लिए धुरिया में किया गया मिट्टी संग्रह



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत चल रहे मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के क्रम में कसया तहसील के ग्राम पंचायत धुरिया में ग्राम विजय बहादुर राय और सचिव नीरज कुमार चतुवेर्दी ने कलश में मिट्टी संग्रह करने के कार्यक्रम की शुरूआत की। शनिवार की सुबह गांव के पंचायत भवन परिसर में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत ग्रामप्रधान श्री राय, सचिव श्री चतुवेर्दी सहित ग्रामीणों ने कलश में मिट्टी रखा तथा कलश लेकर गांव के मुख्य मार्ग, मोहल्लों और मोतीपुर, नौका टोला, धुरिया भाठ में घर घर जाकर कलश में मिट्टी संग्रह किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान श्री राय ने कहा कि अमृत कलश यात्रा ने आमजन को शहीदों को नमन करने का अवसर मिला है। सचिव श्री चतुवेर्दी ने कहा कि पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का उद्देश्य स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान देश के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों के प्रति कृतज्ञता जाहिर करना है। इनके संघर्ष व त्याग की बदौलत ही आज हमें आजादी मिली है। इन्हीं की याद में दिल्ली में अमृत वाटिका बनाई जा रही है। इसी के लिए कलश में मिट्टी जमा की जा रही है। कार्यक्रम में डा0 महेन्द्र सिंह, लालजी सिंह, मयंक राय, टुनटुन यादव, अंकित राय, चन्द्रिका यादव, मण्डल अध्यक्ष रामायण कुशवाहा, पंचायत मित्र अभय सिंह, वीसी सखी अंजलि, अमलेश सिंह, लक्षमण मद्धेशिया, आंगनवाड़ी कार्यकत्री पुष्पा यादव, सफाईकर्मी अर्चना, सुगन्धि देवी आदि उपस्थित रहे।

## गांव की समस्याओं को लेकर विधायक को अंग्रेजी में छात्रा ने लिखा पत्र, समाधान का आश्वासन



संवाददाता

**कसया कुशीनगर।** कुशीनगर विधायक पी एन पाठक को अहिरौली राजा में लोगों द्वारा अपनी-अपनी समस्याओं को रखा जा रहा था। उसी दौरान कक्षा 9 की छात्रा ऐंजल जयसवाल उर्फ रिया एक शिकायती पत्र अंगेजी में विधायक को सौंपकर समस्याओ से निजात की मांग की। विधायक ने पूरी गंभीरता पूर्वक उस छात्रा की पत्र को पढ़ा और छात्रा से कहा कि इसमें अपने पापा का नाम और मोबाइल नंबर लिख दो। हम तुमसे बाद में हम बात करेंगे और तुम्हारी सारी समस्याओं को दूर किया जाएगा वहां मौजूद सभी लोगों के बीच में विधायक ने कहा कि मैं इस छात्रा को शाबाशी के साथ धन्यवाद देना चाहता हूं कि इसने इंग्लिश में पत्र लिखकर दिया है। यह बहुत बड़ी बात है बता दें कि उक्त ग्राम वासी अजय जयसवाल मिठाई की दुकान चलाते हैं उनकी बेटी ऐंजल जयसवाल उर्फ रिया कक्षा 9 की छात्रा है उसे पता चला कि हमारे लोकप्रिय जनप्रतिनिधि व विधायक पी एन पाठक चौराहे पर आये हुए हैं तो उसको अपने गांव की कुछ समस्याओं को इंग्लिश में पत्र लिखकर विधायक पी एन पाठक को सौंपा तो विधायक उसके पत्र को गम्भीरता पूर्वक पढ़ने के बाद समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।

## अखंड प्रताप सिंह ने किया पद भार ग्रहण

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** आयोग से चयनित होकर आए अखण्ड प्रताप सिंह ने बुद्ध इंटर कालेज कुशीनगर में सहायक अध्यापक जीव विज्ञान के पद पर प्रधानाचार्य उमेश उपाध्याय ने पद भार ग्रहण कराया। उनका कार्यभार जिलाविद्यालय निरीक्षक रविन्द्र सिंह और बीआईसी के प्रबंधक ओमप्रकाश दुबे के आदेश पर विद्यालय के प्रधानाचार्य उमेश उपाध्याय ने ग्रहण कराया। सिद्धार्थ नगर जनपद निवासी श्री सिंह आयोग की प्रतीक्षा सूची में थे। आज शनिवार को जिला विद्यालय निरीक्षक और प्रबन्धक जी के आदेश के परिपेक्ष में श्री अखण्ड प्रताप सिंह को सहायक अध्यापक जीव विज्ञान के पद पर प्रधानाचार्य श्री उमेश उपाध्याय नेकार्यभार ग्रहण कराया। इस अवसर पर राजेश राय, सूर्यप्रकाश, कृष्ण कुमार त्रिपाठी, सुरेश गुप्ता, वेद प्रकाश मिश्रा, शैलेन्द्र सिंह, अमरजीत मिश्र, उपेंद्र प्रसाद इत्यादि उपस्थित रहे।

# बोर्ड बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव हुए पास



संवाददाता

धामपुर। नगर पालिका धामपुर मे बोर्ड की बैठक का आयोजन किया गया बैठक में नगर के विकास के लिए अनेक प्रस्ताव सर्वसमिति से पारित किए गए। बैठक के दौरान सदस्यो ने पालिका संपत्ति का अधिकार सर्वसम्मति से अध्यक्ष रवि चौधरी को सौंपा मनभावन बैंकट हॉल की किराएदारी बोर्ड द्वारा निरस्त कर दी गई नगर पालिका के सुभाष हाल में अध्यक्ष रवि चौधरी की अध्यक्षता तथा अधिशासी अधिकारी सुभाष कुमार के संचालन में आयोजित बैठक में पालिका के समस्त करो की डिमांड व वसूली कोई नगर सेवा अथवा ऑनलाइन सॉफ्टवेयर द्वारा समस्त करो को ऑनलाइन जमा कराए जाने का प्रस्ताव पास किया गया। यह प्रक्रिया चालू होने के बाद नगरवासी अपने पानी तथा गृहकर को ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। बैठक में नगर पालिका कार्यालय में स्थित संपत्ति कार्यालय के बराबर तीन छोटे कमरों जो जर्जर अवस्था में खड़े है, उसे डिस्पोज किए जाने का प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पास किया गया। इसके अलावा नगर के सभी वार्डों में सड़कों का निर्माण सहित अन्य प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पास किए गए। बैठक के दौरान नगर क्षेत्र में स्थित पालिका के सभी संपत्तियो का अधिकार पालिका सभासदों ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष रवि चौधरी को सौंप दिया। बैठक के दौरान अधिशासी अधिकारी सुभाष कुमार ने मनभावन बैंकट हॉल संबंधी प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए कहा कि पूर्व के बोर्ड के द्वारा कम्युनिटी हॉल की भूमि किराए पर दिए जाने के समय अनेक अनियमित बढ़ती गई थी। व्यक्ति विशेष को लाभ पहुंचाने की नीयत से कम्युनिटी हॉल का निर्माण पालिका के कोष से करते हुए व्यक्ति विशेष को सौंप दिया गया। अधिशासी अधिकारी का कहना है कि कम्युनिटी हॉल का उपयोग सार्वजनिक प्रयोजन के लिए किया जाना था लेकिन इसका उपयोग व्यक्ति विशेष के द्वारा व्यावसायिक के रूप में किया जा रहा है। इस अनियमिता के कारण पालिका को भारी आर्थिक क्षति पहुंच रही है। इसलिए कम्युनिटी हॉल की किराएदारी को निरस्त करने का प्रस्ताव रखा गया। इस प्रस्ताव को अधिकांश सभासदों ने समर्थन करते हुए किराएदारी निरस्त करने की संस्तुति कर दी। जबकि इसके विरोध में केवल तीन सदस्यों पुरुषोत्तम अग्रवाल, संतोष राजपूत तथा सुमित माहेश्वरी ने अपना विरोध दर्ज कराया। पालिका के सभी सभासदों के घर के बाहर नेम प्लेट लगाने के लिए लगभग 3 लाख का बजट प्रस्ताव पास किया गया। बैठक में निर्माण लिपिक नेपाल सिंह हेमंत कुमार, बड़े बाबू पवन कुमार, सुनील जोशी, पुष्पेंद्र सक्सेना, पालिका सभासद प्रभात गुप्ता जोंटी, सोमपाल सैनी, इमरान अहमद, नदीम अहमद, तस्लीम अहमद, पूनम सैनी, संजीव वर्मा, मुंशी नसीम अहमद, मनोज गोयल, डॉ आजम, स्मिता सिंह, मीनाक्षी देवी, जैनब परवीन, अलमास, वसीम अकरम, मुकुल सैनी आदि सभासद मौजूद रहे।

## अन्तर्राज्यीय साइबर ठगी गैंग का पुलिस ने किया पदार्फाश

# तीन बदमाश गिरफ्तार



संवाददाता

**कुशीनगर।** पुलिस अधीक्षक कुशीनगर श्री धवल जायसवाल के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी तमकुहीराज जितेन्द्र सिंह कालरा के नेतृत्व में चल रहे अभियान के क्रम में अपराध एवं अपराधियो एवं जनपद में पुलिस ने तीन साइबर ठगों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से नकदी और भारी मात्रा में सिमकार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक आदि बरामद किया। प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल मनोज कुमार पन्त, प्रभारी निरीक्षक सेवरही हर्षवर्धन सिंह मय टीम द्वारा बिन टोलिया कस्बा सेवरही के पास से साइबर अपराध में संलिप्त तीन अभियुक्तों बुलेट कुमार चौरिया पुत्र अमरजीत चौरसिया निवासी पाखोपाली थाना उचकागाव पो0 थावे जिला गोपागलंज राज्य बिहार, अमित चौरसिया पुत्र जगदीश चौरसिया निवासी सब्जी मण्डी तमकुही रोड थाना सेवरही, करन जायसवाल पुत्र राकेश जायसवास निवासी सब्जी मण्डी तमकुहीरोड थाना सेवरही जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार कर मौके/ कब्जे से अवैध रुप से भोले-भाले व्यक्तियों के खातों का प्रयोग कर अर्जित किये गये कुल 51,000/- रुपये, 64 अदद फर्जी सिम कार्ड (भिन्न-भिन्न टेलीकाम कंपनियो के), 20 अदद आधार कार्ड (भिन्न-भिन्न फजीर्वाडे के), 11 अदद पासबुक (भिन्न भिन्न बैंको के सादे), घटना में प्रयुक्त 5 अदद मोबाइल (डेटा सहित मय 8 फर्जी वाले एकाँउंट में किये लगभग एक करोड़ 20 लाख रूपयो की विवरण सहित), अपराध में प्रयुक्त एक अदद चोरी की मोटर साइकिल (एचएफ डीलक्स काले रंग बिना नम्बर प्लेट) की बरामदगी की गयी है। बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर मु0अ0स0 366/23 धारा 419/420/120बी/414 भा0द0वि0 व 66 सी, 66 डी आईटी एक्ट में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में निरीक्षक साइबर क्राइम ब्रांच सेल प्रभारी मनोज कुमार पंत, प्रभारी निरीक्षक हर्षवर्धन सिंह, उ0नि0 दीपक सिंह, हे0का0 विजय कुमार चौधरी, का0मु0/कम्पयुटर चालक कमलेश गुप्ता, का0 अखिलेश कुमार गुप्ता, का0 अमित गुप्ता, का0 प्रशांत कुमार मिश्र, का0 उपेन्द्र, का0 सुबेदार यादव, का0 विमलेश यादव, का0 राजन सरोज, महिला कांस्टेबल सुप्रिया पाण्डेय, महिला कांस्टेबल, नीलू कुमारी, महिला कांस्टेबल, नेहा यादव, महिला कांस्टेबल, सुनीता यादव शामिल रहीं।

# आयुष्मान भवः अभियान के तहत बनाए जाएं अधिकतम आयुष्मान कार्ड



संवाददाता

सहारनपुर। जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चन्द्र की अध्यक्षता में कलेक्टेज्ट सभागार में आयुष्मान भवः अभियान की सफलता के लिए बैठक आहूत की गयी। डॉ0 दिनेश चन्द्र ने निर्देश दिए कि स्वच्छता अभियान से जुडे हुए विभाग ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में तथा अस्पतालों में स्वच्छता एवं साफ-सफाई रखना सुनिश्चित करेंगे। रक्तदान शिविर के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यक्रम के दृष्टिगत जिला चिकित्सालयों तथा एनजीओ एवं इच्छुक संबंधित संस्थानों के साथ अभियान से पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी बैठक करना सुनिश्चित करें। अंगदान के दृष्टिगत स्कूलों में अंगदान करने संबंधी शपथ तथा इसके महत्व से जनसामान्य को जनजागरूक करते हुए अधिकतम प्रचार-प्रसार करें। आयुष्मान आपके द्वार 3.0 के तहत अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों के आयुष्मान कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित करें। उन्होने कहा कि 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक चलने वाले इस अभियान में जनपद कार्ड बनाने में सर्वोच्च स्थान पर रहे इसका विशेष ध्यान रखें। यह अभियान स्वास्थ्य सुरक्षा के दृष्टिगत चलाया गया महत्वपूर्ण अभियान है। सभी अधिकारी इस अभियान के संवाहक बनकर अधिक से अधिक कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। उन्होने 17 सितम्बर को जोकि माननीय प्रधानमंत्री जी का जन्मदिवस है 20,000 कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया जिसके लिए सीडीओ, सीएमओ, डीपीआरओ, डीएसओ, एसडीएम, डीडीओ सभी को समन्वय कर लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही साथ समस्त रोजगार सहायक, पंचायत सहायक, आशा, आंगनवाडी आदि की आईडी बनाना सुनिश्चित करें। 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा पखवाड़ा में आयुष्मान आपके द्वार 3.0, आयुष्मान मेला, आयुष्मान सभा, आयुष्मान ग्राम पंचायत एवं आयुष्मान नगरीय वार्ड कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। आयुष्मान सभा का आयोजन 02 अक्टूबर को किया जाएगा। डॉ0 दिनेश चन्द्र ने कहा कि जिस विकासखण्ड में कम प्रगति पाई जाएगी वहां के संबंधित अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी। मुख्य चिकित्साधिकारी को आयुष्मान कार्ड की प्रगति की निरंतर निगरानी के निर्देश दिए। अंत्योदय कार्ड में प्रगति को शत-प्रतिशत करने के निर्देश दिए। आयुष्मान कार्ड का वितरण चैपाल लगाकर किया जाएगा। 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर के बीच की अवधि में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में वृहद सफाई अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए। आयुष्मान भवः पोर्टल पर रिपोर्टिंग को शत-प्रतिशत करने के लिए एमओआईसी को कहा। आयुष्मान भवः नामक व्हाटसएप ग्रुप बनाकर कार्य को समन्वय कर प्रगति में लाया जाए। आयुष्मान मेला में हौम्योपैथिक, ऐलोपैथिक, आयुवेर्दिक एवं यूनानी चिकित्सक उपस्थित रहेंगे। आयुष्मान भवः अभियान सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के उद्देश्य को प्राप्त करने में सफल होगा। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति-हर परिवार स्वस्थ रहेगा तो स्वस्थ भारत के निर्माण का संकल्प पूरा होगा। उन्होंने कहा कि सभी लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराना, ग्रामीणों को स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण के बारे में जागरूक करने के लिए आयुष्मान बैठकें आयोजित करना, आयुष्मान मेलों का आयोजन एवं आयुष्मान आपके द्वार 3.0 पहल के तहत सप्ताह में एक बार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर विशेषज्ञ डॉक्टरों के दौरे की व्यवस्था उपलब्ध कराना है। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक संचालित होने वाले आयुष्मान भवः अभियान के तहत सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर सेवा पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। स्वास्थ्य मेले लगाकर आयुष्मान भारत के तहत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना समेत अन्य स्वास्थ्य योजनाओं से पात्र व्यक्तियों को आच्छादित किया जाएगा। स्वच्छ भारत अभियान का संचालन कर स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं नियमित टीकाकरण के साथ छूटे हुए पात्रों को टीकाकरण से आच्छादित भी किया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्री विजय कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ0 अर्चना द्विवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 संजीव मांगलिक, पीडीडीआरडीए श्री प्रणय कृष्ण, अपर नगर आयुक्त श्री राजेश यादव सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सूचना तंत्र की भूमिका

जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में आतंकवादियों से हुई मुठभेड़ में सेना के दो आला अफसरों और एक पुलिस अधिकारी की मौत की घटना से कई सवाल फिर सामने आ खड़े हुए हैं। यह घटना आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस और सेना के एक संयुक्त ऑपरेशन के दौरान हुई। एक महीना पहले ही कुलगाम में एक मुठभेड़ के दौरान सेना के तीन जवान शहीद हुए थे। तब भी इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी से जुड़ी सूचनाएं मिलने के बाद अभियान शुरू किया गया था। उससे पहले मई की शुरूआत में राजौरी में आतंकवादी हमले में पांच सैनिक मारे गए थे। बड़ी बात यह है कि इस घटना में उसी आतंकी गुट का हाथ होने का संदेह था, जिसने करीब 15 दिनों पहले 20 अप्रैल को पुंछ में सेना के ट्रक पर हमला किया था। उस हमले में पांच जवान शहीद हुए थे। ये घटनाएं स्पष्ट कर देती हैं कि छिटपुट ही सही जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों की हरकतें जारी हैं। हालांकि इसमें कमी निश्चित रूप से आई है। अगर पिछले कुछ वर्षों की स्थिति के संदर्भ में देखा जाए तो फर्क स्पष्ट नजर आता है। 2020 में 126, 2021 में 129 और 2022 में 125 आतंकी घटनाएं दर्ज की गई थीं। इस मुकाबले इस साल 31 जुलाई तक 30 आतंकी घटनाओं की सूचना है। मुठभेड़ की घटनाओं में भी कमी आई है। 2020 में 118, 2021 में 100 और 2022 में हुई 117 के मुकाबले इस साल 31 जुलाई तक 24 मुठभेड़ हुईं। इससे दो बातें साफ हैं। एक तो यह कि इन घटनाओं की फ्रीक्वेंसी में कमी है जो बताती है कि आतंकी गिरोहों का काम पहले के मुकाबले कठिन हो गया है। वे पहले जितनी आसानी से अपनी साजिशों को अंजाम नहीं दे पा रहे। लेकिन इसी से यह बात भी साफ है कि आतंकी नेटवर्क अब भी पूरी तरह जाम नहीं हो पाया है। सीमा पार से संचालित इस नेटवर्क की सक्रियता बताती है कि इस पर अंकुश लगाने की दिशा में अब भी बहुत कुछ करना बाकी है। हालांकि जम्मू-कश्मीर में जमीन पर आए बदलाव को अनदेखा नहीं किया जा सकता। जानकार बताते हैं कि पहले जिस तरह सीमा पार से भेजे जाने वाले आतंकियों को गांवों या शहरों में ठिकाने मिल जाया करते थे और वे आम आबादी के साथ ही अपने रहने का इंतजाम कर लिया करते थे, वह अब संभव नहीं हो पाता। ये आतंकी अब प्रायः जंगलों में ही अपना ठिकाना बनाते हैं। लेकिन इसी बिंदु पर खुफिया सूचनाओं के स्थानीय तंत्र पर काम किए जाने की जरूरत भी रेखांकित होती है। आतंकवादियों को रोकने और उनके नेटवर्क को तबाह करने के लिए पुख्ता सूचनाएं मिलनी जरूरी हैं और अगर इसमें लोगों का साथ मिले तो पुलिस-प्रशासन और आर्मी का काम आसान हो जाता है। इसके साथ ही, सूबे में जल्द चुनाव कराने की पहल भी की जाए ताकि लोगों को चुनी हुई सरकार मिल सके।

# अंग्रेजी राज का कानून

सुप्रीम कोर्ट ने आखिर राजद्रोह कानून की संवैधानिक वैधता की जांच से जुड़े मामले पांच सदस्यीय संविधान पीठ को भेजने का फैसला कर लिया। गौर करने की बात है कि औपनिवेशिक शासन वाले दौर से चले आ रहे इस कानून पर सवाल लंबे समय से उठाए जा रहे हैं, इनके दुरुपयोग के आरोप भी पुराने हैं, इसके बावजूद इसका पूरी तरह हटना संभव नहीं हो पा रहा। किसी न किसी वजह से यह प्रक्रिया लंबी खिंचती चली जा रही है। यह बात बार-बार कही जा चुकी है कि अंग्रेजी शासन के दौर में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के नेताओं की आवाज दबाने में इसका इस्तेमाल होता था, पर आजादी के बाद जब हम एक स्वतंत्र और लोकतांत्रिक राष्ट्र बन गए तो राजद्रोह कानून का कोई औचित्य नहीं रह गया। ऐसे में सबसे अच्छा यही था कि आजाद भारत की कोई सरकार अपनी ओर से पहल करते हुए इसे समाप्त कर देती। लेकिन किसी कारण ऐसा नहीं हुआ तो भी इस कानून का इस्तेमाल कम होते हुए बंद हो जाना चाहिए था। ऐसा हो जाता तो नाममात्र के लिए कानून के बने रहने का भी कोई खास नुकसान नहीं था। लेकिन दिलचस्प बात है कि देश की लोकतांत्रिक ढंग से चुनी तमाम सरकारें भी इस कानून का धड़ल्ले से इस्तेमाल करती रहीं और कई मामलों में इसके दुरुपयोग की बात भी स्थापित हुई। यही वजह है कि पिछले साल मई महीने में सुप्रीम कोर्ट की तीन सदस्यों की बेंच ने इस कानून के तहत की जाने वाली कार्रवाई पर अंतरिम रोक लगा दी। फिर भी सरकार का रुख इसे लेकर खास बदला हुआ नहीं दिख रहा। मंगलवार को भी कोर्ट में सरकार की ओर से यह अनुरोध किया गया कि मामले को संविधान पीठ के पास भेजना टाल दिया जाए। उसका तर्क था कि चूंकि सरकार इस कानून की जगह भारतीय न्याय संहिता विधेयक लाने ही वाली है, इसलिए क्यों न उसका इंतजार कर लिया जाए। मगर न्याय संहिता बिल के लिए रुकने की कोई जरूरत नहीं थी। एक तो इस मामले में अनावश्यक रूप से देर होती चली जा रही है। दूसरी बात, जैसा कि सुप्रीम कोर्ट ने भी कहा कि न्याय संहिता विधेयक के जरिए किए जाने वाले संशोधन पिछले मामलों पर कोई असर नहीं डालेंगे। तीसरी और सबसे बड़ी बात यह कि अभी तय नहीं है कि नए विधेयक के जरिए इस कानून के प्रावधानों में आखिरकार किस तरह के संशोधन किए जाएंगे। कुछ हलकों से यह आरोप भी लग रहा है कि भारतीय न्याय संहिता विधेयक के जरिए सरकार पहले से भी ज्यादा कठोर प्रावधान लागू कराने की कोशिश में है।

# अपने आचरण से निराश करते जनप्रतिनिधि

ANALYSIS

जगमोहन सिंह राजपूत

लगभग हर अवसर पर भारत में बिना किसी व्यवधान के स्वतंत्रता के पश्चात लोकतंत्र की स्थापना, उसका अपनी जड़ें जमा लेना और उसकी निरंतरता विदेश में लोगों को प्रभावित करती रही है। यह सब अकारण नहीं रहा। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार का एक मत की पराजय के पश्चात सत्ता से अत्यंत शालीन ढंग से विदा हो जाना, ओडिशा के तत्कालीन मुख्यमंत्री गिरिधर गमांग के मतदान पर भी कोई आपत्ति न करना, उच्चतम न्यायालय तक न जाना लोकतंत्र के प्रति अगाध आस्था और समर्पण का अद्भुत उदाहरण था। भारत के लोकतंत्र की इस अनोखी घटना के संबंध में विदेश में संभवतः भारत से अधिक रुचि ली गई। पाकिस्तान में तो शायद इसे सबसे बड़ा आश्चर्य माना गया। वहां के लोगों की अनेक जिज्ञासाओं का मैंने समाधान किया। मैं यह कह सकता हूं कि पाकिस्तानी विद्वत वर्ग में भारत तथा यहां के सफल लोकतंत्र पर राजनीतिक चर्चा में वाजपेयी के व्यक्तित्व का अक्सर जिक्र होता है। यह जानकारी मुझे वहां के लोगों से ही मिली। वाजपेयी जब जनता सरकार में विदेश मंत्री बने थे तब पाकिस्तान में अनेक आशंकाएं उभरी थीं, लेकिन कुछ ही महीनों में वे निर्मूल सिद्ध हुईं। वाजपेयी वहां के लोगों के दिल में उतर गए। उस समय भी उन्होंने वही किया, जिसकी पाकिस्तान में किसी को अपेक्षा नहीं थी।

पिछले पांच दशकों में मुझे विज्ञान, तकनीकी, संचार तकनीकी और शिक्षा जैसे विषयों पर गहन अध्ययन और शोध तथा शिक्षण-प्रशिक्षण करने वाले देश-विदेश के वरिष्ठ व्यक्तियों से संवाद स्थापित करने के अवसर मिलते रहे हैं। इस दौरान विदेश में मुझे कई ऐसे लोग मिले जिनमें से अधिकांश की भारत में विशेष रुचि रही। वे यहां की संस्कृति की जानकारी लेना चाहते थे। अधिकांश की गीता में रुचि देखी गई। संवाद परंपरा की समसामयिक उपयोगिता पर ही नहीं, अपितु उसकी बढ़ती हुई वैश्विक आवश्यकता पर भी लोगों ने प्रश्न पूछे और अपने सकारात्मक विचार रखे। विभिन्न पंथों के लोगों के हजारों साल से साथ रह सकने और विविधता की व्यावहारिक स्वीकार्यता को सराहा गया और सभी की उसके संबंध में बढ़ती जिज्ञासा का भी अनुभव मैंने किया। अधिकांश अवसरों पर चर्चा के पश्चात विद्वानों ने प्राप्त जानकारी को सराहनीय माना। लगभग हर अवसर पर भारत में बिना किसी व्यवधान के स्वतंत्रता के पश्चात लोकतंत्र की स्थापना, उसका अपनी जड़ें जमा लेना और उसकी निरंतरता विदेश में लोगों को प्रभावित करती रही है। यह सब अकारण नहीं रहा। अटल बिहारी वाजपेयी सरकार का एक मत की पराजय के पश्चात सत्ता से अत्यंत शालीन ढंग से विदा हो जाना, ओडिशा के तत्कालीन मुख्यमंत्री गिरिधर गमांग के मतदान पर भी कोई आपत्ति न करना, उच्चतम न्यायालय तक न जाना लोकतंत्र के प्रति अगाध आस्था और समर्पण का अद्भुत उदाहरण था। भारत के लोकतंत्र की इस अनोखी घटना के संबंध में विदेश में संभवतः भारत से अधिक रुचि ली गई। पाकिस्तान में तो शायद इसे सबसे बड़ा आश्चर्य माना गया।



वहां के लोगों की अनेक जिज्ञासाओं का मैंने समाधान किया। मैं यह कह सकता हूं कि पाकिस्तानी विद्वत वर्ग में भारत तथा यहां के सफल लोकतंत्र पर राजनीतिक चर्चा में वाजपेयी के व्यक्तित्व का अक्सर जिक्र होता है। यह जानकारी मुझे वहां के लोगों से ही मिली। वाजपेयी जब जनता सरकार में विदेश मंत्री बने थे तब पाकिस्तान में अनेक आशंकाएं उभरी थीं, लेकिन कुछ ही महीनों में वे निर्मूल सिद्ध हुईं। वाजपेयी वहां के लोगों के दिल में उतर गए। उस समय भी उन्होंने वही किया, जिसकी पाकिस्तान में किसी को अपेक्षा नहीं थी। प्रधानमंत्री रहते हुए भी उन्होंने दोस्ती का हाथ पाकिस्तान की ओर बढ़ाया। लाहौर बस यात्रा के बाद कारगिल आक्रमण के विश्वासघात का बीज बोने वाले परवेज मुशर्रफ को 2002 में भारत में बुलाना और सम्मानपूर्ण तरह से चर्चा करना कोई बड़े दिल वाला भारतीय ही कर सकता था। उसी कड़ी में नरेन्द्र मोदी का प्रधानमंत्री नवाज शरीफ के यहां एकाएक लाहौर चले जाना राजनीतिक समझ और भाईचारे का अभूतपूर्व उदाहरण ही माना जाएगा। चिंताजनक स्थिति यह है कि आज भारत में ही संसद के प्रति सम्मान, संसद में शालीन आचरण और पक्ष-विपक्ष के बीच स्वस्थ परंपराएं अब धूमिल हो रही हैं। संसद की कार्यवाही तो इसी ह्रास का संकेत करती है। देखना है कि संसद के आगामी विशेष सत्र में संविधान सभा से शुरू होने वाली 75 साल की संसदीय यात्रा पर चर्चा के समय कोई अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत हो पाता है या नहीं? मैंने अधिकारियों के लिए निर्धारित गैलरी में बैठकर संसद की कार्यवाही देखी है। तब और अब के बीच अंतर देखकर बहुत कष्ट होता है। यह देखकर सोचता हूं कि संसद में सांसदों के व्यवहार का नई पीढ़ी पर क्या प्रभाव पड़ रहा होगा? क्या यही वह लोकतंत्र है जिसके संबंध में उन्हें कक्षाओं में पढ़ाया जाता है? कहां गई वह प्रतिष्ठित संवाद परंपरा और उसका गुणगान। क्या देश के कानून बनाने वाले ऐसे होते हैं जो अध्यक्ष के आसन के समक्ष मेज पर चढ़कर उनके ऊपर कागज फाड़कर फेंकें? फिर उस युवा को गलत कैसे कहा जाएगा, जो अपने कुलपति या प्राचार्य के कक्ष में घुसकर तोड़-फोड़ करता है। आमजन को आश्चर्य तब होता है जब सदन में पीठासीन अधिकारी का निरंतर अपमान करने वाले सांसदों को निलंबित किया जाता है और इस निलंबन के विरोध में संसद परिसर में धरना दिया जाता है। यह सब भी अक्सर गांधीजी की प्रतिमा के आसपास होता है। क्या बापू उनके अमर्यादित आचरण को सही ठहरा देते? ऐसे अवसरों पर यह स्पष्ट हो जाता है कि या तो गांधीजी को समझना जरूरी नहीं माना गया या उस स्थान का दुरुपयोग करते समय भी उन्हें भुला दिया जाता है। दिल्ली और पंजाब के सरकारी भवनों से तो गांधीजी का चित्र ही हटा दिया गया है और ऐसा करने वाले उन्हीं के नाम की दुहाई देते हैं कि देखिए हमारे साथ घोर अन्याय किया जा रहा है। संस्कार रहित आचरण के कष्टदायी उदाहरण उन प्रतिनिधियों से आते हैं जिनसे जनता सदाचरण, समर्पण और निःस्वार्थ जनसेवा की आशा करती है। अभी हाल में हरियाणा में एक कांग्रेस नेता ने भाजपा को वोट देना वालों को राक्षस तक कह दिया। यह आशा रखने का अधिकार तो अभी भी है कि सम्मानित संस्थाएं गांधीजी के प्रतीक का दुरुपयोग करने और उनके सिद्धांतों की धज्जियां उड़ाने वालों के प्रतिकार में विचार रखेंगी। हालांकि, यह उम्मीद भी धराशायी हो जाती है, क्योंकि इस स्तर पर भी आक्रोश और विद्वेष चरम पर दिखता है। उसके पीछे पूर्वाग्रह, वैचारिक बंधन और अपने खेमे का सत्ता में न होना ही मुख्य कारक दिखते हैं। नई दिल्ली स्थित गांधी शांति प्रतिष्ठान की पत्रिका गांधी मार्ग का मैं कई दशकों से नियमित पाठक रहा हूं।

**लेखक शिक्षा, सामाजिक सद्भाव और पंथक समरसता के क्षेत्र में कार्यरत हैं।**

# हिन्दी दिवस सप्ताह, बाकी दिन असहाय!

रोजाना करीब छोटे-बड़े दैनिक, साप्ताहिक और अन्य समयावधि वाले 5,000 हजार से कहीं अधिक अखबार प्रकाशित होते हैं और 1500 के करीब पत्रिकाएं हैं, 400 से ज्यादा हिन्दी चैनल हैं। बावजूद इसके हिन्दी का ऐसा हाल। मौलिक रूप से या कागजी तौर पर, बेशक हिन्दी को बढ़ावा देने की वकालत हुकूमतें और समाज करता है? पर, असल सच्चाई तो यही है कि हिन्दी एक वर्ग मात्र तक ही सिमटती जा रही है। हिन्दी आजादी के 75 वर्ष बाद, यानी अमृतकाल में कहां खड़ी है, उसकी घनघोर तरीके से समीक्षा होनी चाहिए। एक तस्वीर जो इस वक्त उभरी है, वो ये है कि हिन्दी गरीबों की मुख्य जुबान, कामगारों का आपस में बतियाना, ग्रामीण अंचल की अव्वल भाषा व सामान्य बोलचाल तक ही सीमित हो गई है। अंग्रेजी व अन्य भाषाएं जिस हिसाब से विस्तार ले रही हैं, उससे हिन्दी बहुत पीछे पिछड़ती जा रही है। बात ज्यादा पुरानी नहीं है, मात्र 9-10 साल पहले की है। 2014 में जब केंद्र की सियासत में नरेन्द्र मोदी का प्रधानमंत्री के तौर पर आगमन हुआ तो उन्होंने हिन्दी के चलन को लेकर अप्रत्याशित कदम उठाए। सभी मंत्रालयों में हिन्दी को अपनाने का आदेश हुआ। साथ ही हिन्दी भाषा के ज्यादा से ज्यादा प्रचलन को लेकर बड़ा अभियान भी छेड़ा। कुछ समय के लिए तो अभियान ने खूब जोर पकड़ा। लेकिन धीरे-धीरे शांत पड़ गया। शांत पड़ने के पीछे लोगों की उदासीनता दिखी। जबकि, प्रधानमंत्री ने बड़ी ईमानदारी से इस ओर कदम उठाया था। बहरहाल, ज्यादातर सरकारी विभागों और केंद्रीय मंत्रालयों में हिन्दी का प्रचलन अब भी अच्छा खासा है। लेकिन जितना होना चाहिए, उस हिसाब से हिन्दी भाषा को तवज्जो नहीं मिल रही। कागजी कोशिशों में कोई कमी नहीं है। पर, धरातल पर सब शून्य ही है। केंद्र सरकार हिन्दी को बढ़ावा देने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रही, पर समाज साथ नहीं दे रहा। समाज के दिलो-दिमाग पर अंग्रेजी का भूत सवार है। प्रत्येक व्यक्ति अपने बच्चों को अंग्रेजी की शिक्षा दिलवाना चाहता है। सरकारी स्कूलों को छोड़कर, अंग्रेजी वाले स्कूलों की पूछ पकड़ रखी है। अंग्रेजी के नाम पर निजी स्कूल खूब चांदी काट रहे हैं। खैर, इसके पीछे जो कारण हैं, वो हमारे सामने हैं। अव्वल तो हिन्दी बोलने वाले को लोग गंवार और ठेठ देहाती मानते हैं। अंग्रेजी वाले पढ़े-लिखों की जमात से हिन्दीभाषियों को अपने से दूर समझती है। बेशक, अंग्रेजी बोलने वाला व्यक्ति ज्यादा पढ़ा-लिखा न हो, बस उसे अंग्रेजी आती हो, तो उसे पढ़ा-लिखा और समझदार माना जाता है। हालांकि, अंग्रेजी के बढ़ते चलन से किसी को कोई दिक्कत नहीं है। पर, उसके बढ़ते कदम हिन्दी को भी न रोकें ? वैसे, देखा जाए तो हिन्दी समाज खुद हिन्दी की दुर्दशा का सबसे बड़ा कारण है। उसका पाखंड है, उसका दोगलापन और उसका उनींदापन? ये सच है कि किसी संस्कृति की उन्नति उसके समाज की तरक्की का आईना होती है। मगर इस मायने में हिन्दी समाज बड़ा विरोधाभासी है। अब हिन्दी समाज अगर देश के पिछड़े समाज का बड़ा हिस्सा निर्मित करता है तो यह भी बिल्कुल आंकड़ों की हद तक सही है कि देश के समृद्ध तबके का भी बड़ा हिस्सा हिन्दी समाज ही है। इसलिए यह कहना गलत नहीं होगा कि आज यह भाषा समाज की उपेक्षा का दंश झेल रही है। कह कुछ भी लें, मगर ये सच कि हिन्दी की लाज सिर्फ ग्रामीणों से ही बची है। क्योंकि वहां आज भी हिन्दी को ही पूजते हैं और मानते-बोलते हैं। वह आज भी हिन्दी के मुकाबले अंग्रेजी को उतना भाव नहीं देते। अंग्रेजी का हम विरोध नहीं करते, लेकिन उसके आड़ में हिन्दी की खिल्लियां भी नहीं उड़ाई जानी चाहिए। आधुनिक समय में हिन्दी भाषा की सच्चाई क्या है? शायद बताने की आवश्यकता नहीं किसी को? बड़े लोग, धनाढ्य वर्ग और विकसित समाज ने जब से हिन्दी भाषा को नकारा है और अंग्रेजी को संपर्क भाषा के तौर अपनाया है, तभी से हिन्दी के दिन लदने शुरू हुए। इसमें किसी और का दोष नहीं, निश्चित रूप से हम-आप ही जिम्मेदार हैं। एक दैनिक दिहाड़ी मजदूर भी अपने बच्चों को अंग्रेजी स्कूल में पढ़ाना चाहता है। उसे भी हिन्दी के मुकाबले अंग्रेजी अच्छी लगती है। दरअसल ये ऐसा फर्क पैदा हो चुका है, जिसे आसानी से कम नहीं किया जा सकता। बात भी ठीक है, दिहाड़ी और रिक्शा चालक के बच्चे भी पीछे क्यों रहें किसी से। उनको भी अंग्रेजी पढ़ने-बोलने का दूसरों की तरह हक है। अपने हक को प्राप्त करेंगे, और जरूर करना चाहिए। इन्हीं सब सामूहिक कारणों के चलते वैश्वीकरण और उदारीकरण के मौजूदा दौर में हिन्दी अपने में बेवश होती जा रही है। हिन्दी दिवस मनाया जा चुका है। अब हिन्दी दिवस सप्ताह शुरू हुआ है। सात दिन खूब जोर से हिन्दी का गुणगान होगा। बाकी सालभर उसका हालचाल लेने वाला कोई नहीं होता, यह किसी से छिपा नहीं है। जरूरत रश्म अदायगी न करने की है। हमें हिन्दी के प्रति संकल्पित होना होगा। शुद्ध हिन्दी बोलने वालों को देहाती व गंवार न समझा जाए। बीपीओ व बड़ी-बड़ी कंपनियों में हिन्दी जुबानी लोगों के लिए नौकरी नहीं होती। इसी बदलाव के चलते मौजूदा वक्त में देश का हर दूसरा आदमी अपने बच्चों को अंग्रेजी पढ़ाने को मजबूर है। इस प्रथा को बदलने की दरकार है। वैसे, ये काम हमें पूर्णतः हुकूमतों पर नहीं छोड़ना चाहिए। हमें अपनी भी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। हिन्दी को जिंदा रखने के लिए खुद से भी कोशिश करनी होगी। इसके लिए जनांदोलन की जरूरत है। हिन्दी के वर्चस्व को बचाने की हमारे सामने बड़ी चुनौती है।

## Social Media Corner

सच के हक में...



श्री गुरु ग्रंथ साहिब कालातीत ज्ञान और असीम करुणा के प्रतीक के रूप में खड़े हैं। इसके छंद, दिव्यता से ओतप्रोत, समय और सीमाओं से परे, लाखों लोगों को प्रेम, एकता और शांति के मार्ग की ओर निर्देशित करते हैं। यह हमें मानवता को अपनाने, निस्वार्थ सेवा को संजोने और जीवन के हर पहलू में सद्भाव खोजने के लिए प्रेरित करता है। श्री गुरु ग्रंथ साहिब के प्रकाश पर्व पर मेरी शुभकामनाएं।

**(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्विटर अकाउंट से)**



श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के प्रकाश पर्व की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं। श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी विश्व को समरसता और मानवता के प्रति समर्पण की शिक्षा देते हैं। ये शिक्षाएं हमें सदैव शांति और सामंजस्य के मूल सिद्धांतों को प्रोत्साहित कर एक बेहतर समाज की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करती रहेंगी।

**(गृह मंत्री अमित शाह के ट्विटर अकाउंट से)**

# प्रगतिशीलता का पश्चिमी पैमाना

अमेरिका में 15 साल से रह रहीं एक महिला से पिछले दिनों बात हो रही थी। उनकी दो बेटियां हैं, एक दस वर्ष की और दूसरी पांच वर्ष की। उनका कहना था कि वह जल्द भारत लौटना चाहती हैं। कारण पूछने पर उन्होंने कहा कि ऐसा वह अपनी बड़ी होती बेटी की सुरक्षा के चलते करना चाहती हैं और तभी अमेरिका वापस लौटना चाहती हैं, जब दोनों बच्चियां इतनी बड़ी हो जाएं कि अपना अच्छा-बुरा समझने लगें। उन्होंने बताया कि यहां डाक्टर कहते हैं कि लड़कियों के 12 साल के होने के बाद यदि उन्हें अनचाहे गर्भ से बचाना है, तो गर्भ निरोधक गोलियों का अनिवार्य रूप से सेवन जरूरी है। केवल वही ऐसा नहीं सोच रही हैं। पश्चिम में रह रहे अनेक भारतीय माता-पिता अपनी बच्चियों के बारे में ऐसा ही सोचते हैं। आखिर यह कैसा समाज बना है, जहां यौन संबंधों में उम्र के कोई मायने नहीं? कुछ दिन पहले खबर आई थी कि इंग्लैंड में एक 13 साल की बच्ची स्कूल जाने की तैयारी कर रही थी। अचानक उसके पेट में दर्द हुआ। जब तक डाक्टर को बुलाया गया, उसने एक शिशु को जन्म दे दिया। बच्ची का कहना था कि उसे अहसास तक नहीं था कि वह गर्भवती है। इसी तरह इस खबर ने भी ध्यान खींचा था, जिसमें 12 साल का एक लड़का पिता बन गया था। यह तब है जब अमेरिका और यूरोपीय देशों के स्कूलों में मार्निंग आफ्टर पिल्स की वेंडिंग मशीनें लगी होती हैं तथा बच्चों को बचपन से ही यौन शिक्षा और गुड टच, बैड टच के बारे में बताया जाता है। आखिर यह कैसा और किस प्रकार का प्रगतिशील समाज है, जो आजादी के नाम पर बच्चों को माता-पिता बनने की जिम्मेदारी सौंप रहा है? आखिर उन तर्कों का क्या हुआ, जो कहते हैं कि कम उम्र में मां बनना, मां और बच्चे दोनों की सेहत के लिए हानिकारक है? इसके अलावा सहमति का क्या अर्थ है। फिर छोटी उम्र में बच्चे पढ़ाई-लिखाई करें, अपना भविष्य संवारें या बच्चों को पालें? इस पर जितनी बहसें होती हैं, उतनी ही समस्या बढ़ती जाती है। अपने देश में ऐसे संबंधों पर आम तौर पर यह कहा जाता है कि यहां ऐसा इसलिए होता है, क्योंकि यहां यौन शिक्षा का अभाव है। तब फिर अमेरिका या यूरोप में ऐसा क्यों होता है? वहां तो यौन शिक्षा की कोई कमी नहीं है। तब कौनसी दलील दी जा सकती है? हाल में उच्चतम न्यायालय में एक याचिका लगाई गई है, जिसमें कहा गया है कि 16 से 18 साल के किशोर-किशोरी अपने शरीर के बारे में फैसला लेने में सक्षम हो जाते हैं और उनके संबंधों को अपराध की श्रेणी में नहीं रखना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने पश्चिमी देशों जैसे रोमियो-जूलियट कानून पर सरकार से राय मांगी है। इस कानून के तहत यदि आपसी सहमति से नाबालिगों में यौन संबंध बन जाएं, तो उसे यौन शोषण नहीं माना जाता। अभी अपने देश में यदि 18 वर्ष से कम के लड़के-लड़कियों के यौन संबंध हों और माता-पिता शिकायत कर दें, तो लड़कों को गिरफ्तार कर लिया जाता है। यदि लड़की गर्भवती हो गई, तो लड़के पर दुष्कर्म का आरोप भी लगा दिया जाता है। उक्त याचिका के अनुसार 16-18 साल की उम्र इतनी होती है कि लड़के-लड़कियां अपने शरीर के बारे में फैसला कर सकते हैं। उन्हें सजा क्यों मिलनी चाहिए? सहमति से संबंध अपराध की श्रेणी में नहीं आते, जबकि वर्तमान कानून में सहमति का कोई अर्थ नहीं है। हम प्रायः यह सुनते हैं कि यदि अविवाहित लड़की गर्भवती हो जाए, गर्भ विकसित अवस्था में हो और वह बच्चे को जन्म दे दे तो उसका और बच्चे का भविष्य खतरे में पड़ जाता है। कई बार तो बच्चे को फेंक दिया जाता है। यदि ऐसा न भी हो, तो वह माता-पिता के होते किसी अनाथ की तरह जीने को मजबूर होता है। ऐसे में वह कितनी मानसिक दुरावस्था से गुजरता होगा? अपने यहां अविवाहित मां को भी समाज आसानी से स्वीकार नहीं करता।

# न्याय में तकनीक का प्रयोग

उच्च न्यायालयों और विभिन्न न्यायाधिकरणों में वर्चुअल सुनवाई इसलिए जारी रहनी चाहिए क्योंकि उससे लोगों के समय एवं संसाधन की बचत हो रही थी। तकनीक के उपयोग ने लोगों को यह विकल्प उपलब्ध कराया था कि वे चाहें तो न्यायालय के समक्ष स्वयं उपस्थित हों या फिर वर्चुअल रूप में अपने को प्रस्तुत करें। न्यायालयों में तकनीक का प्रयोग वादी-प्रतिवादी के साथ वकीलों के लिए भी सुगम था। यह अच्छा हुआ कि सुप्रीम कोर्ट ने उच्च न्यायालयों और न्यायाधिकरणों में वर्चुअल यानी आभासी सुनवाई बंद होने का संज्ञान लिया। उसने सभी उच्च न्यायालयों के साथ राष्ट्रीय कंपनी कानून न्यायाधिकरण, राष्ट्रीय कंपनी कानून अपीलीय न्यायाधिकरण और राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण को भी नोटिस जारी कर उनके रजिस्ट्रारों से पूछा है कि क्या वर्चुअल सुनवाई समाप्त कर दी गई है? इन सभी से यह बताने को भी कहा गया है कि यदि वर्चुअल सुनवाई बंद हो गई है तो उसके कारण क्या हैं? आखिर जब कोविड काल में वर्चुअल सुनवाई की उपयोगिता सिद्ध हो चुकी है, तब फिर इस सिलसिले को समाप्त करने का कोई औचित्य नहीं। यह ठीक है कि फिलहाल कोविड महामारी का कहीं कोई खतरा नहीं और लगभग सभी तरह के प्रतिबंध समाप्त हो चुके हैं, लेकिन उच्च न्यायालयों और विभिन्न न्यायाधिकरणों में वर्चुअल सुनवाई इसलिए जारी रहनी चाहिए, क्योंकि उससे लोगों के समय एवं संसाधन की बचत हो रही थी। तकनीक के उपयोग ने लोगों को यह विकल्प उपलब्ध कराया था कि वे चाहें तो न्यायालय के समक्ष स्वयं उपस्थित हों या फिर वर्चुअल रूप में अपने को प्रस्तुत करें। न्यायालयों में तकनीक का प्रयोग वादी-प्रतिवादी के साथ वकीलों के लिए भी सुगम था। वे कहीं पर भी रहते हुए न्यायालयों में आभासी रूप से उपस्थित हो सकते थे। इसी कारण सुप्रीम कोर्ट ने न्यायालयों में हाइब्रिड तरीके से सुनवाई की आवश्यकता जताई थी।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, Jharkhand-835222, and Published at Roshpa Tower, 5th Floor, Main Road, Ranchi, Jharkhand-834001. Editor- Fahim Akhtar. E-mail : thephotonnewsjharkhand@gmail.com

# टाटा स्टील को ब्रिटेन से मिलेगी 50 करोड़ पाउंड की वित्तीय सहायता

**मुंबई ।**

ब्रिटेन की सरकार ने टाटा स्टील को दक्षिण वेल्स में पोर्ट टालबोट संयंत्र को सुरक्षित करने के लिए 50 करोड़ पाउंड की वित्तीय सहायता देने पर सहमति जताई है। 1.25 अरब पाउंड के साझे निवेश प्रस्ताव को ब्रिटिश सरकार के अब तक के सबसे बड़े प्रोत्साहन पैकेज में गिना जा रहा है। इससे वेल्स की इकाई को हरित इकाई में बदलने का रास्ता साफ होगा और कोयला आधारित ब्लास्ट फर्नेस की जगह अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक ब्लास्ट फर्नेस लगाया जाएगा। इस कदम से समूचे ब्रिटेन में करीब 1.5 फीसदी कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। 1.25 अरब पाउंड के साझा निवेश प्रस्ताव में 50 करोड़ पाउंड (करीब 62.1 करोड़ डॉलर) का सरकारी अनुदान भी शामिल है। इस फैसले को इस्पात उद्योग के लिए भी अहम माना जा रहा है। इससे ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा और हजारों नौकरियां बचाने में मदद मिलेगी। समझौते के तहत टाटा स्टील साउथ वेल्स के पोर्ट टालबोट में हरित इस्पात बनाने के लिए एक नई इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस और उससे जुड़ी सुविधाएं तैयार करने के वास्ते सरकारी अनुदान सहित 1.25 अरब पाउंड का निवेश कर सकती है। टाटा समूह के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने कहा कि ब्रिटेन सरकार के साथ समझौता इस्पात उद्योग के भविष्य और वास्तव में ब्रिटेन में औद्योगिक मूल्य श्रृंखला के लिए एक निर्णायक क्षण है।

उन्होंने कहा कि प्रस्तावित निवेश से रोजगार सुरक्षित करने में मदद मिलेगी और यह साउथ वेल्स में हरित प्रौद्योगिकी आधारित औद्योगिक ढांचा तैयार करने का मौका देगा। हम इन प्रस्तावों पर अपने हितधारकों के साथ जिम्मेदार तरीके से काम करने के लिए तत्पर हैं।




# सरकार ने क्रूड ऑयल पर विंडफॉल बढ़ाकर 10,000 प्रति टन किया




**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार ने डोमेस्टिक प्रोड्यूस क्रूड ऑयल पर विंडफॉल टैक्स को 6,700 पर टन से बढ़ाकर 10,000 प्रति टन कर दिया है। हालांकि डीजल एक्सपोर्ट पर शुल्क पहले के 6 रुपए प्रति लीटर से घटाकर 5.50 रुपए प्रति लीटर कर दिया गया है। वहीं एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) पर शुल्क पहले के 4 रुपए प्रति लीटर से घटाकर 3.50 रुपए प्रति लीटर कर दिया गया है। नई दरें 16 सितंबर से प्रभावी हो गई हैं। इससे पहले दो सितंबर को विंडफॉल टैक्स में बदलाव किया गया था।

सरकार ने दो सितंबर को विंडफॉल टैक्स में कटौती की थी। केंद्र सरकार ने घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे पेट्रोलियम पर विंडफॉल टैक्स को 7,100 रुपए प्रति टन से मामूली रूप से घटाकर 6,700 रुपए प्रति टन कर दिया था, जबकि इससे पहले 1 जुलाई 2022 को सरकार ने एक्सपोर्ट ड्यूटी लगाया था। 1 जुलाई 2022 को सरकार ने पेट्रोल और एटीएफ पर 6 रुपए प्रति लीटर और डीजल के निर्यात पर 13 रुपए प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया था। घरेलू कच्चे तेल की बिक्री पर 23,250 रुपए प्रति टन का विंडफॉल टैक्स लगाया गया था। तब से केंद्र इंटरनेशनल कच्चे तेल की कीमतों के आधार पर हर पखवाड़े में लेवी की समीक्षा कर रहा है। ग्लोबल स्तर पर कच्चे तेल के दाम में पिछ्ले कुछ समय से बढ़ोतरी जारी है। कई देशों ने कच्चे तेल के प्रोडक्शन में भी कटौती की है। डब्लूटीआई कच्चा तेल 90 डॉलर प्रति बैरल पर जा पहुंचा है। वहीं ब्रेंट कच्चा तेल 94 डॉलर प्रति बैरल पर है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने सबसे पहले एक जुलाई 2022 को कच्चे तेल की बिक्री पर विंडफॉल टैक्स लगाया था। भारत के अलावा यूके, इटली और जर्मनी समेत कई देशों ने पहले ही ऊर्जा कंपनियों के सुपर नॉर्मल प्रॉफिट पर विंडफॉल टैक्स लगाया था।

# चीन में आर्थिक आंकड़ों से मिले मंदी कम होने के संकेत, पटरी पर लौट रही अर्थव्यवस्था



**बीजिंग ।**

वैश्विक महामारी के बाद संकटग्रस्त चीनी अर्थव्यवस्था में सुधार के संकेत हैं। कारखानों ने गति पकड़ ली है और अगस्त में खुदरा बिक्री में भी तेजी आई है। सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी रिपोर्ट से यह संकेत मिले हैं । हालांकि, रेस्तरां तथा दुकानों में व्यस्त गतिविधि के बावजूद आंकड़ों में सभी महत्वपूर्ण संपत्ति क्षेत्र में लगातार कमजोरी दिखी। रियल एस्टेट डेवलपर्स सुस्त मांग के कारण कर्ज चुकाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

रियल एस्टेट निवेश में अगस्त में सालाना आधार 8.8 प्रतिशत की गिरावट आई। साल की शुरुआत से ही गिरावट लगातार बढ़ती जा रही है। बैंकों पर बोझ कम करने के लिए पीपुल्स बैंक ऑफ चाइना या केंद्रीय बैंक ने कहा है कि अधिकतर उधारदाताओं के लिए आरक्षित आवश्यकता में शुक्रवार तक 0.25 प्रतिशत अंक की कटौती की जाएगी। केंद्रीय बैंक के अनुसार, '' आर्थिक सुधार की नींव को मजबूत करने और उचित तथा पर्याप्त तरलता बनाए रखने के लिए'' इससे उधार देने के लिए अधिक धन उपलब्ध होगा। शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त में खुदरा बिक्री सालाना आधार पर 4.6 प्रतिशत बढ़ी, ऑटो बिक्री 5.1 प्रतिशत बढ़ी। जुलाई में खुदरा बिक्री में मामूली 2.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। औद्योगिक उत्पादन 4.5 प्रतिशत वार्षिक गति से बढ़ा, अप्रैल के बाद सबसे औद्योगिक उत्पादन सबसे तेजी से बढ़ा है। जुलाई में 3.7 प्रतिशत से अधिक बढ़ा था। चीन की अर्थव्यवस्था अप्रैल-जून तिमाही में पिछली तिमाही की तुलना में 0.8 प्रतिशत बढ़ी।

# साल 2030 तक ऑनलाइन खरीदारों की संख्या होगी 81 करोड़

**नई दिल्ली ।**

डिजिटल युग के इस दौर में भारत में अकेले कर्ज का बाजार वर्ष 2022 में 280 अरब डालर का था। आकड़ों के मुताबिक वर्ष 2023 तक ये 351 अरब डॉलर के पार जाने की संभावना है। आने वाले साल 2030 तक तकरीबन 81 करोड़ लोग ऑनलाइन खरीदारी में दिलचस्पी दिखा रहे होंगे। इसका सीधा असर डिजिटल भुगतान और डिजिटल कर्ज बाजार पर देखने को मिलेगा। वहीं इसको लेकर केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है` कि आज के दौर में गूगल प्ले और एप्पल एप स्टोर दोनों पर कई एप्लिकेशन हैं जिनका उपयोग भारतीयों द्वारा किया जाता है। हम सभी एप्लिकेशन को ट्रैक कर रहे हैं खास कर जो लोन एप्लिकेशन है। हमने गूगल और एप्पल दोनों को एक सलाह जारी की है कि वे असुरक्षित एप्लिकेशन या अवैध एप्लिकेशन को ऑनबोर्ड न करें। सभी डिजिटल नागरिकों के लिए इंटरनेट को सुरक्षित और विश्वसनीय बनाए रखना हमारी सरकार का उद्देश्य और मिशन है। हमारा इरादा है यह सुनिश्चित करने के लिए आरबीआई के साथ जल्द से जल्द बैठक करें कि श्वेतसूची हो, जिसका अर्थ है कि इन दो दुकानों पर केवल स्वीकृत ऋण आवेदनों की अनुमति देने का एक मानदंड बनाया जाए।



# टाटा स्टील के साथ यूके व ब्रिटेन की सरकार ने किया 125 करोड़ पाउंड के निवेश पर करार

**मुंबई ।**

टाटा स्टील के साथ यूके और ब्रिटेन की सरकार ने पोर्ट टैलबट साइट पर अत्याधुनिक इलेक्ट्रिक आर्क फर्नेस स्टीलमेकिंग में 125 करोड़ पाउंड के निवेश के प्रस्ताव का संयुक्त समझौता किया है। इस निवेश में ब्रिटेन की सरकार से 50 करोड़ पाउंड का अनुदान शामिल है। इस राशि का उपयोग संयंत्र को आधुनिक बनाने और कार्बन उत्सर्जन कम करने के लिए किया जायेगा। यह परियोजना ब्रिटेन की इस्पात सुरक्षा को मजबूत करेगी और यह स्थानीय इस्पात उद्योग में कार्बन उत्सर्जन कम करने की दिशा में पहला बड़ा कदम होगा, जिससे एक दशक में प्रत्यक्ष उत्सर्जन में पांच करोड़ टन की कमी आएगी। टाटा समूह के अध्यक्ष एन. चंद्रशेखरन ने कहा कि ब्रिटेन सरकार के साथ समझौता इस्पात उद्योग और वास्तव में ब्रिटेन में औद्योगिक मूल्य श्रृंखला के भविष्य के लिए एक निर्णायक क्षण है। महारानी की सरकार और प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के साथ ब्रिटेन में टिकाऊ इस्पात निर्माण के भविष्य के लिए प्रस्तावित संक्रमण मार्ग विकसित करने का काम करना बेहद खुशी की बात है। प्रस्तावित परियोजना में टाटा स्टील की बैलेंस शीट का पुनर्गठन भी शामिल होगा, जिसमें ब्रिटेन ऑपरेशन में मौजूदा नकदी घाटे और विरासती निवेशों की गैर-नकद हानि को संभावित रूप से समाप्त किया जाएगा। संक्रमण अवधि और परियोजना चरण के दौरान, टाटा स्टील यूके ग्राहक और बाजार प्रतिबद्धताओं को पूरा करने के लिए उत्पादों की निर्बाध और विश्वसनीय आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए गहनता से काम करेगा, जिसमें इसकी डाउनस्ट्रीम इकाइयों को खिलाने के लिए स्थिर आपूर्ति श्रृंखलाओं से अतिरिक्त स्टील सब्सट्रेट का आयात भी शामिल है। टाटा स्टील के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक टी.वी. नरेंद्रन ने कहा` कि टाटा स्टील यूके को अपने जीवन के अंत के करीब पहुंच रही भारी सुविधाओं के कारण महत्वपूर्ण चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

## गोआ में 8, 9 दिसंबर को आयोजित होगा इंडिया बाइक वीक

**नई दिल्ली ।** भारत में सबसे बड़ा बाइकिंग फेस्टिवल 10वीं बार गोवा में 8 और 9 दिसंबर को आयोजित होगा। इवेंट में लाइव संगीत प्रदर्शन, सेमिनार और कार्यशालाएं और कुछ शौकिया दौड़ गतिविधियां और अन्य कार्यक्रम होंगे। इस संबन्ध में सेवेंटी ईएमजी (आयोजन इकाई) के सीईओ और संस्थापक, मार्टिन दा कोस्टा ने कहा, कि इस साल गोवा में आईबीडब्ल्यू की दसवीं वर्षगांठ के लिए गल्फ ऑयल के साथ साझेदारी करके मुझे खुशी हो रही है। पिछ्ले एक दशक में, इंडिया बाइक वीक ने देश में मोटरसाइकिल संस्कृति के आश्चर्यजनक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। देश भर से हजारों सवारियाँ जीवन की सभी आवश्यक खुशियाँ - कामरेडशिप, मौज-मस्ती, रोमांच, यात्रा, स्वतंत्रता और समान विचारधारा वाली आत्माओं से मिलने का जश्न मनाने के लिए एक साथ आती हैं। उन्होंने कहा` कि अपने दसवें संस्करण में, हम सकारात्मक हैं कि आईबीडब्ल्यू अपने अब तक के सबसे महाकाव्य संस्करण का गवाह बनेगा, जिसमें चाय-पकौड़े की सवारी, राइड-आउट, संगीत समारोह, फूड ट्रेल्स आदि सहित कार्यक्रमों की एक विशाल श्रृंखला शामिल होगी।




## ईवी एक्सपो में डायनामो ने 6 इलेक्ट्रिक स्कूटर्स किए लॉन्च

**नई दिल्ली ।** इलेक्ट्रिक स्कूटर बनाने वाली स्टार्टअप कंपनी डायनामो ने ईवी इं डिया एक्सपो 2023 में अपनी कुल 6 इलेक्ट्रिक स्कूटर्स की रेंज को लॉन्च कर दिया है। इन स्कूटर्स में लो और हाई स्पीड वाली इलेक्ट्रिक स्कूटर्स शामिल हैं। लांच किए गए 6 इलेक्ट्रिक स्कूटर्स में इन्फीनिटी, एल्फा, स्माइली, आरएक्स1, आरएक्स4 और वीएक्स1 मॉडल्स शामिल हैं। हाई स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटर में आरएक्स1 और आरएक्स4 शामिल हैं, जो 2-3 किलोवॉट की फास्ट चार्जिंग लिथियम बैटरी के साथ अधिकतम 65 किलोमीटर प्रति घण्टा की स्पीड देते हैं। इनकी कीमत 82,000 और 99,000 रुपये एक्स-शोरूम है। लो स्पीड इलेक्ट्रिक स्कूटर में एल्फा, स्माइली, इन्फीनिटी और वीएक्स1 शामिल हैं, जो एक बार 3-4 घण्टे चार्ज करने पर 200 किलोमीटर तक की रेंज देते हैं। ये 2-3 किलोवॉट की लिथियम-आयन बैटरी और 10 एवं 12 इंच के टायर साइज़ के साथ राईड को स्मूद बनाते हैं और 55000 रुपये की शुरूआती कीमत एक्स-शोरूम पर कंपनी की डीलरशिप्स में उपलब्ध हैं। इनमें फायर प्रूफ बैटरी, स्वैपेबल बैटरी, स्मार्ट बीएफएस, जीपीएस और आईओटी टेकनोलॉजी जैसे फीचर्स शामिल हैं। कंपनी का कहना है कि इन मॉडलों में मल्टीपरपज़ एवं किफ़ायती प्रोडक्ट्स को आकर्षक रंगों में पेश किया गया है। पर्यावरण के अनुकूल ये वाहन अतिरिक्त एक्सेसरीज़ के साथ उपलब्ध हैं जैसे ब्लूटुथ स्पीकर, एंटी-थेफ्ट अलार्म, यूएसबी चार्जिंग पोर्ट और सेंट्रल लॉकिंग सिस्टम। उनके प्रोडक्ट्स इन-हाउस बैटरी सिस्टम से पावर्ड हैं और किफ़ायती दाम पर राइडरों को राईड का, खासतौर पर लास्ट माईल डिलीवरी का उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करते हैं।

## ढाई करोड़ रुपये कीमत में लेक्सस एलसी 500 एच बाजार में आया

**नई दिल्ली ।** लेक्सस ने अपनी स्पोर्ट्स कूपे एलसी 500एच के नए 2024 लिमिटेड एडिशन को मार्केट में उतार दिया है। जिसकी शुरुआती कीमत 2.50 करोड़ रुपये रखी गई है। मिली जानकारी के अनुसार हाल ही में कंपनी ने 2.39 करोड़ रुपये की कीमत पर लेक्सस एलसी 500 एच को लॉन्च किया था। लिमिटेड एडिशन लेक्सस एलसी 500 एच रेगुलर अवतार की तुलना में ज्यादा महंगा है। हालांकि इसमें कई बदलाव किए गए हैं। लेक्सस एलसी 500 एच लिमिटेड एडिशन में 3.5-लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड वी6 पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो एक इलेक्ट्रिक मोटर और एक सेल्फ-चार्जिंग लिथियम-आयन बैटरी से जुड़ा है। इसका इंजन 300एचपी की पावर और 348एनएम की पीक टॉर्क जेनरेट करता है। वहीं इलेक्ट्रिक मोटर 359एचपी के संयुक्त आउटपुट के लिए 180एचपी और 330एनएम की टॉर्क प्रोड्यूस करता है। एलसी 500एच एक हाइब्रिड सिस्टम का उपयोग करता है, जिसमें सीवीटी के साथ 4-स्पीड ऑटोमैटिक शामिल है। लेक्सस एलसी 500 एच लिमिटेड एडिशन में सेमी डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर के साथ नया 12.3 इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट डिस्प्ले, 12-स्पीकर साउंड सिस्टम, वायरलेस ऐप्पल कारप्ले, हवादार फ्रंट सीटें, एम्बिएंट लाइटिंग, हेड-अप डिस्प्ले, क्रूज़ कंट्रोल, डुअल-ज़ोन क्लाइमेट कंट्रोल जैसे फीचर्स दिए गए हैं। कंपनी का कहना है कि सिर्फ चुनिंदा यूनिट्स की उपलब्धता के साथ, यह एक्सक्लूसिव मास्टरपीस उन लोगों के लिए है जो ऑटोमोटिव शिल्प कौशल में सर्वोत्तम की मांग करते हैं। एलसी 2024 लिमिटेड एडिशन के अंदर कदम रखने से ग्राहक न सिर्फ विलासिता की ऊंचाई का अनुभव करेंगे बल्कि एक शार्प ड्राइविंग एक्सपीरियंस का भी आनंद लेंगे जिसे सड़क पर हर पल को ऊंचा उठाने के लिए डिजाइन किया गया है।

# (शेयर बाजार साप्ताहिक समीक्षा) सेंसेक्स और और निफ्टी में आधा फीसदी की तेजी रही

**मुंबई ।**

वैश्विक बाजारों से मिले बेहतर संकेतों की वजह से सप्ताह के ओ खिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार आधा फीसदी की तेजी के साथ बंद हुए। बीते सप्ताह भर शेयर बाजारों में तेजी का रुख रहा। बीते सप्ताह के पांच कारोबारी दिनों पर नजर डालें तो सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को बीएसई का 30 शेयर वाला सेंसेक्स 245.37 अंकों की बढ़त के साथ 66,844.28 पर खुला और 176 अंकों की बढ़त के साथ 19996.35 पर बंद हुआ। जबकि एनएसई का निफ्टी 83.85 अंक चढ़कर 19,903.80 पर खुला और 528 अंक उछलकर 67,127.08 पर बंद हुआ। मंगलवार को बाजार खुलने के दौरान सेंसेक्स में 300 अंकों का उछाल दिखा जबकि निफ्टी 20100 के स्तर को छू गया। सेंसेक्स 308 अंकों की तेजी के साथ 67,434 पर खुला और 94.05 अंक चढ़कर 67,221.13 पर बंद हुआ। निफ्टी 74 अंकों की तेजी के साथ 20,071 पर खुला और 3.15 अंक टूटकर 19,993.20 पर बंद हुआ। बुधवार को सेंसेक्स 168 अंकों की गिरावट के साथ 67,053 पर खुला और 245.86 अंक उछलकर 67,466.99 पर बंद हुआ। निफ्टी 49 अंकों की गिरावट के साथ 19,944 पर खुला और 76.80 अंक की बढ़त के साथ पहली बार 20,070 अंक पर बंद हुआ। गुरुवार को सेंसेक्स 213 अंक बढ़कर 67,680 पर खुला और 52.01 अंक चढ़कर 67,519 पर बंद हुआ। निफ्टी भी पिछ्ले सत्र के मुकाबले 69 अंकों अंकों की बढ़त के साथ 20,138 पर खुला और 33.10 अंक की बढ़त के साथ 20,103.10 के सार्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। चीन के उम्मीद से अधिक वृहद आर्थिक आंकड़ों तथा अमेरिकी ब्याज दरों में नरमी से शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 225 अंक बढ़कर 67,744 पर खुला और 319.63 अंक (0.47 फीसदी) उछाल के साथ 67,838.63 पर बंद हुआ। निफ्टी 58 अंकों की तेजी के साथ 20161 पर खुला और 89.25 अंक (0.44 फीसदी) की तेजी के साथ 20,192.35 पर बंद हुआ।



## आवास ऋण को छत पर सौर ऊर्जा इकाई लगाने से जोड़ेगी एसबीआई

**मुंबई ।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने बहुपक्षीय एजेंसियों से जुटाई गई दीर्घकालिक जलवायु कार्रवाई निधि से वित्तपोषित आवासीय परियोजनाओं के लिए कर्ज आवंटन में छत पर सौर ऊर्जा इकाई की स्थापना को अनिवार्य बनाने की योजना बनाई है। एसबीआई ने जून में 6.3 लाख करोड़ रुपए का आवास ऋण स्वीकृत किया। बैंक पर विश्व बैंक, एशियाई विकास बैंक और जर्मनी के केएफडब्ल्यू जैसी बहुपक्षीय एजेंसियों का 2.3 अरब डॉलर का विदेशी मुद्रा ऋण बकाया है। एसबीआई के एक व रिष्ठ अ धिकारी ने कहा कि यदि आवासीय परियोजना हमारे हरित कोष से वित्तपोषित है तो हम बिल्डरों के लिए छत पर सौर ऊर्जा इकाई लगाने को अनिवार्य बनाने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने यहां हाल ही में सिडबी द्वारा आयोजित वैश्विक एसएमई सम्मेलन के कहा कि वास्तव में हम आगे चलकर इसे आवास ऋण आवेदकों के लिए एक एकीकृत सौदा बनाने की योजना बना रहे हैं। ये ऋण 10 वर्षीय या 20-वर्षीय अवधि के साथ आते हैं जिससे उधार लेने वाले बैंकों के लिए विदेशी मुद्रा जोखिम पैदा होता है।




# बासमती चावल के निर्यात पर लगाई रोक वापस लेने की मांग

साल 2030 तक ऑनलाइन खरीदारों की संख्या होगी 81 करोड़

**नई दिल्ली ।**

डिजिटल युग के इस दौर में भारत में अकेले कर्ज का बाजार वर्ष 2022 में 280 अरब डालर का था। आकड़ों के मुताबिक वर्ष 2023 तक ये 351 अरब डॉलर के पार जाने की संभावना है। आने वाले साल 2030 तक तकरीबन 81 करोड़ लोग ऑनलाइन खरीदारी में दिलचस्पी दिखा रहे होंगे। इसका सीधा असर डिजिटल भुगतान और डिजिटल कर्ज बाजार पर देखने को मिलेगा। वहीं इसको लेकर केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा है` कि आज के दौर में गूगल प्ले और एप्पल एप स्टोर दोनों पर कई एप्लिकेशन हैं जिनका उपयोग भारतीयों द्वारा किया जाता है। हम सभी एप्लिकेशन को ट्रैक कर रहे हैं खास कर जो लोन एप्लिकेशन है। हमने गूगल और एप्पल दोनों को एक सलाह जारी की है कि वे असुरक्षित एप्लिकेशन या अवैध एप्लिकेशन को ऑनबोर्ड न करें। सभी डिजिटल नागरिकों के लिए इंटरनेट को सुरक्षित और विश्वसनीय बनाए रखना हमारी सरकार का उद्देश्य और मिशन है। हमारा इरादा है यह सुनिश्चित करने के लिए आरबीआई के साथ जल्द से जल्द बैठक करें कि श्वेतसूची हो, जिसका अर्थ है कि इन दो दुकानों पर केवल स्वीकृत ऋण आवेदनों की अनुमति देने का एक मानदंड बनाया जाए।



## जूम एयरलाइंस शुरू करेगी वाणिज्यिक सेवाएं



**नई दिल्ली ।** जूम एयरलाइंस को भारत में वाणिज्यिक यात्री संचालन शुरू करने के लिए आधिकारिक मंजूरी मिल गई है। गुरुग्राम स्थित एयरलाइन को डीजीसीए से अपना एयर ऑपरेटर सर्टिफिकेट (एओसी) मिल गया है। ऐसे में अब घरेलू यात्रियों को एक और एयरलाइन की सुविधा मिल मिलेगी। एओसी किसी भी एयरलाइन के लिए एक महत्वपूर्ण प्रमाणन है, क्योंकि यह दर्शाता है कि एक ऑपरेटर ने नागरिक उड्डयन अधिकारियों की ओर से निर्धारित कड़े सुरक्षा, परिचालन और नियामक मानकों को पूरा किया है। इस प्रमाणन के साथ जूम एयरलाइंस को अब आधिकारिक तौर पर भारत में वाणिज्यिक यात्री संचालन शुरू करने की मंजूरी मिल गई है। जूम एयरलाइंस के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने इस उपलब्धि के बारे में कहा कि एयर ऑपरेटर सर्टिफिकेट प्राप्त करना सुरक्षा और परिचालन उत्कृष्टता के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हम इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर तक पहुंचने में हमारी मदद करने के लिए अपनी समर्पित टीम के आभारी हैं। हमारे एओसी के साथ हम यात्रियों को एक शीर्ष यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए तत्पर हैं जो सुविधा, दक्षता और आराम को जोड़ती है।

# बढ़ने लगा फुट स्पा का क्रेज



**चेहरे** की देखभाल के साथ—साथ जरूरी है आपके पैर भी खूबसूरत दिखें। इसीलिए महिलाएं अब पैरों को खूबसूरत बनाने के लिए फुट स्पा का सहारा ले रही हैं। ब्यूटी एक्सपर्ट्स बताते हैं कि जितना जरूरी हेयर स्पा या बॉडी स्पा है, उतना ही जरूरी है फुट स्पा। पैरों को ज्यादातर लोग नजर अंदाज करते हैं, लेकिन इनकी साफ-सफाई व रैगुलर देखभाल बेहद जरूरी है। फुट स्पा न केवल आपके पैरों को खूबसूरत बनाता है, बल्कि पैरों के दर्द से भी राहत दिलाता है। ब्यूटी सैलून के साथ—साथ घर पर भी थोड़ा समय निकाल कर आप अपने पैरों की टैनिंग दूर कर सकते हैं और इन्हें सॉफ्ट व खूबसूरत बना सकते हैं। वुमन भास्कर ने फुट स्पा को लेकर शहर की ब्यूटी एक्सपर्ट्स से बात की और जाने पैरों की देखभाल के टिप्स :

**महीने में एक बार जरूर लें फुट स्पा :** ब्यूटी एक्सपर्ट रूपाली बताती हैं कि ज्यादातर महिलाएं अपने चेहरे की खूबसूरती को लेकर ही चिंतित होती हैं, लेकिन अब कुछ समय से वे पैरों का भी ध्यान रखने लग गई हैं। बॉडी स्पा व हेयर स्पा की सर्विस के साथ—साथ अब फुट स्पा की भी डिमांड बढ़ रही है। 200 रुपए से लेकर 1100 रुपए के एफोर्डेबल रेट्स पर फुट स्पा लिया जा सकता है। महीने में कम से कम दो बार फुट स्पा जरूर करवाना चाहिए। इसी के साथ—साथ पैडीक्योर भी बेहद जरूरी है, ताकि पैरों से डेड स्किन निकल सके और पैर साफ दिखें।

**गर्मी में कूल इफैक्ट :** शॉज की सैंटर हैड ईशा बताती हैं कि कुछ महिलाओं को पैरों में गर्माइश महसूस होती है। इसके लिए उनके सैलून पर फूट आईस वर्क स्पा दिया जाता है। इसके अलावा अलग—अलग तरह के स्पा जैसे डी-टैन, चॉकलेट फूट स्पा, फूट हील जैसा स्पा उपलब्ध है। ईशा बताती है कि कई महिलाओं को क्रेक हील्स की परेशानी ज्यादा होती है। ऐसे में फूट स्पा मददगार साबित होता है।

**एंटी टैनिंग ब्लीच का करें इस्तेमाल:** ब्यूटी एक्सपर्ट्स बताते हैं कि कम खर्च में भी घर पर रहकर पैरों की देख भाल की जा सकती है। इसके लिए मार्केट में कई तरह की एंटी टैनिंग ब्लीच उपलब्ध है। ब्यूटी एक्सपर्ट रजनी बताती हैं कि गर्मियों में टैनिंग ज्यादा होती है। शूज न पहनने के कारण महिलाओं के पैरों पर टैनिंग का ज्यादा इफैक्ट होता है। इसीलिए एंटी टैनिंग ब्लीच का हर 15 दिन में प्रयोग मददगार साबित हो सकता है।

**करें फुट मसाज:** पैरों को रीलैक्स करने के लिए फुट मसाज मददगार साबित हो सकती है। इससे पैर साफ भी हो जाते हैं और आपकी थकान भी दूर होती है। आप घर पर भी पैरों का शॉर्टकट में पैडीक्योर कर सकते हैं। इसके लिए बाथ टब में गर्म पानी लें और उसमें लिक्विड सोप डालें। कुछ देर तक पानी में पैर रखें व इन्हें ब्रश से साफ करें। मार्केट में उपलब्ध स्क्रब का भी आप इस्तेमाल कर सकते हैं। इसके बाद टॉवल से पोंछ कर कोल्ड क्रीम या नारियल का तेल लगाएं।



## खमण पिजा केक

**सामग्री :** आधा पैकेट इंस्टेंट खमण मिक्स, आधा टीस्पून ऑरिगेनो, आधा टीस्पून चिली फ्लेक्स, 1 टीस्पून तेल, 1 टीस्पून तिल, 2 टीस्पून टोमैटो केचअप, 2 टीस्पून चिली गर्लिक सॉस, 2 टीस्पून टेबेस्को (एक तरह का सॉस), 2 टीस्पून पिजा मसाला, सजावट के लिए कटे प्याज, कटी शिमला मिर्च, मकई के दाने और आवश्यकतानुसार पानी।

**विधि :** खमण मिक्स में ऑरिगेनो, चिली फ्लेक्स और पानी को मिला लें। चिकनाई लगे बर्तन में अच्छी तरह भरें। 5 मिनट तक भाप में पकाएं। ठंडा होने दें। कड़ाही में तेल गर्म करें तिल डालें और इसे खमण केक पर फैला दें। अब केचअप, टेबेस्को और चिली सॉस को मिलाकर खमण केक पर फैला दें। कद्दूकस किया हुआ चीज, पिजा मसाला, कटी सब्जियां और कॉर्न डालकर सजाएं। 250 डिग्री सें। पर 2 मिनट तक (चीज पिघलने तक) बेक करें।

## कॉर्न रायता

**सामग्री :** 1 कप दही, 1 कप कॉर्न यानी मकई, आधा टमाटर, 3-4 टीस्पून हरी धनिया, आधा टीस्पून हरी धनिया, आधा टीस्पून अदरक-मिर्ची का पेस्ट, नमक स्वादानुसार।

**छौंक के लिए :** आधा टीस्पून तेल, आधा प्याज, आधा शिमला मिर्च, आधा टीस्पून राई, आधा टीस्पून जीरा, 2-3 करीपत्ते, 2 बोरिया मिर्ची।

**विधि :** रायता की सभी सामग्रियों को मिलाएं। छौंक तैयार करें। रायते में छौंक देकर ठंडा होने के लिए फ्रिज में रख दें। ठंडा-ठंडा सर्व करें।



# सजावटी खूबसूरत फ्रूट बोल्स

अपनी डाइनिंग टेबल को दें नया लुक कुछ स्टाइलिश और ऐसे शानदार फ्रूट बोल्स तथा फ्रूट हैंगर्स से, जो बढ़ा दें जायका खाने का। ताजे और रसीले फल लगते हैं मजेदार, चाहे वे किसी भी मौसम में परोसे जाएँ। मेहमानों का दिल लुभाने के लिए फ्रूट्स सर्व करने हों.. तो अपनाइए ये सजीले बोल्स।

- प्लेन और एक रंगे बोल्स के फीकेपन से अगर बोरियत होने लगी हो तो क्यों न आजमाकर देखें रंग-बिरंगे पंछियों से सजी खूबसूरत बोल्स को।
- एक बेहतरीन और खास कलेक्शन है रंग-बिरंगी फूल-पत्तियों से सजी केक ट्रे, ग्लासेज और फ्रूट ट्रे का, जिसे देखते ही खिल उठेगा आपके मेहमानों का मन। पेड़-पौधों और पहाड़ों की हरियाली मानो जी उठती है काँच के बने इन खूबसूरत बोल्स में।
- कुछ लोग दुनियाभर से आर्ट पीसेज खरीदने के शौकीन होते हैं, ऐसे में इटेलियन अंदाज से बनी फ्रूट बोल्स हो सकती है एक खास पसंद।
- खालिस और उम्दा क्वालिटी की चीजें खरीदने की दिलचस्पी यदि आप में है तो सोने पर उकेरी गई डिजाइन वाले पोर्सलीन बाउल को अपनाइए। इसे देखकर सभी आपकी पसंद के कायल हो जाएँगे।



- फूल, पत्तियों तथा फलों के आकार में बने दिलकश बोल्स जताते हैं आधुनिकता की पहचान और इनसे बढ़ती है आपके टेबल की शान।
- नीले, हरे-लाल रंगों में बने ग्लास बोल्स भी आपके टेबल को देते हैं एक सोफिस्टिकेटेड लुक। चिकने ग्लास वेयर के साथ कलर्ड पोर्सलीन के मिश्रण से बने सपाट फ्रूट बोल्स में रखे फलों को देखते ही आपके मेहमानों का दिल उन्हें खाने के लिए ललचा उठेगा।
- अगर आप हों बेहद कलाप्रेमी तो हाथों से चित्रकारी किए गए फ्रूट बोल्स में भी आपके मनपसंद फल दिखेंगे बेहद लाजवाब और सुंदर।
- इसके अलावा आप बाँस से बनी फ्रूट-बोल्स को भी उपयोग में ला सकते हैं। ये न केवल दिखने में सुंदर लगेंगी बल्कि नजाकत का एहसास भी देंगी।
- बच्चों के लिए विशेष तौर पर कार्टून कैरेक्टर से सजी फ्रूट-बोल्स लाई जा सकती हैं।
- आजकल मैटल से बनी डिजायनर बोल्स का भी काफी चलन है। ये ज्यॉमेट्रिकल या कुछ अजीब डिजायनों में भी मिलती हैं जो देखने में आकर्षक तथा अनूठी लगती हैं। इसी तरह क्रिस्टल से बनी बोल्स भी चलन में हैं। हालाँकि ये थोड़ी महँगी हैं लेकिन यदि आप कुछ-अलग हटकर खरीदने वालों में से हैं तो आपके लिए ये बिलकुल सही पसंद है।



- कपड़ों से बनी टोकरीनुमा बोल्स भी वर्तमान में प्रचलन में है। इनमें फ्रूट्स के अलावा चपाती आदि भी रखी जा सकती है।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होंगी। कुछ भ्रामक धारणाओं का खंडन होगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। शुभांक-5-6-9

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। किसी सूचना से पूर्ण निर्णय सम्भव। सुख आरोग्य प्रभावित होगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-2-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान की कोशिश करेगा। शुभांक-4-7-9

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। इच्छित कार्य सफल होंगें। शुभांक-1-3-5

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): दुर्लभ स्वप्न साकार होंगे। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। भावनाओं का उद्वेग बढ़ेगा। शुभांक-2-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): विवाद समाप्त होंगे। शुभ संदेशों से मन खिला-खिला रहेगा। परेशानीयां स्वत: ही दूर होती प्रतीत होगी। अध्ययन में रुचि पैदा होगी। अभिभावकों के प्रति उत्तरदायित्व निभाने होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करे। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। शुभांक-3-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शुभांक-3-5-7

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): आवेश में आना आपके हित में नही होगा इसलिए व्यवहार व वाणी पर नियत्रंण रखें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। सलाह उपयोगी सिद्ध होगी। विपरीत परीस्थितियों में भी हानि नहीं होगी। शुभांक-5-6-8


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-6-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): समय पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा। स्वविवेक से कार्य करें। शुभांक-4-6-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। शुभांक-3-5-8


**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): जीवनसाथी अथवा दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। इच्छित कार्य सफल होंगे। शुभांक-2-5-7

## काकुरो पहेली - 2948




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:



1+2+3+4+5+6=21
1+2+3+4+5+7=22
3+5+6+7+8+9=38
4+5+6+7+8+9=39

काकुरो - 2947 का हल



## हंसी के फूव्वारें

एक व्यक्ति ने डाक्टर को धन्यवाद देते हुए कहा-'डाक्टर साहब! मैं आपका बहुत एहसानमन्द हूँ. आपके इलाज से मुझे बहुत फायदा पहुँचा है.'

'मगर.....?' डाक्टर ने चौंकते हुए कहा-'मैंने तो कभी आपका इलाज नहीं किया.'

'आपने मेरा तो नहीं, मगर मेरे करोड़पति चाचाजी का इलाज किया था. पिछले सप्ताह उनका देहान्त हो गया और मैं उनका एकमात्र वारिस हूँ.'

एक पिता मृत्यु की घड़ियां गिन रहा था . उसके तीन पुत्र आपस में बहस कर रहे थे. बड़ा पुत्र बोला-'एम्बूलेंस मंगा लेनी चाहिए.'

मंझला-'नहीं ! बैल ठेला कर लेंगे !'

छोटा-'कन्धे पर डालकर ले चलो !'

सुनकर पिता से रहा नहीं गया, बोला-'तुम मेरी चप्पलें ला दो, मैं खुद ही चला जाऊंगा.'


सीता-'मेरे बाप ने तो तैरने का रिकार्ड तोड़ दिया. पूरे तीन दिन बाद वापस लौटे हैं.'

गीता-'वह तो ठीक है. लेकिन तुम्हारे बाप हमारे बाप के सामने तो टिक नहीं सकते !'

'कैसे ?'

'मेरे बाप चार वर्ष पहले तैरने गये थे और आज तक वापस नहीं आये हैं.'

## फिल्म वर्ग पहेली- 2948



**बायें से दायें:-**

१. 'इश्क कभी करियो' गीत वाली फिल्म-४
४. 'किस कारण नैया डोली' गीतवाली सनी देओल, मीनाक्षी की फिल्म-३
७. मिथुन, रंभा, वैष्णवी की 'कारी कजरारी कंवारी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मैं एक प्यासी' गीत वाली सनी, संजय, धर्मेन्द्र, रवीना, दिव्या की फिल्म-३
११. विनोद खन्ना, शबाना आजमी की अरूणा विकास निर्देशित फिल्म-२
१२. 'जब दिल चुराये कोई' गीत वाली दिनो मोरिया, बिपाशा की फिल्म-३
१४. अनिलकपूर, अक्षय, ऐश्वर्या की 'इस टूटे दिल की पीर' गीत वाली फिल्म-२
१७. 'मैं इश्क उसका' गीत वाली अर्जुन रामपाल, जायेद, अमीषा की फिल्म-२
१९. सलमान खान, शिल्पा की 'फरियाद क्या करें हम' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'प्यार काहे बनाया' गीत वाली विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-२
२१. 'प्रहार' में डिम्पल का नायक कौन-२
२२. जैकी श्रॉफ, मनीषा कोइराला की 'एक बात बताऊं' गीतवाली फिल्म-३
२४. लक्की अली, गौरी की एक फिल्म-२
२५. फिल्म 'बड़े दिलवाला' में प्रिया गिल के साथ नायक-३
२६. संजयकपूर, माधुरी की 'तूने अगर प्यार से देखा' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'जूली' में प्रियांशु की नायिका-२
२९. जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'मेरे चेहरे पे लिखा है' गीत वाली विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
३२. सनी देओल, अमीषा पटेल की 'घर आजा परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
३५. 'राज की बात कह दूं तो' गीत वाली नवीननिश्चल, प्राण, रेखा की फिल्म-२
३६. मिथुन, मधु की तू चीज बड़ी है सख्त सख्त' गीत वाली फिल्म-५

**ऊपर से नीचे:-**

१. संजीवकुमार, विद्या सिन्हा की फिल्म-२
२. 'एक मैं हूं एक तू है' गीत वाली फिल्म-२
३. 'बड़े नाजुक दौर से' गीत वाली अभिषेक, भूमिका चावला की फिल्म-२
४. सनी, शाहरूख खान, जूही चावला फिल्म-२
५. 'तन्हा तन्हा दिल अपना' गीत वाली फिल्म-३
६. तुषार कपूर, अंतरा माली की 'मैं लव तुम से' गीत वाली फिल्म-३
८. 'चूड़े वाली छमिया मिला' गीत वाली सनी देओल, जयाप्रदा की फिल्म-३
१०. फिल्म 'विश्वनाथ' में नायिका कौन थी ?-२
१२. मनोजकुमार, नंदा की 'जाने चमन शोला बदन' गीत वाली फिल्म-४
१३. इमरान, शाहबाज, तब्बू की फिल्म-२
१५. परीक्षित साहनी, नूतन की 'एक छोरा है गोरा' गीत वाली फिल्म-३
१६. आफताब, लिसा रे की फिल्म-३
१८. 'बिन साजन झूला झूलू' गीत वाली फिल्म-३
२३. राजेंद्रकुमार, धर्मेन्द्र, मालासिन्हा की 'बोल मेरे साथिया' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'जलते हैं जिसके लिये' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
२५. अक्षय, अजय, करिश्मा, नगमा की 'तेरे लिए जानम' गीत वाली फिल्म-३
२७. अक्षय कुमार, करीना, प्रियंका की फिल्म-४
३१. 'कहाँ गये ममता भरेदिन' गीतवाली फिल्म-२
३३. 'बाबूजी जरा धीरे चलो' गीत वाली विवेक ओबेराय, दीया की फिल्म-२
३४. अमिताभ, ओमपुरी, फरदीन, करीना की 'जब नही' गीत वाली फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली- 2947

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बे | व | फा | | ब | | प्रे | म | रो | ग |
| खु | | य | ल | गा | र | | हा | | ब |
| दी | वा | र | | व | | आ | न | बा | न |
| | दा | | श | त | रं | ज | | जी | |
| स | | श | क्ति | | ग | | जं | ग | ली |
| हे | मा | | मा | या | | सा | ग | र | |
| ली | | शा | न | | का | ज | ल | | स |
| | स | र | | जु | नू | न | | फू | ल |
| शा | न | दा | र | | न | | शू | | मा |
| | म | | वि | द्या | | ब | ल | वा | न |

## सूडोकु -2948


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | 1 | 4 | | | 2 |
| 1 | 2 | | 6 | | 3 | | 5 | |
| | | 5 | | 8 | 7 | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | 9 | | | 8 |
| 2 | 1 | | | 5 | | | 4 | 6 |
| 4 | | | 3 | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 8 | 4 | | 5 | | |
| | 6 | | 9 | | 5 | | 2 | 4 |
| 8 | | | 1 | 7 | | | 6 | 3 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु -2947 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |

## शब्द पहेली - 2948



**बाएँ से दाएँ**

1.असह्य,नागवार-5
4.कली-3
6.पराया,पंख-2
7.समुद्र-3
8.पिता की बहन-2
10.चौकसी,सुरक्षा-3
11.कृष्ण प्रेमी एक मुस्लिम कवि -4
14.छल,धोखा-3
16.पक्षी,उड़ने वाला-4
17.उम्मीद-2
18.दौरा,पहरेदारी-2
19.धारण करना-4
21.आफत,मुसीबत-3
22.विदिर्ण-2,2
24.प्रकाशित-3
25.बल,जान-2
27.रसदार-3
28.जगत,दुनिया-2
29.नग,मूल्यवान पत्थर-3
30.तृप्त होना-5

**ऊपर से नीचे**

1.जबरन उठा ले जाना-5
2.महोदय (अंग्रेजी-2)
3.नीलिमा-4
4.कुंती पुत्र,राधेय-3
5.वश,अधीन-2
7.संपूर्ण,पूर्ण-2
9.शिकार-3
12.असली,शुद्ध-3
13.हठ करना,रोना -4
15.हारा हुआ,पराजित-3
16.मशवरा,सलाह-4
17.विश्राम-3
18.अभिमान-3
20.भयभीत होना-2,3
21.संभवतः-3
22.टर्पेंटाइन, गंधा बिरोजा-4
23.तरना,स्वीमिंग-3
24.इसे मकड़ी बुनती है-2
26.जी,चित-2
28.संपत्ति-2

शब्द पहेली -2947 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अ | ह | म | क | | जा | य | दा | द | |
| ल | | क | म | र | | न | म | न | | अ |
| व | स | | ता | त | | का | ज | | हा | र |
| कु | ली | न | | ल | ह | र | | रा | ज | मा |
| श | ब | न | म | | म | | आ | स | मा | न |
| | | | सा | फ | स | फा | ई | | | |
| अ | च | र | ज | | फ | | ना | ला | य | क |
| व | म | न | | ह | र | म | | ल | की | र |
| ता | न | | स | जा | | हा | र | | न | त |
| र | | क | र | म | | व | ज | न | | ब |
| | ग | फ | ल | त | | त | क | दी | र | |

# आज 9वीं बार एशिया कप के फाइनल में आमने-सामने होगी भारत और श्रीलंका की टीमें

**–बारिश डाल सकती हैं फाइनल मैंच में खलल**

**कोलंबो (एजेंसी)।** एशिया कप 2023 का फाइनल अब कुछ घंटे दूर है। रविवार को एशिया कप के इतिहास की दो सबसे सफल टीमें एक बार फिर आमने सामने होंगी। वहीं इन दोनों टीमों के बीच 8 बार एशिया कप का फाइनल खेला गया है। दोनों ही टीमें अच्छी लय में नजर आ रही हैं। दोनों के बीच एक हाई वोल्टेज मुकाबला देखने को मिल सकता है।

श्रीलंका के ऑफ स्पिनर महेश थीक्षाना हैमस्ट्रिंग की चोट के कारण रविवार को भारत के खिलाफ होने वाले एशिया कप फाइनल मुकाबले से बाहर हो गए हैं, जबकि मेहमान टीम ने ऑफ स्पिन राउंडर वाशिंगटन सुंदर को अक्षर पटेल के कवर के रूप में बुलावा भेजा है। पाकिस्तान के खिलाफ सुपर 4 मैच के दौरान थीक्षाना की दाहिनी हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था और वह अपने ओवरों का कोटा पूरा करने के बाद लड़खड़ाते हुए मैदान से बाहर चले गए थे। श्रीलंकाई चयनकर्ताओं ने थीक्षाना के स्थान पर सहान अराचिगे को टीम में शामिल किया है।

वहीं, दूसरी ओर बांग्लादेश के खिलाफ मैच में अक्षर की परेशानी के कारण सुंदर को एशिया कप खिताबी मुकाबले से पहले बुला लिया गया है। बांग्लादेश के खिलाफ 42 रन बनाने वाले अक्षर की बाईं कलाई, कोहनी पर चोटें आईं और जांघ की समस्या के लिए उन्हें इलाज करना पड़ा, हालांकि उनके प्रयास आर प्रेमदासा स्टेडियम में भारतीय जीत में तब्दील नहीं हो सके।

सुंदर एशियाई खेलों के लिए भारत की टीम का हिस्सा हैं। और वह इस समय बेंगलुरु में हैं। एशिया कप फाइनल के बाद, उनके चीन के हांगझू में प्रतियोगिता आयोजित होने से पहले 23 सितंबर तक चलने वाले एशियाई खेलों के शिविर में फिर से शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने आखिरी बार इस साल जनवरी में घरेलू मैदान पर न्यूजीलैंड के खिलाफ एकदिवसीय मैच खेला था, लेकिन 15 सदस्यीय विश्व कप टीम में जगह बनाने से चूक गए थे।वहीं इस रोमाचंक मैंच में बारिश खलल डाल सकती हैं। मौसम विभाग की माने तब रविवार को बारिश होने की उम्मीद हैं।




**फाइनल के लिए दोनों टीमों का स्क्वाड**

**भारतीय टीम**

रोहित शर्मा (कप्तान), विराट कोहली, शुभमन गिल, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, तिलक वर्मा, ईशान किशन, केएल राहुल, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, पृसिद्ध कृष्णा, शार्दुल ठाकुर।

**श्रीलंका टीम**

दासुन शनाका (कप्तान), चरिथ असलंका, डिमुथ करुणारत्ने, पथुम निसांका, सदीरा समाविक्रमा, धनंजय डे सिल्वा, दुशन हेमंथा, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, बिनुरा फर्नानंडो, डिनुथ वेलालागे, कासुन रजिथा, महीश तीक्षणा, मथीशा पथिराना, प्रमोद मदुशन।

# अभिमन्यु ने विश्व कुश्ती चैम्पियनशिप के शुरूआती दौर में उलटफेर किया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** युनाइटेड विश्व कुश्ती (यूडब्ल्यूडब्ल्यू)विश्व चैंपियनशिप के पहले दिन सभी चार भारतीय फ्री-स्टाइल पहलवानों ने शनिवार को यहां अपने शुरुआती दौर के मुकाबलों में जीत हासिल की, जिसमें 70 किग्रा पहलवान अभिमन्यु ने रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज यूक्रेन के इहोर न्यकीफोरुक को हराया।

जून में अंडर23 विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक विजेता और विश्व रैंकिंग में 26वें स्थान पर रहे अभिमन्यु ने यूक्रेन के खिलाड़ी को 19-9 से हराया। अभिमन्यु ने शुरुआती तीन मिनट के खेल में 5-0 की बढ़त बना ली थी। रेफरी को दूसरे पीरियड में 2.41वें मिनट पर खेल रोकना पड़ा। भारतीय खिलाड़ी के सामने प्री-क्वार्टर फाइनल में मोलदोवा के निकोलाई ग्राहमेज की चुनौती होगी।

आकाश दहिया ने मोलदोवा के प्रतिद्वंद्वी लेओमिड कोलेस्निक को 10-5 से हराकर विजयी शुरुआत की। दुनिया के 21वें नंबर के पहलवान का मुकाबला अब उज्बेकिस्तान के जाहोंगिरमिर्ज़ा तुरोबोव से होगा, जिन्हें यहां छठी वरीयता दी गई है और 2021 एशियाई चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता हैं। शुरुआती दौर के अन्य मुकाबलों में, 86 किग्रा के पहलवान संदीप मान ने तकनीकी श्रेष्ठता (10-0) से जीत के साथ उत्तरी मैसेडोनिया के डेजान मित्रोव को हराया। वह क्वालीफिकेशन के दूसरेराउंड में चीन के लिन जुशेन से भिड़ेंगे।

भारत के 125 किग्रा पहलवान सुमित ने भी दुनिया में 30वें स्थान पर मौजूद जापान के ताकी यामामोटो पर आसान जीत दर्ज की। उन्होंने 3-1 से जीत दर्ज करके प्री-क्वार्टर फाइनल में पोलैंड के रॉबर्ट बारान से मुकाबला तय किया। सातवीं वरीयता प्राप्त बारान 2016 रियो ओलंपिक खेलों में क्वार्टर फाइनलिस्ट होने के अलावा यूरोपीय चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता हैं।

# आज फाइनल में कोहली के लिए काल साबित हो सकता हैं ये श्रीलंकाई गेंदबाज

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एशिया कप का चैंपियन 17 सितंबर को सामने आएगा। दुनियाभर के दर्शक भारत और पाकिस्तान के बीच फाइनल में हाई वोल्टेज मुकाबले की आस लगाए थे। लेकिन श्रीलंका ने अपने घर में डंका बजाया और पाकिस्तान को धूल चटाकर इतिहास फिर से दोहरा दिया। अब एशिया कप फाइनल में फिर श्रीलंका और भारत की पुरानी राइवलरी 12 साल बाद देखने को मिलेगी। सुपर-4 में लंका ने गेंदबाजी से शानदार तरीके से टक्कर दी, विराट कोहली जैसे दिग्गज को इस टीम ने आसानी से चलता किया। अब फाइनल में भी विराट के लिए अशुभ संकेत दिखाई दे रहे हैं।

श्रीलंका और भारत के बीच कोलंबो में सुपर-4 का मैच हुआ। जहां स्पिनर्स ने 5 ओवर्स पहले ही पूरी टीम को ढेर कर दिया था। इसमें श्रीलंका के चमकते सितारे दुनिथ वेल्लालागे ने टीम इंडिया को चेतावनी दे दी थी। दुनिथ वेल्लालागे ने पहले विराट, रोहित और गिल का विकेट लेकर टॉप ऑर्डर को ध्वस्त किया। इसके बाद राहुल और पंड्या जैसे स्टार्स को पवेलियन भेज दिया था। अब फाइनल में कोहली के सामने वेल्लालागे सबसे खूंखार प्लेयर साबित होते नजर आ रहे हैं। ये हम नहीं बल्कि विराट के लेफ्ट आर्म स्पिनर के खिलाफ आंकड़े कह रहे हैं। दुनिथ महज 20 साल के हैं और इस उम्र में ही उन्होंने विराट-रोहित को एक साथ पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। कोहली के लिए लेफ्ट आर्म स्पिनर अभी तक काल साबित हुए हैं। उन्होंने 11 पारियों में से 9 बार लेफ्ट आर्म स्पिनर को अपना विकेट दिया है।

# वर्ल्ड कप से पहले ही ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के स्टार खिलाड़ी हुए चोटिल

**–ऑस्ट्रेलिया के सलामी बैटर ट्रेविस हेड और न्यूजीलैंड के टिम साउदी की हड्डी टूटी**




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वर्ल्ड कप में अब 20 दिन ही बचे हैं, ऐसे में दो बड़ी टीमों के खिलाडियों की हड्डी टूटने से मैच पर असर पड़ सकता है। बता दें कि टूर्नामेंट का ओपनिंग मैच 5 अक्टूबर को पिछली बार की फाइनलिस्ट इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा लेकिन, इस मैच से पहले 13 हजार किलोमीटर के फासले पर क्रिकेट खेल रही ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की टीम को एक जैसा झटका लगा है। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड दोनों के ही स्टार खिलाड़ी चोटिल हो गए हैं और इन दोनों के विश्व कप के शुरुआती मुकाबलों में खेलने पर संशय है और ये दोनों ही वर्ल्ड कप के प्रोविजनल स्क्वॉड में शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बैटर ट्रेविस हेड और न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज टिम साउदी दोनों की ही हड्डी टूट गई है। हेड के बाएं हाथ की हड्डी टूटी है तो टिम साउदी के दाएं हाथ के अंगूठे में फ्रैक्चर हुआ है और इन दोनों के वर्ल्ड कप के शुरुआती मुकाबलों में खेलने की उम्मीद कम है। इस वक्त न्यूजीलैंड की टीम इंग्लैंड के दौरे पर है और दोनों टीमों के बीच वनडे सीरीज खेली जा रही, लॉर्ड्स में हुआ जिसका चौथा मैच इंग्लैंड ने जीता और सीरीज अपने नाम की।

इसी मुकाबले में ही एक कैच पकड़ने के दौरान टिम साउदी का दायें हाथ का अंगूठा टूट गया वो अब न्यूजीलैंड लौट जाएंगे। टिम साउदी को ये चोट इंग्लैंड के खिलाफ चौथे वनडे में जो रूट का कैच पकड़ने के दौरान लगी थी। वो स्लिप में फील्डिंग कर रहे थे और बेन लिस्टर के 14वें ओवर की आखिरी गेंद में रूट का कैच पकड़ने के दौरान गेंद उनके अंगूठे पर जा लगी। इसके बाद उन्हें मैदान से बाहर जाना पड़ा। इसके बाद वो न तो गेंदबाजी और न ही बल्लेबाजी के लिए मैदान पर आए। अब देखना होगा कि साउदी विश्व कप के लिए समय पर फिट हो पाते हैं या नहीं। साउदी की तरह ही दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज में हिस्सा ले रहे ऑस्ट्रेलियाई ओपनर ट्रेविस हेड की भी हड्डी टूट गई और उनके भी विश्व कप के शुरुआती मुकाबलों में खेलने पर संदेह है।

# एशियाई खेलों में बेहतर प्रदर्शन करना चाहता है ये हॉकी फॉरवर्ड

बेंगलुरू । भारतीय हॉकी टीम के फॉरवर्ड अभिषेक का लक्ष्य एशियाई खेलों में बेहतर प्रदर्शन करना है। अभिषेक इन खेलों को लेकर खासे उत्साहित हैं। वह पहली बार किसी इतने बड़े टूर्नामेंट में खेलेंगे। पिछले कुछ समय में 48 मैचों में 18 गोल करके उन्होंने टीम में जगह बनायी है। वह टीम में अपने चयन से बेहद उत्साहित हैं। इस खिलाड़ी ने कहा कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहता हूं। साथ ही कहा कि एशियाई खेल बड़ा टूर्नामेंट है और हम सभी उसके लिए अच्छी तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम आत्मविश्वास के साथ खेलेंगे क्योंकि हमारा लक्ष्य अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर टूर्नामेंट से वापसी रहेगा। टीम की तैयारियों को लेकर उन्होंने कहा कि हमारा सामना इस टूर्नामेंट में कुछ अच्छी टीमों से शी होगा। हम काफी कड़ी मेहनत कर रहे हैं जिससे मैदान पर उतरें तो मानसिक और शारीरिक तौर पर पूरी तरह से फिट हों। एशियाई खेलों में भारत को पूल ए में पाकिस्तान, जापान, बांग्लादेश, सिंगापुर और उजबेकिस्तान के साथ रखा गया है।

# बांग्लादेश के खिलाफ शून्य पर आउट हुए रोहित, करियर का 15वां डक



मुंबई । एशिया कप 2023 के सुपर 4 के आखिरी मैच में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा बांग्लादेश के खिलाफ खाता नहीं खोल सके। इससे पहले पिछले 3 मुकाबलों में नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ उन्होंने अर्धशतकीय पारियां खेली थीं। यह रोहित के करियर का 15वां डक था। वह भारत के लिए ओवरऑल सभी फार्मेट में 29 बार 0 पर आऊट हो चुके हैं।

वनडे मैंच में सबसे ज्यादा डक खाने वाले खिलाड़ी : श्रीलंका के सनथ जयसूर्या 34 बार शून्य पर आउट हुए है। पाकिस्तान के शाहिद अफरीदी –30,

पाकिस्तान के वसीम अकरम–28, श्रीलंका के माहेला जयवर्द्धने–28, श्रीलंका के ही लसिथ मलिंग (26) बार और भारत के कप्तान रोहित शर्मा अब तक 15 डक लगा चुके हैं। भारत के लिए सबसे ज्यादा डक वाले खिलाड़ी में सचिन तेंदुलकर 34 बार शून्य पर आउट हुए, विराट कोहली–33, वीरेंद्र सहवाग–31, रोहित शर्मा–29, सौरव गांगुली–29, युवराज सिंह–26, सुरेश रैना–25 बार शून्य पर आउट हुए।

प्रत्येक देश में रोहित के डक के आकड़े हैं, श्रीलंका के खिलाफ 7बार, ऑस्ट्रेलिया–5, साऊथ अफ्रीका–3, इंग्लैंड–2 विंडीज–2,बांग्लादेश–2 ,न्यूजीलैंड–1, यूएई–1, आयरलैंड–1

एशिया कप में सबसे ज्याडा डक (वनडे) रुबेल हुसैन (बांग्लादेश)–3, सलमान बट (पाकिस्तान)–3, महेला जयवर्धने (श्रीलंका)–3

अमीनुल इस्लाम (बांग्लादेश)–3, रोहित शर्मा (भारत)–3 के नाम है।

# भारतीय खिलाड़ी सिर्फ अपने आंकड़ों के लिए ही खेलते हैं : साइमन डूल

**लंदन (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज साइमन डूल (स्द्वद्वश्ठ्ठ ष्ठश्रह्वद्य) ने पुरुष वनडे से पहले भारतीय टीम (ञ्वद्गड्डद्व द्बठ्ठस्र्द्गड्ड) पर तीखी टिप्पणी की। क्रिकेट विश्व कप से पहले कीवी गेंदबाज ने कहा कि भारतीय बल्लेबाज आंकड़ों पर आधारित क्रिकेट खेलने में अधिक रुचि रखते हैं और अक्सर अपने स्वयं के आंकड़ों के बारे में चिंतित रहते हैं। भारतीय टीम ने 1983 और 2011 का वनडे विश्व कप जीता है। 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप इस बार भारत में 8 अक्टूबर से होना है। बहरहाल, डूल ने कहा कि निडर क्रिकेट उनका मुद्दा है। वे पर्याप्त निडर क्रिकेट नहीं खेलते हैं। वे आंकड़ों पर आधारित क्रिकेट खेलते हैं और वे अक्सर अपने आंकड़ों को लेकर चिंतित रहते हैं। मेरे लिए यही एक ऐसा क्षेत्र है जिसके बारे में मैं उनकी बल्लेबाजी को लेकर चिंतित हूं।

डूल ने यह भी कहा कि कठिन परिस्थितियों में निडर होकर खेलने में भारत की असमर्थता ने उन्हें हाल के आईसीसी टूर्नामेंटों में निराश किया है। उनके पास सारी प्रतिभा है और अगर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी नहीं भी हैं तो उनमें से कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी हैं। लेकिन यह टूर्नामेंट के सही समय पर निडर क्रिकेट खेलने के बारे में है और मुझे लगता है कि पिछले कुछ विश्व कप में इसी बात ने उन्हें निराश किया है। डूल ने कहा कि भारतीय खिलाड़ी जोखिम नहीं लेते क्योंकि वे इस बात को लेकर बहुत चिंतित हैं कि क्या कहा जाएगा, क्या छपेगा या फिर उनसे टीम में उनके स्थान के लिए क्या पूछा जाएगा।



इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन डूल के विचारों से सहमत थे। उन्होंने कहा कि दूसरी चीज़ जिस पर उन्हें काबू पाना होगा वह है दबाव। अब आप तर्क देंगे कि एक भारतीय क्रिकेटर हर वक्त दबाव में रहता तो बता दें कि भारतीय टीम ने 2011 (2013 चैंपियंस ट्रॉफी) के बाद से शायद ही कोई आईसीसी स्पर्धा जीती हो। उन्होंने कहा- हम विश्व टी20 में एडिलेड में थे, जहां उन्होंने औसत से कम स्कोर बनाया। इंग्लैंड ने यह मुकाबला दस विकेट से जीता। 2019 विश्व कप के सेमीफाइनल में भी अच्छी पिच पर उन्होंने जोखिम नहीं लिया। जब दबाव होता है तब भी आपको निडर क्रिकेट खेलने की जरूरत होती है।

नासिर ने कहा कि भारत के लिए उन्हें जो एकमात्र चिंता दिखती है वह यह है कि उनके बल्लेबाज अपना हाथ नहीं घुमाते हैं और उनके गेंदबाज बल्ले से ज्यादा अच्छा प्रदर्शन नहीं करते हैं। यदि आप उनके बल्लेबाजों को देखें, तो संभवतः उनमें जो कमी है, वह यह है कि उनके बल्लेबाज गेंदबाजी नहीं करते हैं और उनके गेंदबाज बल्लेबाजी नहीं करते हैं। इसलिए उनकी टीम के लिए सभी ऑलराउंडरों वाली इंग्लैंड या सभी ऑलराउंडरों वाली ऑस्ट्रेलिया के साथ रहना एक अलग स्थिति है।

इंगलैंड को 2019 का क्रिकेट विश्व कप दिलाने वाले कप्तान इयोन मोर्गन ने कहा कि घरेलू परिस्थितियों में खेलने से भारत को अन्य टीमों पर भारी बढ़त मिलेगी, लेकिन उन्हें निडर होकर खेलना होगा और बाहरी शोर से दूर रहना होगा। उन्होंने कहा कि मुझे याद है कि भारत ने पिछली गर्मियों में यहां का दौरा किया था। राहुल द्रविड़ ने कोच के रूप में अपनी शुरुआती प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि हम निडर क्रिकेट खेलना चाहते हैं। उन्हें एडिलेड में यह सही नहीं लगा, लेकिन घरेलू परिस्थितियां आपको एक निश्चित स्तर का आराम और आदत देती हैं।

# ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को धूनकर क्लासेन ने महज 57 गेंदों पर लगाया शतक

**लंदन (एजेंसी)।** द.अफ्रीका ऑलराऊंडर हेनरिक क्लासेन ने सेंचुरियन के मैदान पर अपने दमदार बल्लेबाजी का सबूत देकर ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजों को जमकर पीटा और अपनी टीम का स्कोर 416 तक ले गए। क्लासेन ने महज 57 गेंदों पर अपना शतक पूरा किया। ऐसा कर वह दक्षिण अफ्रीका की ओर से सबसे तेज शतक लगाने वाले पांचवें स्थान पर भी काबिज हो गए। क्लासेन इसके पहले 54 गेंदों पर भी शतक लगा चुके हैं। क्लासेन ने अपनी पारी में 83 गेंदों में 13 चौके और 13 छक्कों की मदद से 174 रन बनाए। उन्होंने डेविड मिलर के साथ मिलकर आखिरी 100 गेंदों में 200 से ज्यादा रन पार्टनरशिप के लिए जोड़े।

### दक्षिण अफ्रीका के लिए तेज वनडे शतक


एबी डीविलियर्स ने 31 गेंद पर जड़ा सैकड़ा, मार्क बाऊचर ने 44 गेंद पर, एबी डीविलियर्स ने 52 गेंद, हेनरिक क्लासेन ने 54 गेंद, एबी डीविलियर्स 57 गेंद, हेनरिक क्लासेन ने 57* गेंद, डीविलियर्स ने 58 गेंद, एबी डीविलियर्स ने 66 गेंद, एबी डीविलियर्स ने 68 गेंद पर लगा दिया शतक।

### दक्षिण अफ्रीका के लिए एक वनडे पारी में

### सर्वाधिक छक्के

16 छक्के एबी डिविलियर्स ने वेस्टइंडीज के खिलाफ जोहान्सबर्ग में साल 2015, 13-हेनरिक क्लासेन बनाम ऑस्ट्रेलिया, सेंचुरियन, साल 2023, 11-एबी डिविलियर्स बनाम भारत, मुंबई वानखेड़े, साल 2015, 11-क्विंटन डी कॉक बनाम ऑस्ट्रेलिया, सेंचुरियन साल 2016, 10- मार्क बाउचर बनाम जिम्बाबे पोटचेफस्ट्रूम साल 2006 हैं।

# भावुक एंडी मर ने रोते हुए दादी को समर्पित की जीत, नहीं जा पाए थे अंतिम संस्कार में



मैनचेस्टर ~ 3 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता एंडी मरे ने डेविस कप फाइनल्स के ग्रुप चरण में ब्रिटेन को स्विट्जरलैंड पर 2–1 की जीत दिलाने के बाद रोते हुए बताया कि वह यहां खेलने के लिए अपनी दादी के अंतिम संस्कार में भी नहीं जा सके। मरे ने लिएंड्रो रिडी को 6–7 (7), 6–4, 6–4 से हराकर ब्रिटेन को जीत से शुरुआत कराई। मैच के बाद मरे ने कहा कि आज का दिन मेरे लिए काफी मुश्किल है। मेरी दादी का आज अंतिम संस्कार है। मैं वहां नहीं जा सका लेकिन दादी यह जीत तुम्हारे लिए। मरे फिर वापस अपनी बैंच पर लौटकर तौलिए में मुंह छिपाकर रोने लगे। उन्होंने बाद में बताया कि जब उन्होंने अपने पिता से बात की कि उन्हें खेलना चाहिए या नहीं तो उन्होंने कहा कि वह (दादी) तुम्हें खेलते हुए देखना चाहती थी और सुनिश्चित करना कि तुम इस मैच में जीत जाओ। मैंने ऐसा ही किया। स्टान वावरिंका ने कैमरोन नौरी को हराकर मुकाबला बराबर कराया। पर डान इवांस और नील स्कुपस्की की जोड़ी ने वावरिंका और डॉमिनिक स्ट्राइकर को हराकर ग्रुप बी में ब्रिटेन की जीत सुनिश्चित की। ब्रिटेन ने आस्ट्रेलिया पर 2–1 की जीत से शुरुआत की थी जिससे टीम फाइनल 8 में पहुंच गई है। नोवाक जोकोविच ने ग्रुप सी में स्पेन के एलेजांद्रो डेविडोविच पर 6–3, 6–4 की जीत से सर्बिया का अंतिम–8 में स्थान सुनिश्चित किया। सर्बिया ने स्पेन को 3–0 से हराया।

# भारतीय महिला फुटबॉल टीम लगातार बेहतर होती जा रही : एआईएफएफ

कोलकाता । भारतीय फुटबॉल टीम ने हाल के दिनों में अपने प्रदर्शन में काफी सुधार किया है। जिससे वह दिन प्रति–दिन बेहतर होती जा रही है। इससे अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) भी खुश है। एआईएफएफ प्रमुख कल्याण चौबे ने टीम की प्रशंसा करते हुए कहा है कि हमारी महिला टीम के पास अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में प्रगति करने का काफी अच्छा अवसर है। टीम कुछ और प्रयासों करे तो फीफा विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई कर सकती है। पूर्व भारतीय खिलाड़ी चौबे ने एआईएफएफ अध्यक्ष के तौर पर एक साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है। अध्यक्ष पद संभालने के बाद से ही उन्होंने फुटबॉल के स्तर को सुधारने के काफी प्रयास किये हैं। चौबे ने कहा, ''मैं सुनिश्चित करना चाहता हूं कि महिलाओं की फुटबॉल को वो सारी सुविधायें मिलें जो भारत में पुरुष फुटबॉलरों को मिलती है और मैं मानता हूं कि हमारे पास महिलाओं के फुटबॉल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रगति करने का बेहतर मौका है।''उन्होंने कहा, ''फीफा विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के लिहाज से हमारी महिला फुटबॉल टीम पुरुष टीम की तुलना में आगे है। महिला टीम एशिया में 11वीं रैंकिंग पर कायम है। अगर हम थोड़ा बेहतर करें तो हम फीफा महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर सकते हैं।''

# अमनदीप द्राल संयुक्त 14वें और दीक्षा संयुक्त 27वें स्थान पर

होल्जहौसर्न (स्विट्जरलैंड)। भारतीय महिला गोल्फर अमनदीप द्राल स्विस लेडीज ओपन के शुरुआती दौर में यहां दो अंडर 69 के कार्ड के बूते संयुक्त रूप से 14वें स्थान पर चल रही हैं जबकि दीक्षा डागर एक अंडर के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से 27वें पायदान पर हैं। अमनदीप ने 4 बर्डी और 2 बोगी लगाई जबकि दीक्षा एक बोगी के मुकाबले दो बर्डी लगाने में सफल रही। प्रतियोगिता में भाग ले रही एक अन्य भारतीय वाणी कपूर ने एक ओवर 72 का कार्ड खेला और वह संयुक्त रूप से 53वें स्थान पर चल रही हैं।

# डायमंड लीग फाइनल्स में खिताब का बचाव करने उतरेंगे नीरज चोपड़ा

**यूजीन (अमेरिका) (एजेंसी)।** विश्व चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता भाला फेंक का भारतीय सुपरस्टार नीरज चोपड़ा अपने जाने पहचाने प्रतिनिधियों के साथ शनिवार को यहां प्रतिष्ठित डायमंड लीग फाइनल्स में अपने खिताब का बचाव करने के लिए उतरेगा। 25 वर्षीय एथलीट चोपड़ा पिछले साल ज्यूरिख में डायमंड लीग चैंपियन बने थे। उन्होंने इस सत्र में अभी तक अपना दबदबा बनाकर रखा है और वह डायमंड लीग फाइनल्स में भी इसे जारी रखने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। अगर चोपड़ा फिर से ट्रॉफी जीतने में सफल रहते हैं तो उन्हें 30 हजार डॉलर की इनामी राशि मिलेगी। वह डायमंड लीग ट्रॉफी का बचाव करने वाले तीसरे खिलाड़ी बन जाएंगे।

चेक गणराज्य के विटेज़्स्लाव वेस्ली 2012 और 2013 में जबकि उनके हमवतन जैकब वाडलेज्च ने 2016 और 2017 में यह कारनामा किया था। वाडलेज्च अभी चोपड़ा के निकटतम प्रतिद्वंदी हैं। चोपड़ा इस साल बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं। उन्होंने विश्व चैंपियनशिप में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने से पहले डायमंड लीग की दोहा और लुसाने में आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में जीत दर्ज की थी।

चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर तक भाला फेंकना है। उनका इस सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 88.77 मीटर है जो इस साल विश्व सूची में दूसरे स्थान पर है। चोपड़ा डायमंड लीग फाइनल्स में अपने खिताब का बचाव करने के अलावा पहली बार 90 मीटर की दूरी तक भाला फेंकने की भी कोशिश करेंगे। लंबी कूद के एथलीट मुरली श्रीशंकर और 3000 मीटर स्टीपलचेस के खिलाड़ी अविनाश साबले ने भी इस प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया था लेकिन आगामी एशियाई खेलों पर ध्यान देने के लिए उन्होंने इससे हटने का फैसला किया।



## घुसपैठ की कोशिश कर रहे 3 आतंकवादियों को उरी सेक्टर में सेना ने किया ढेर

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में बारामूला के उरी, हथलंगा में शनिवार सुबह आतंकवादियों की सेना और बारामूला पुलिस के साथ मुठभेड़ हुई, जिसमें 3 आतंकी मारे गए। इलाके को सुरक्षा बलों ने घेर लिया है। कुछ और आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। भारतीय सेना ने कहा, सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और खुफिया एजेंसियों द्वारा शुरू एक संयुक्त अभियान में, उरी सेक्टर में एलओसी के पास शनिवार सुबह घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया गया। 3 आतंकवादियों ने घुसपैठ की कोशिश की और सतर्क सैनिकों ने उन्हें मार गिराया। उन्होंने बताया कि 2 आतंकवादियों को मार गिराया गया और उनके शव बरामद कर लिए गए, तीसरा आतंकवादी मारा गया। लेकिन एलओसी पर आसपास के क्षेत्र में पाक पोस्ट द्वारा गोलीबारी के कारण शव की पुनप्राप्ति में बाधा उत्पन्न हुई। इस बीच अनंतनाग जिले के कोकरनाग इलाके में सुरक्षा बलों का एंटी टेरर ऑपरेशन लगातार चौथे दिन भी जारी है। दो से तीन आतंकी जंगलों में छिपे हुए हैं। सुरक्षा बल उनकी तलाश में जुटे हुए हैं। ड्रोन के जरिए आतंकियों पर नजर रखकर उन्हें उनके बिल से बाहर निकालने के लिए बमबारी की जा रही है। गत 13 सितंबर को अनंतनाग में शुरू हुए आतंक रोधी अभियान में भारतीय सेना का एक कर्नल, एक मेजर और जम्मू-कश्मीर पुलिस के एक डीएसपी शहीद हो चुके हैं। आतंकी भी जंगलों में छिपकर गोलीबारी कर रहे हैं, जिससे स्पष्ट होता है कि उनके पास पर्याप्त मात्रा में हथियार-बारूद है। सुरक्षा बल जंगलों में छिपे आतंकियों को बाहर निकालने के लिए भारी हथियारों और ड्रोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। उजैर खान के रूप में पहचाने जाने वाले स्थानीय लश्कर-ए-तैयबा ऑपरेटिव सहित कम से कम 2 आतंकवादियों के जंगलों में छिपे होने का संदेह है।

## आज़म ख़ान के यहां छापेमारी पर सपा नाराज, अखिलेश ने साधा सरकार पर निशाना

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान के यहां हुई छापेमारी से सपा बेहद नाराज है। हालांकि उनके रामपुर स्थित आवास पर आयकर विभाग की करीब 60 घंटे तक चली छापेमारी की कार्रवाई समाप्त हो गई। इसे लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सरकार पर जमकर निशाना साधा है। अखिलेश ने ट्वीट कर कहा कि आज तीन दिन बाद जाकर आज़म ख़ान साहब के यहां छापे ख़त्म हुए। अवाम को समझ आ रहा है, जो उनके साथ हो रहा है वो किसी के साथ भी हो सकता है। जो हुक्मरान ये सोच रहे हैं कि ज़ुल्म से वो जीत जाएंगे तो उन्हें ये भी समझ लेना चाहिए कि हिंदुस्तान वो नायाब देश है जो दुश्मन के साथ भी नाइंसाफ़ी बर्दाश्त नहीं करता और वक़्त आने पर सच का ही साथ देता है। हर धर्म-मजहब से ऊपर उठकर सच्चे मनवालों की एकता और अमन की ताक़त ही आख़िर में जीतती रही है, और आगे भी जीतती रहेगी। यहां गौरतलब है कि आयकर विभाग ने तीन दिन तक समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता आजम खान और उनसे जुड़े लोगों के ठिकानों पर छापेमारी के बाद 800 करोड़ रुपये से अधिक की कर चोरी का संदेह जताया है। आयकर अधिकारी, सुरक्षा बलों के साथ बुधवार सुबह सात बजे आजम खान के जेल रोड स्थित आवास में दाखिल हुए और शुक्रवार शाम सात बजे तक छापेमारी की। शुक्रवार शाम करीब सात बजे आयकर अधिकारियों के उनके आवास से जाने के बाद आजम खान ने कहा कि यह आयकर विभाग की छापेमारी थी और वे लोग यहां तीन दिन तक रहे, उन्होंने तलाशी ली और सवाल पूछे। खान ने इससे आगे सवालों का पत्रकारों को जवाब देने से इनकार कर दिया। विभाग ने पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश के कुछ परिसरों के अलावा उत्तर प्रदेश के रामपुर, सहारनपुर, लखनऊ, गाजियाबाद और मेरठ में छापेमारी की है। यह कार्रवाई खान और उनके परिवार के सदस्यों द्वारा संचालित कुछ ट्रस्ट संगठनों से संबंधित है।

## प्रोजेक्ट चीता 2.0 शुरू करने की तैयारी, द.अफ्रीका से आएंगे चीते

नई दिल्ली। प्रोजेक्ट चीता के प्रमुख एस पी यादव ने कहा कि भारत की इसतरह के चीते मंगाने की योजना है, जिनकी चमड़ी मोटी नहीं होती हो। दरअसल, अफ्रीका से भारत लाए गए चीतों में से कुछ चमड़ी मोटी होने के कारण ही गंभीर संक्रमण की चपेट में आए थे और तीन चीतों की मौत की वजह बनी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नामीबिया से लाए गए चीतों को पिछले वर्ष 17 सितंबर को मध्य प्रदेश के कुनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में छोड़ा था और इसी के साथ देश में 'प्रोजेक्ट चीता की शुरुआत हुई थी।' प्रोजेक्ट चीता का रविवार को एक वर्ष पूरा हो रहा है। पर्यावरण मंत्रालय में अतिरिक्त महानिदेशक (वन) यादव ने कहा कि 'प्रोजेक्ट चीता के दूसरे वर्ष में पूरा ध्यान इन पशुओं के प्रजनन पर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि चीतों को पहनाए गए रेडियो कॉलर के कारण उन्हें कोई संक्रमण नहीं हुआ था। हालांकि, अधिकारियों ने इन कॉलर की जगह दक्षिण अफ्रीका के उसी निर्माता के बनाए नए कॉलर लगाने का फैसला किया है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के प्रमुख यादव ने कहा कि चीतों की अगली खेप दक्षिण अफ्रीका से आएगी और उन्हें मध्यप्रदेश के गांधी सागर वन्यजीव अभयारण्य में छोड़ा जाएगा। इस अभयारण्य में चीतों को छोड़ने की तैयारी साल के अंत तक पूरी कर ली जाएगी।

## सीएम योगी से वॉट्सएप पर बात कर सकेगी जनता, लोगों की सुविधा के लिए मुख्यमंत्री की अनोखी पहल

लखनऊ। प्रदेश के 25 करोड़ नागरिकों को अपना परिवार मानने वाले सीएम योगी आदित्यनाथ ने आम नागरिकों के साथ संवाद स्थापित करने के लिए एक नई पहल की है। प्रदेश के नागरिक अब वॉटसएप के माध्यम से सीधे मुख्यमंत्री ऑफिस के साथ संवाद कर सकेंगे। सीएम योगी के निर्देश पर लोगों के साथ संवाद स्थापित करने के लिए चीफ मिनिस्टर ऑफिस, उत्तर प्रदेश के नाम से वॉटसएप चैनल की शुरुआत की गई है। इस चैनल से जुड़ने वाले लोग आसानी से अपनी बात सीएम ऑफिस के समक्ष रख सकेंगे। सोशल मीडिया पर सीएम ऑफिस उत्तर प्रदेश सरकार के हैंडल से इस पहल की जानकारी दी गई। सीएम ऑफिस के आधिकारिक हैंडल @CMOfficeUP की ओर से लिखा गया कि उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के लिए प्रदेश के 25 करोड़ नागरिक 'एक परिवार' हैं। मुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार 'परिवार' के प्रत्येक सदस्य की खुशहाली एवं समृद्धि हेतु पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। संवाद को लोकतंत्र की आत्मा मानने वाले मुख्यमंत्री जी के 'उत्तर प्रदेश परिवार' के प्रत्येक सदस्य से सहज संवाद के लिए प्रदेश सरकार द्वारा संचार के सशक्त व सरल माध्यम वॉटसएप का उपयोग करते हुए Chief Minister Office, Uttar Pradesh नाम से आधिकारिक वॉटसएप चैनल शुरू किया गया है। संवाद का यह नया प्रभावशाली मंच प्रदेश सरकार से जुड़ी जनहित की सूचनाओं का त्वरित संप्रेषण करेगा। इस चैनल की खास बात यह है कि इससे कोई भी व्यक्ति जुड़ सकता है। मुख्यमंत्री कार्यालय से सीधे व त्वरित सूचनाएं प्राप्त करने के लिए इस वॉटसएप चैनल से अवश्य जुड़ें। उल्लेखनीय है कि आम नागरिकों से संवाद स्थापित करने के लिए वॉटसएप चैनल के उपयोग की यह अनोखी पहल करने वाले योगी आदित्यनाथ पहले मुख्यमंत्री हैं।

## अधिवक्ता नेदुमपारा ने सुप्रीम कोर्ट पर लगाया आम आदमी की उपेक्षा का आरोप

**-संवैधानिक पीठों की सुनवाई में जनहित के मामले नदारद**

नईदिल्ली। सुप्रीम कोर्ट मणिपुर हिंसा, महाराष्ट्र सत्ता संघर्ष, अनुच्छेद 370 जैसे सहित कई याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ सुनवाई कर रही है। इस दौरान एक वकील ने आरोप लगाया कि सुप्रीम कोर्ट आम आदमी की बात नहीं सुनता। अधिवक्ताओं ने दावा किया कि संविधान पीठ केवल हित की याचिकाओं पर सुनवाई करती है। इस पर चीफ जस्टिस चंद्रचाड़ ने वकीलों को सुना। प्राप्त जानकारी के मुताबिक वकील मैथ्यूज नेदुमपारा ने सुप्रीम कोर्ट को एक ईमेल भेजा था। इस ईमेल में नेदुमपारा ने दावा किया कि सुप्रीम कोर्ट केवल संवैधानिक अदालत के मामलों की सुनवाई कर रहा है। संवैधानिक पीठों द्वारा सुनवाई में जनहित के कोई मामले नहीं हैं। यह आम नागरिकों के मामले नहीं सुनता। नेदुमपारा ने कहा कि वह सुनवाई को डिजिटल रूप से सक्षम बनाने का अच्छा काम करने के लिए अदालत को धन्यवाद देते हैं। उन्होंने कहा कि इससे वकीलों और वादकारियों को काफी फायदा हुआ है। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि उसे श्री नेदुमपारा के दावों पर कोई टिप्पणी नहीं करनी है। पीठ ने बताया कि महासचिव ने मुझे सुप्रीम कोर्ट को लिखे ईमेल के बारे में सूचित किया है।

## इंडिया/भारत: मोदी सरकार को चुनौती देते हुए केजरीवाल बोले-

# क्या इंडिया आपके पिता जी का है?



**नई दिल्ली(एजेंसी)।** देश का नाम बदलने को लेकर चल रहे विवाद के बीच केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार पर तीखा हमला करते हुए दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि अगर वे भारत का नाम बदलने की हिम्मत करते हैं तो वह भाजपा को चुनौती देना चाहेंगे। केजरीवाल ने आगे कहा कि बीजेपी सरकार पिछले साल तक इंडिया के नाम से कई कार्यक्रम चलाती थी। शनिवार को चुनावी राज्य छत्तीसगढ़ में एक रैली को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कहा, 'क्या इंडिया आपके पिता जी का है? यह 140 करोड़ लोगों का है। मैं बीजेपी को चुनौती देना चाहता हूं कि वे भारत का नाम बदलने की हिम्मत करें। उन्होंने कहा कि इंडिया और भारत हमारे दिल में बसता है। किस-किस के दिल से इंडिया निकालोगे।

केजरीवाल ने कहा कि वे (भाजपा) पिछले साल तक भारत के नाम से कई कार्यक्रम चलाते थे। 'मेक इन इंडिया' और 'डिजिटल इंडिया' जैसे अभियान थे, और एक बार जब विपक्षी गुट ने अपने गठबंधन का नाम I.N.D.I.A रखा, तो वे (भाजपा) देश का नाम बदलने पर विचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें आश्चर्य है कि अगर विपक्षी गठबंधन अपना नाम 'इंडिया' रखता है तो क्या बीजेपी भारत का नाम बदलकर कुछ और रखेगी। आप सुप्रीमो ने अनंतनाग मुठभेड़ पर पीएम मोदी की चुप्पी को लेकर उन पर हमला तेज कर दिया और उनसे पूछा कि क्या उन्हें दुख महसूस नहीं होता है। उन्होंने कहा कि अब चार दिन हो गए हैं (अनंतनाग) मुठभेड़ अभियान के दौरान उनकी (जवानों की) जान चली गई, लेकिन पीएम मोदी ने एक भी शब्द नहीं बोला। आप बोल क्यों नहीं रहे? क्या तुम्हें दुःख का एहसास नहीं होता।

दिल्ली के मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के जगदलपुर के लालबाग मैदान में एक चुनावी रैली में बोल रहे थे।केजरीवाल ने आगे कहा कि अगर उनकी पार्टी छत्तीसगढ़ में सत्ता में आती है तो वह बच्चों की शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत की आजादी को 75 साल हो गए हैं लेकिन किसी भी राजनीतिक दल ने अब तक शिक्षा के बारे में बात नहीं की है। हम अपने बच्चों को शिक्षित बनाना चाहते हैं ताकि गरीबी खत्म हो सके। गौरतलब है कि इस साल के अंत में छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, मिजोरम और राजस्थान में विधानसभा चुनाव होने हैं।

## सनातन विवाद पर कांग्रेस नेता सुरजेवाला का बयान, सनातन धर्म है और हमेशा रहेगा



भोपाल। तमिलनाडू में डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन के सनातन पर दिए बयान पर चुप्पी साधने वाली कांग्रेस ने कहा है कि सनातन धर्म है और हमेशा रहेगा। यह बात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रणदीप सुरजेवाला ने कही। कांग्रेस की जनाक्रोश यात्रा 19 सितंबर को गणेश चतुर्थी के दिन से शुरु होगी। यह यात्रा 11 हजार 400 किलोमीटर की होगी। इस मौके पर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि इस दौरान प्रदेश में सात यात्राएं निकाली जाएंगी। प्रदेश की जनता में आक्रोश है। यहां हर वर्ग परेशान है। भारत सनातन धर्म का देश है। आज ध्यान भटकाने की कोशिश की जा रही है। अगले तीन महीने बीजेपी जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश करेगी। वह धार्मिक विवाद खड़ा कर मूल मुद्दों से ध्यान भटकाएगी। इस मौके पर पूर्व सीएम कमलनाथ ने कहा कि एमपी की चुनौती बेरोजगारी है। एमपी में दिल्ली के नेताओं की भीड़ लगी हुई है। बीजेपी को 15 साल के काम पर वोट मांगने में शर्म आ रही है। बनावटी, दिखावटी, मिलावटी, सजावट ही बीजेपी का चेहरा रह गया है।

# देश जानना चाहता हैं कि सीडब्ल्यूसी लोकसभा चुनावों पर क्या संदेश देती : पवन खेड़ा

**- हैदराबाद में हो रही कांग्रेस कार्य समिति की बैठक ऐतिहासिक**



**हैदराबाद (एजेंसी)।** आज पूरा देश हैदराबाद की ओर देख रहा है, क्योंकि लोग जानना चाहते हैं कि पांच राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों और 2024 के लोकसभा चुनावों पर कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) क्या कहती है। यह बात पार्टी नेता पवन खेड़ा ने शनिवार को कही। सीडब्ल्यूसी की बैठक को ऐतिहासिक करार देकर उन्होंने कहा, हम अपनी जिम्मेदारी समझते हैं और यह सुनिश्चित करने वाले हैं, कि हम लोगों की आकांक्षाओं और अपेक्षाओं के साथ न्याय करें। कांग्रेस नेता ने कहा कि सीडब्ल्यूसी के दौरान खुली बहस होगी, क्योंकि सदस्य कोई भी मुद्दा उठाने या सुझाव देने के लिए स्वतंत्र होते हैं। उन्होंने दावा किया कि भारत जोड़ो यात्रा ने देश में राजनीति की दिशा बदल दी है। उन्होंने कहा, पिछले एक साल से, कांग्रेस पार्टी सचमुच इस देश की सड़कों पर लोगों के मुद्दों को उठा रही है और उन मुद्दों के बारे में बात कर रही है, जो दुर्भाग्य से पिछले नौ वर्षों से हमारे कथा की मुख्यधारा में नहीं हैं।

कांग्रेस नेता खेड़ा ने कहा कि 4,000 किलोमीटर का मेगा वॉकथॉन जिस तरह से हम राजनीति करते हैं एक महत्वपूर्ण मोड़ था। वे पिछले नौ वर्षों से हमारा ध्यान एक काल्पनिक विवाद से दूसरे विवाद की ओर भटकाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन भारत जोड़ो यात्रा ने इस पूरी तरह से बदल दिया है। चाहे आप नरेंद्र मोदी हों या अमित शाह, आपको उन वास्तविक मुद्दों पर आना होगा, जो इस देश के सामने हैं। भारत जोड़ो यात्रा ने यही किया है, लेकिन अब यह उनके लिए बहुत मुश्किल है, क्योंकि यह उनके पाठ्यक्रम में नहीं है। उन्होंने कहा, उनका पाठ्यक्रम उस पाठ्यक्रम से अलग है, जो लोग चाहते हैं। भारत जोड़ो यात्रा ने सुनिश्चित किया है कि पाठ्यक्रम जनता द्वारा तय किया जाएगा। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जब से मल्लिकार्जुन खड़गे को अपना अध्यक्ष चुना।

कोई अन्य पार्टी इस उपलब्धि को हासिल नहीं कर सकती। किसी अन्य पार्टी में इस तरह का खुला चुनाव नहीं हुआ है। हमें अपने अध?यक्ष को चुनने की इस परंपरा पर बहुत गर्व है। हमने दूसरों के लिए एक उदाहरण स्थापित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दुनिया में सबसे लोकप्रिय नेता बताने वाले सर्वेक्षण के बारे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के ट्वीट पर कांग्रेस नेता खेड़ा ने इस फर्जी सर्वेक्षण बताकर कहा कि ये चुनाव से पहले भाजपा द्वारा अपनाए गए हथकंडे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता खेड़ा ने कहा कि इन हथकंडों से पता चलता है कि भाजपा को हार का डर है,उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को भारत में चुनाव लड़ना है और उन्हें ब्रिटेन के प्रधान मंत्री ऋषि सनक या अन्य विश्व नेताओं से अपनी तुलना करने के बजाय, पहले मूल्य वृद्धि, बेरोजगारी, चीन की घुसपैठ जैसे मुद्दों से निपटना चाहिए। उन्होंने टिप्पणी की कि लोग मोदी से थक गए हैं और उन्हें आराम करना चाहिए, क्योंकि वह भी हर दिन 18 घंटे काम करने के बाद थक गए हैं।

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर द्वारा सनातन धर्म पर डीएमके नेता उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी पर इंडिया ब्लॉक की आलोचना करने पर, कांग्रेस नेता ने पूछा कि ठाकुर को आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर कोई आपत्ति क्यों नहीं है, जब भागवत ने कहा था कि 2,000 वर्षों से जातिगत भेदभाव है और जिन लोगों के साथ भेदभाव किया गया उनका जीवन जानवरों जैसा हो गया।

# बीजेपी- जेडीएस गठबंधन को शिवकुमार ने बताया समझौते की राजनीति



**बेंगलुरु (एजेंसी)।**कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने बीजेपी- जेडीएस गठबंधन को समझौते की राजनीति बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकसभा चुनाव में कर्नाटक में अच्छा प्रदर्शन करेगी। उन्होंने जनता दल-सेक्युलर के साथ संभावित गठबंधन को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी समझौते की राजनीति का सहारा ले रही है। भारतीय जनता पार्टी के कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं के कांग्रेस में शामिल होने के बाद उन्होंने यह टिप्पणी की। पूर्व पार्षद एल श्रीनिवास, अंजनप्पा, एच सुरेश, वेंकट स्वामी नायडू, नारायण, रामू, बालन्ना, कबाड़ी बाबू और एम नागराज शुक्रवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस में शामिल होने वालों को पूर्व मंत्री आर अशोक का करीबी माना जाता है।

शिवकुमार ने कहा कि मैं विधानसभा चुनाव में अपनी संख्या को लेकर बहुत आश्वस्त था, अब मैं कह रहा हूं कि हम लोकसभा और बीबीएमपी चुनाव में कई और सीटें जीतेंगे। भाजपा और जनता दल-सेक्युलर (जेडीएस) के संभावित गठबंधन के बारे में बात करते हुए शिवकुमार ने कहा कि राज्य में भाजपा की हालत खराब है और वह उन लोगों से हाथ मिला रही है जिन्होंने उन्हें धोखा दिया है। शिवकुमार ने कहा कि उन्होंने एक दूसरे को धोखा दिया। वे समझौतावादी राजनीति कर रहे हैं। जनता दल-सेक्युलर नेता एचडी कुमारस्वामी ने पहले कहा था कि उनकी पार्टी और बीजेपी के बीच गठबंधन को लेकर बातचीत हुई है लेकिन सीट बंटवारे पर कोई बात नहीं हुई है। भाजपा के वरिष्ठ नेता बी.एस. येदियुरप्पा ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए कर्नाटक में जनता दल (सेक्युलर) के साथ हाथ मिलाने पर चर्चा अभी चल रही है और केंद्रीय नेतृत्व इस पर अंतिम फैसला लेंगे।

## 23 सितंबर को होगी 'वन नेशन, वन इलेक्शन' समिति की पहली बैठक, पूर्व राष्ट्रपति ने दी जानकारी



**मुजफ्फरपुर (एजेंसी)।** 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' समिति की पहली बैठक 23 सितंबर (शनिवार) को होगी। पूर्व राष्ट्रपति और समिति के अध्यक्ष रामनाथ कोविंद ने आज मीडिया से बात करते हुए कहा, 'पहली बैठक 23 सितंबर 2023 को होगी।' 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' की घोषणा 31 अगस्त को की गई थी। कई राजनीतिक दल, राजनेता और चुनाव विशेषज्ञ तब से संसद के विशेष सत्र को बुलाने के एजेंडे की भविष्यवाणी और अनुमान लगाने की कोशिश कर रहे हैं। इस बीच सरकार ने 1 सितंबर को पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के लिए एक समिति का गठन किया। इस सिलसिले में बीजेपी प्रमुख जेपी नड्डा ने भी पहले पूर्व राष्ट्रपति से उनके आवास पर मुलाकात की थी।

चूंकि 'एक राष्ट्र एक चुनाव' पर एक समिति का गठन किया गया है, इससे यह अटकलें और तेज हो गई हैं कि इस विधेयक को पेश करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाया जा रहा है। 2014 में सत्ता में आने के बाद से, प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी एक साथ चुनाव के विचार के प्रबल समर्थक रहे हैं, जिसमें स्थानीय निकायों के चुनाव भी शामिल हैं, उन्होंने लगभग निरंतर चुनाव चक्र के कारण होने वाले वित्तीय बोझ और मतदान अवधि के दौरान विकास कार्यों को झटका लगने का हवाला दिया है। रामनाथ कोविंद ने भी मोदी के विचार को दोहराया था और 2017 में राष्ट्रपति बनने के बाद इस विचार के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया था।

# सनातन विरोधियों को अगले वर्ष मिलने वाला है मोक्ष

**-श्रीरामचरितमानस पर बिहार के मंत्री के बयान पर योग गुरु बाबा रामदेव की प्रतिक्रिया**



**वाराणसी (एजेंसी)।** श्रीरामचरितमानस पर बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर यादव के विवादित बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा है कि सनातन को गाली देने वालों को अगले वर्ष 2024 में मोक्ष मिलने वाला है। योग गुरु ने कहा कि सनातन धर्म का मर्म काशी में है। शुक्रवार को वाराणसी पहुंचे बाबा रामदेव ने मीडिया से कहा कि काशी अनादि और अनंत से उपासना का एक महातीर्थ होने के साथ ही विद्या और मोक्ष की नगरी है। इसमें दिव्यता तो युगों-युगों से थी, लेकिन पीएम मोदी द्वारा दी गई भव्यता से यह विश्व भर में आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। भारतीय सांस्कृतिक विरासत यह महातीर्थ काशी अपने पूरे वैभव के साथ वैश्विक आकर्षण का केंद्र बना है। यह हेल्थ टूरिज्म, धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन के लिए दुनिया में आकर्षण का केंद्र बन गया है। नॉलेज टूरिज्म और सबसे बड़ा कल्चर टूरिज्म ही सनातन धर्म का सार है।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर यादव ने श्रीरामचरितमानस ग्रन्थ की तुलना जानलेवा पोटेशियम साइनाइड से करते हुए कहा था कि जिस तरह पचपन प्रकार के व्यंजन में पोटेशियम साइनाइड मिला दिया जाये वैसा ही हाल इस ग्रन्थ का है। इससे पहले भी वे इस ग्रंथ को समाज को बांटने वाला बता चुके हैं जबकि जन्माष्टमी के मौके पर मोहम्मद पैगंबर को मर्यादा पुरुषोत्तम भी कह चुके हैं

इससे पहले तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के मंत्री बेटे उदयनिधि ने सनातन को लेकर विवादास्पद बयान दिया था। उदयनिधि ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से करते हुए कहा था कि सनातन का सिर्फ विरोध नहीं किया जाना चाहिए, बल्कि इसे समाप्त ही कर देना चाहिए। हम डेंगू, मच्छर, मलेरिया या कोरोना का विरोध नहीं अपितु मिटाना है। इसी तरह हमें सनातन को भी मिटाना है. वहीं, फिल्म अभिनेता प्रकाश राज ने भी सनातन धर्म को तनातन बताते हुए कहा कि सनातन डेंगू बुखार की तरह है और इसका खात्मा होना जरूरी है।

## चीन को आंख दिखाने भारत की मदद ले रहा रुस

नई दिल्ली ।जी20 बैठक में भारत ने उस काम को कर दिखाया जिसे दुनिया असंभव मान रही थी। पीएम मोदी से नफरत करने वाले लोग बोल रहे थे कि यूक्रेन के मुद्दे पर कोई सहमति नहीं बन पाएगी। भारत में होने वाला जी20 सम्मेलन पहला ऐसा सम्मेलन होगा जो बिना किसी घोषणापत्र के खत्म होगा। लेकिन भारत ने न केवल साझा घोषणापत्र जारी करवाया। बल्कि इसमें रूस के जिक्र के बिना यूक्रेन में लड़ाई का जिक्र कर अपने दोस्त को भी नाराज नहीं किया। इसके साथ ही पश्चिमी देशों को भी साध लिया। रूस जी20 का एहसान चुकाने के लिए भारत को एक बड़ा तोहफा देने जा रहा है। रूस ने भारत को ईस्टर्न इकोनॉमिक फोरम की बड़ी बैठक में शामिल होने के लिए अपने शहर व्लादिवोस्तोक बुलाया है। ये रूस का वहां शहर है, जो चीन से सटा हुआ है। चीन लगातार व्लादिवोस्तोक पर कब्जा करने की कोशिश में लगा हुआ है। आप व्लादिवोस्तोक को रूस का बलूचिसतान भी कह सकते हैं। क्योंकि रूस का ये इलाका नैचुरल रिसोर्स का भंडार है। इसकारण चीन की गंदी नजरें यहां गड़ी हुई हैं। व्लादिवोस्तोक पर एक समय में चीनी राजशाही चलती थी। तब वहां चिंग साम्राज्य का राज था और शहर का नाम भी हिशेनवई था। साल 1839 में पहले अफीम युद्ध के वक्त जब ब्रिटेन ने हमला किया, तब शहर को कब्जे में लेकर उसका नाम पोर्ट में कर दिया गया।

# निपाह वायरस है बेहद खतरनाक, कोविड 19 से 20 गुणा अधिक है खतरा, मौत के आंकड़े हो सकते हैं अधिक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दुनिया भर में कोरोना वायरस संक्रमण ऐसा फैला था कि उसका प्रकोप वर्षों तक दुनिया ने देखा है। कोरोना वायरस संक्रमण ने दुनिया भर में अनगिनत लोगों की जान ले ली जबकि कई को पोस्ट कोविड कॉम्प्लिकेशंस के साथ छोड़ दिया। कोरोना वायरस संक्रमण के बाद कई जगहों पर अन्य वायरस भी देखने को मिले है।

इसी क्रम में केरल के कोझीकोड़ में निपाह वायरस का आतंक देखने को मिल रहा है। इस वर्ष निपाह वायरस ने केरल में दो लोगों की जान ले ली है। वहीं चार लोग इस घातक वायरस से संक्रमित हो चुके है। इसी बीच भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के डीजी राजीव बहल ने कुछ आंकड़े पेश किए हैं जो बेहद ही डराने वाले हैं। आईसीएमआर ने निपाह वायरस के संदर्भ में बेहद चौंकाने वाले आंकड़े पेश किए है। जानकारी के मुताबिक निपाह वायरस में मृत्यु दर 40-70 प्रतिशत के बीच है। इसकी रोकथाम के लिए केंद्र सरकार ने उपाय करने शुरू किए है। केंद्र सरकार ने ऑस्ट्रेलिया से मोनोक्लोनल एंटीबॉडी की 20 डोज खरीदने का फैसला किया है।

डोज खरीदने को लेकर आईसीएमआर चीफ राजीव बहल ने कहा कि वर्ष 2018 में भी मोनोक्लोनल एंटीबॉडी की कुछ डोज ऑस्ट्रेलिया से ली गई थी। अभी ये डोज सिर्फ 10 मरीजों के लिए उपलब्ध है। 20 डोज और भी खरीदी जाएगी। मगर ये ऐसी दवाई है जो कि संक्रमण के शुरुआती दौर में ही मरीज को देनी होती है।

### कोरोना वायरस से अधिक खतरनाक है निपाह

कोरोना वायरस संक्रमण से भी अधिक खतरनाक निपाह वायरस है। अगर इस संक्रमण की चपेट में 100 लोग आते हैं तो 40-70 लोगों की जान जाने का खतरा मंडराता है। राजीव बहल ने कहा कि कोरोना संक्रमण में मृत्यु दर बस दो-तीन प्रतिशत है। निपाह वायरस से संक्रमित मरीजों में मृत्यु दर काफी अधिक है। इससे 40 से 70 प्रतिशत का अधिक खतरा मंडराने लगता है। सरकार और स्वास्थ्य विभाग इस वायरस के संक्रमण से बचने के उपाय खोज रही है।

### इंसानों से फैल सकता है निपाह

केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि ये बांग्लादेशी स्ट्रेन है जो बेहद खतरनाक है। ये वायरस इंसानों से इंसानों में फैल सकता है। निपाह वायरस के कारण अब तक दो लोगों की मौत हो चुकी है। खास बात है कि ये वेरिएंट अधिक संक्रामक नहीं है मगर इसमें मृत्यु दर काफी अधिक है। बता दें कि अब तक निपाह वायरस की कोई वैक्सीन उपलब्ध नहीं हो सकी है ऐसे में इससे बचने के लिए बचाव करना अधिक आवश्यक है।

## अमेरिका में पूर्व पाकिस्तानी राजदूत ने अपने मुल्क पाकिस्तान को सुनाई खरी-खरी

वाशिंगटन । अमेरिका में पूर्व पाकिस्तानी राजदूत हुसैन हक्कानी ने बदलती दुनिया में व्यावहारिकता के महत्व पर जोर देकर पाकिस्तान से वैश्विक मामलों में अपने दृष्टिकोण का पुनर्मूल्यांकन करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की सरकार और सेना के भीतर के तत्वों पर लंबे समय से भारत और अफगानिस्तान में जिहादी समूहों का समर्थन करने का आरोप लगाया गया है। इस्लामाबाद इस आरोप का जोरदार खंडन करता है। हक्कानी ने पिछले तीन दशकों में आंतरिक सत्ता संघर्ष और पड़ोस में जिहाद में पाकिस्तान की व्यस्तता पर प्रकाश डाला। उन्होंने तर्क दिया कि इस फोकस ने 1991 में सोवियत संघ के पतन के साथ शीत युद्ध की समाप्ति के बाद से विश्व स्तर पर हुए गहन परिवर्तनों को समझने की पाकिस्तान की क्षमता में बाधा उत्पन्न की है। उन्होंने लिखा कि 1950 से 1980 के दशक तक अमेरिकी सहयोगी रहने के कारण पाकिस्तान को उस एकध्रुवीय क्षण से लाभ होना चाहिए था जब अमेरिका विश्व व्यवस्था पर हावी था। इसके बजाय, भारत के बारे में नकारात्मकता में अमेरिका-विरोध जोड़ने का मूर्खतापूर्ण विकल्प चुना गया, जो आजादी के बाद से राष्ट्रीय डीएनए का हिस्सा रहा है। हक्कानी ने बताया कि अमेरिका-चीन प्रतिद्वंद्विता और चीन और भारत के बीच 1962 के सीमा युद्ध के बावजूद, इन देशों ने राजनीतिक और सुरक्षा मामलों को आर्थिक हितों से अलग रखकर व्यापार जारी रखा है।

## शिक्षक की पिटाई से छात्रा की खोपड़ी फटी

बीजिंग। चीन में एक शिक्षक द्वारा मेटल की स्केल से 9 साल की छात्रा की पिटाई पर लोगों में रोष व्याप्त है। शिक्षक ने बच्ची के सिर पर वॉर किया, जिससे उसकी खोपड़ी में गंभीर चोटें आईं। गंभीर रूप से घायल छात्रा को तुरंत आपातकाल सर्जरी के लिए ले जाना पड़ा ।आरोपी की पहचान सोंग माउमिंग के रूप में हुई है। इस घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। सूत्रों के अनुसार चीन के हुनान प्रांत के बोकाई मीक्सीहु प्राइमरी स्कूल में 6 सितंबर की शाम हुई घटना के बाद टीचर खुद लड़की को स्कूल डॉक्टर के पास ले गया, उसने उसकी चोट को मामूली घाव बताया और कहा कि केवल टांके लगाने की जरूरत है। इसके बाद स्कूल ने लड़की को पास के अस्पताल में भेजा, लेकिन वहां के डॉक्टरों ने तुरंत आपातकालीन उपचार नहीं दिया और कहा कि उन्हें परिवार की मंजूरी की जरूरत है। लड़की की मां ने कहा कि उनकी बेटी का इलाज कर रहे अस्पताल के डॉक्टर स्कूल की सलाह पर उसके सिर के घाव को टांके लगाने जा रहे थे। हालांकि ऐसा नहीं हुआ और बच्ची का बकायदा टेस्ट हुआ। जांच से पता चला कि लड़की की खोपड़ी टूट गई थी और हड्डी के टुकड़े उसके सिर में फंस गए थे और तत्काल सर्जरी की आवश्यकता थी। टुकड़ों को हटाने में लगभग पांच घंटे लग गए। लड़की की चाची ने बताया कि उसका दिमाग लगभग बाहर आ गया था जो घातक हो सकता था। लड़की के पिता ने कहा कि वह अभी भी गहन देखभाल में है। इस घटना के कारण चीन में व्यापक जनाक्रोश पैदा हो गया। गौरतलब है कि वर्ष 1986 से चीनी स्कूलों में बच्चों को मारने पर प्रतिबंध लगा हुआ है, लेकिन इसके बाद भी शिक्षकों द्वारा छात्रों के साथ दुर्व्यवहार आम है। दो महीने पहले, पूर्वी चीन के एक प्राइवेट स्कूल के शिक्षक पर एक माता-पिता ने छात्रों के साथ दुर्व्यवहार करने और उन्हें थप्पड़ मारने का आरोप लगाया था। इस साल अप्रैल में, पूर्वी चीन में एक विद्यालय के शिक्षक को कथित तौर पर छात्रों को लात मारने, थप्पड़ मारने और सजा के रूप में कक्षा के दौरान छड़ी से पीटने के बाद निलंबित कर दिया गया था।

## तालिबान ने अफगानिस्तान के एक एनजीओ के 18 कर्मियों को हिरासत में लिया

काबुल । तालिबान ने अफगानिस्तान में स्थित एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) के एक विदेशी नागरिक समेत 18 कर्मचारियों को हिरासत में ले लिया है। तालिबान ने दो साल पहले देश की सत्ता पर कब्जा करने के बाद से ही गैर सरकारी संगठनों पर शिकंजा कसना शुरू कर दिया था। उसने अफगान लड़कियों के छठी कक्षा से आगे पढ़ाई करने पर रोक लगाने के साथ ही उन्हें गैर सरकारी संगठनों के लिए काम करने से रोकने समेत कई कड़ी पाबंदियां लागू की। इंटरनेशनल असिस्टेंस मिशन ने कहा कि तालिबान ने इस महीने मध्य घोर प्रांत में स्थित उसके कार्यालय से दो बार एनजीओ के 18 कर्मियों को हिरासत में ले लिया। उन्हें काबुल ले जाया गया है। इस घटनाक्रम पर अभी अफगान अधिकारियों की प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी है।

## ब्रिटेन में मानव तस्करी के आरोप में भारतीय मूल के शख्स को हुई जेल

लंदन । भारतीय मूल के कई लोगों सहित 16 लोगों के एक समूह को अंतरराष्ट्रीय मनी लॉन्ड्रिंग और ब्रिटेन में लोगों की तस्करी में शामिल करने के लिए जेल की सजा सुनाई गई है। राष्ट्रीय अपराध एजेंसी (एनसीए) की एक जांच से पता चला है कि सरगना चरण सिंह के नेतृत्व में पश्चिम लंदन स्थित एक संगठित अपराध समूह के सदस्यों ने ब्रिटेन से लगभग 70 मिलियन पाउंड नकदी की तस्करी की और 2017 और 2019 के बीच दुबई की सैकड़ों यात्राएं की। एनसीए अधिकारियों का मानना है कि यह पैसा क्लास ए दवाओं की बिक्री और संगठित आव्रजन अपराध से प्राप्त लाभ था। क्रॉयडन क्राउन कोर्ट में तीन दिवसीय सजा की सुनवाई के बाद हाउंस्लो के 44 वर्षीय चरण सिंह को साढ़े 12 साल की जेल की सजा सुनाई गई। उनके दाहिने हाथ वलजीत सिंह को 11 साल की सजा हुई, जबकि भरोसेमंद लेफ्टिनेंट स्वंदर सिंह ढल को मनी लॉन्ड्रिंग के लिए 10 साल और लोगों की तस्करी के लिए अतिरिक्त पांच साल की सजा मिली। अपराध समूह के अन्य सदस्यों अमरजीत अलबदीस, जगिंदर कपूर, जैकदार कपूर, मनमन सिंह कपूर, पिंकी कपूर और जसबीर सिंह मल्होत्रा को नौ साल से 11 महीने के बीच की सजा दी गई। एनसीए ऑपरेशन के हिस्से के रूप में गिरफ्तार किए गए और आरोपित किए गए व्यक्तियों पर इस साल जनवरी से शुरू होने वाले दक्षिण लंदन के क्रॉयडन क्राउन कोर्ट में दो परीक्षणों में मुकदमा चलाया गया। एनसीए के वरिष्ठ जांच अधिकारी क्रिस हिल ने कहा कि एनसीए ने उनकी गतिविधियों की लंबी और जटिल जांच की और दो साल की अवधि में हम मनी लॉन्ड्रिंग और संगठित आव्रजन अपराध में उनकी संलिप्तता का सबूत देने में सक्षम हुए। जांच में एनसीए अधिकारियों ने 2019 में टायर ले जाने वाली एक वैन के पीछे पांच बच्चों और एक गर्भवती महिला सहित 17 प्रवासियों को ब्रिटेन में तस्करी करने के लिए संगठित अपराध समूह (ओसीजी) के सदस्यों से जुड़ी एक साजिश का भी खुलासा किया। वैन को हुक ऑफ हॉलैंड में एक नौका तक पहुंचने से पहले एनसीए के साथ काम कर रहे डच पुलिस ने रोक लिया था। नवंबर 2019 में कई हफ्तों की निगरानी, संचार और उड़ान डेटा विश्लेषण के बाद अधिकारी गिरफ्तारियां करने के लिए आगे बढ़े। जांचकर्ता यह साबित करने में सफल हुए कि चरण सिंह, जो पहले संयुक्त अरब अमीरात का निवासी था, ने नेटवर्क के अन्य सदस्यों के लिए दुबई की उड़ानों के लिए भुगतान किया था, ताकि वे नकदी ले जा सकें। उन्होंने एक बही-खाता भी रखा, जिसमें दिखाया गया था कि कितना परिवहन किया गया था और कब। इससे पता चला कि अकेले 2017 में गिरोह के सदस्यों ने दुबई की कम से कम 58 यात्राएं की। इसके बाद और गिरफ्तारियां हुईं और जनवरी 2023 में शुरू होने वाले क्रॉयडन क्राउन कोर्ट में दो परीक्षणों में अंततः 18 लोगों पर आरोप लगाया गया और मुकदमा चलाया गया।

## यूएफओ को लेकर नासा ने दिया बड़ा बयान, एलियंस मौजूद

वॉशिंगटन। नासा प्रमुख बिल नेल्सन ने कहा है कि उन्हें लगता है कि धरती के बाहरी वातावरण में एलियंस मौजूद हैं। अंतरिक्ष एजेंसी ने अज्ञात असामान्य घटना (यूएपी) या फिर यूएफओ पर अपनी रिपोर्ट के पहले निष्कर्ष जारी किए। इसके बाद नेल्सन ने यह बात कही है। साथ ही ऐलान किया है कि इस पूरे तथ्य की जांच के लिए यूएपी रिसर्च डायरेक्टर की नियुक्ति कर रहे हैं। इस नियुक्ति की सिफारिश एक स्वतंत्र रिसर्च टीम की तरफ से की गई थी। हालांकि, रिपोर्ट में कहा गया है कि यूएफओ की उच्च-गुणवत्ता से जुड़ी खास बातों की सीमित संख्या की वजह से उनकी प्रकृति के बारे में ठोस वैज्ञानिक निष्कर्ष निकालना असंभव है। यूएफओ की स्वतंत्र अध्ययन टीम, कई क्षेत्रों के 16 सामुदायिक विशेषज्ञों को शामिल किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि यूएफओ अमेरिकी हवाई क्षेत्र की सुरक्षा के लिए खतरा है और यह बात अपने आप साबित हो चुकी है। रिपोर्ट की मानें तब यूएफओ का रिसर्च एक असाधारण वैज्ञानिक मौका पेश करता है। यह मौका एक व्यवस्थित रिपोर्टिंग ढांचे के साथ-साथ एक सख्त, सबूत आधारित दृष्टिकोण का आधारत तैयार करता है। हालांकि इसमें सार्वजनिक भागीदारी के साथ-साथ क्राउडसोर्सिंग और रिपोर्टिंग पर नजर रखना बहुत जरूरी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इन दुर्लभ घटनाओं की पहचान के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग (एमएल) सबसे जरूरी उपकरण हैं।



नासा के अंतरिक्ष यात्री लोरल ओहारा, ओलेग कोनोनेंको और निकोलाई चुब के चालक दल को लेकर सोयुज एमएस-24 अंतरिक्ष यान कजाकिस्तान के बैकोनूर कॉस्मोड्रोम के लॉन्चपैड से अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना हुआ।

## चुनाव में हस्तक्षेप मामले में ट्रंप पर प्रतिबंध लगाने की मांग!

वाशिंगटन । पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ संघीय चुनाव में हस्तक्षेप के मामले में विशेष वकील जैक स्मिथ ने जिला न्यायाधीश तान्या छुटकन से मांग की है कि ट्रंप पर प्रतिबंध लगा दिया जाना चाहिए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभियोजकों ने कहा है कि यह उनकी मांग मान ली जाती है, तो यह ट्रंप को संभावित गवाहों की पहचान, गवाही या विश्वसनीयता के संबंध में बयान देने और किसी भी पार्टी, गवाह, वकील, अदालत कर्मियों, या संभावित जूरी सदस्यों के बारे में ऐसे बयान देने से प्रतिबंधित कर देगा, जो अपमानजनक, भड़काऊ या डराने वाले हों। अभियोजकों ने लिखा कि प्रतिवादी इस आपराधिक मामले में भी वही काम करने का प्रयास कर रहा है, ताकि आपराधिक न्याय प्रणाली में विश्वास को कम किया जा सके और इस जिले के नागरिकों, न्यायालय, अभियोजकों और संभावित गवाहों पर अपमानजनक और भड़काऊ हमलों के माध्यम से जूरी पूल पर प्रतिकूल प्रभाव डाला जा सके। एक रिपोर्ट के अनुसार वाशिंगटन में आपराधिक मामले की देखरेख के लिए ओबामा द्वारा नियुक्त छुटकन ने अभी तक अनुरोध पर कोई निर्णय नहीं लिया है। इस बीच, ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पोस्ट में विशेष वकील के प्रस्ताव की आलोचना करते हुए स्मिथ को विक्षिप्त कहा। हाल ही में राजधानी में महिलाओं के समूह के रात्रिभोज को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा कि अभियोजक स्वतंत्र रूप से और खुलकर बोलने के उनके अधिकार को छीनना चाहते हैं। 2024 के रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के नामांकन के दावेदार ट्रंप को बढ़ती कानूनी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन पर चार बार आपराधिक आरोप लगाया गया है, इसमें 2020 के राष्ट्रपति चुनाव के परिणाम को पलटने के प्रयासों का आरोप भी है।

# पाकिस्तान का बेस्ट फ्रेंड तुर्की क्यों दे रहा भारत का साथ? चीन-पाकिस्तान को लगी मिर्ची

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में जी20 के दौरान तुर्की के राष्ट्रपति एर्दोगान के एक बयान ने पाकिस्तान को परेशान कर दिया है। इस बयान ने चीन को भी चिंतित कर दिया होगा। दरअसल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद एर्दोगान का भारत के प्रति हृदय परिवर्तन हो गया। दोनों के बीच लंबी बाताचीत हुई जिसमें व्यापार और इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने को लेकर लंबी चर्चा हुई है। ये मुलाकात जी20 सम्मेलन से अलग हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने मुलाकात की तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर साझा की हैं। इसके बाद एर्दोगान ने जो कहा वो पाकिस्तान और चीन दोनों के लिए किसी झटके से कम नहीं है।



उन्होंने कहा कि भारत जैसा देश संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में होगा तो हमें गर्व होगा। ये बड़ा बयान उस शख्स की ओर से आया जिसकी सोच भारत विरोधी मानी जाती है। जो पाकिस्तान के साथ मिलकर कश्मीर का नापाक एजेंडा चलाता है। जिसने खुलकर अनुच्छेद 370 हटाए जाने का विरोध किया। जो मुस्लिम कार्ड चलकर खुद को खलीफा साबित करने की कोशिश करता रहता है। वही एर्दोगान यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता की वकालत करने लगे।

एक प्रेस ब्रीफिंग में पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि पी5 या सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों (चीन, फ्रांस, रूस, ब्रिटेन और अमेरिका) के लिए तुर्किये के राष्ट्रपति ने कहा कि दुनिया पांच से भी बड़ी है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व होगा अगर भारत जैसा देश संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य बन जाए। तुर्किए के राष्ट्रपति का ये बयान भारत के लिए ही नहीं बल्कि चीन और पाकिस्तान के लिए भी चौंकाने वाला है। तुर्किए भारत विरोधी चीन की गुटबाजी का हिस्सा रहा है। चीन लगातार यूएनएससी में भारत की स्थायी सदस्यता का विरोध करता रहा है। अब वही तुर्किए चीन के खिलाफ जाकर भारत की स्थायी सदस्यता की वकालत कर रहा है।

## खालिस्तानियों की देश विरोधी गतिविधियों का असर? भारत-कनाडा फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की बातचीत टली

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कनाडा का भारत में अक्टूबर में होने वाला व्यापार मिशन स्थगित कर दिया गया है। कनाडाई व्यापार मंत्री मैरी एनजी की प्रवक्ता शांति कॉसेंटिनो ने इस घटनाक्रम की पुष्टि की है। प्रवक्ता ने बिना कोई कारण बताए कहा कि इस समय, हम भारत में आगामी व्यापार मिशन को स्थगित कर रहे हैं। हालाँकि, इस महीने की शुरुआत में कनाडा ने भारत के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत पर रोक लगा दी थी। यह बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के बीच नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन से इतर बातचीत के कुछ दिनों बाद आई है।

अपनी बातचीत के दौरान 10 सितंबर को पीएम मोदी ने कनाडा में चरमपंथी तत्वों की भारत विरोधी गतिविधियों को जारी रखने के बारे में दिल्ली की मजबूत चिंताओं से अवगत कराया क्योंकि वे अलगाववाद को बढ़ावा दे रहे हैं और भारतीय राजनयिकों के खिलाफ हिंसा भड़का रहे हैं और वहां भारतीय समुदाय को धमकी दे रहे हैं। ट्रूडो के साथ अपनी बातचीत में पीएम मोदी ने यह भी उल्लेख किया कि भारत-कनाडा संबंधों की प्रगति के लिए ÷पारस्परिक सम्मान और विश्वास÷ पर आधारित संबंध आवश्यक है। पीएम मोदी के साथ अपनी बातचीत के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए ट्रूडो ने कहा कि उनका देश हमेशा शांतिपूर्ण विरोध की स्वतंत्रता की रक्षा करेगा, लेकिन साथ ही उन्होंने कहा कि वह हमेशा हिंसा को रोकेगा और नफरत को पीछे धकेलेगा।

उन्होंने कहा कि कनाडा हमेशा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, अंतरात्मा की स्वतंत्रता और शांतिपूर्ण विरोध की स्वतंत्रता की रक्षा करेगा और यह हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है। ट्रूडो ने कहा कि हम हिंसा को रोकने और नफरत को रोकने के लिए हमेशा मौजूद हैं। मुझे लगता है कि समुदाय के मुद्दे पर, यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि कुछ लोगों की हरकतें पूरे समुदाय या कनाडा का प्रतिनिधित्व नहीं करती हैं।

## युद्ध के कारण यूक्रेन में ऐतिहासिक स्थलों के नष्ट होने का खतरा: यूनेस्को




**– लविवि के ऐतिहासिक पुराने शहर की स्थापना मध्य युग में हुई थी**

**कीव (एजेंसी)।** यूनेस्को ने कहा है कि रूस के साथ चल रहे युद्ध के कारण यूक्रेन की राजधानी कीव और ल्वीव शहर में ऐतिहासिक स्थलों के नष्ट होने का खतरा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक संयुक्त राष्ट्र सांस्कृतिक निकाय के अनुसार इन स्थलों में कीव में प्रतिष्ठित सेंट सोफिया कैथेड्रल, शहर के कीव-पेचेर्सक लावरा की मध्ययुगीन इमारतें और ल्वीव में ऐतिहासिक केंद्र शामिल हैं। इन स्थलों को यूनेस्को की ख़तरे में पड़ी विश्व विरासत की सूची में रखा गया है। एक बयान में यूनेस्को ने कहा कि उसकी विश्व धरोहर समिति ने निष्कर्ष निकाला है कि युद्ध के कारण इन संपत्तियों पर खतरा है। सीधे हमले के खतरे का सामना करते हुए ये स्थल बमबारी के कारण खतरे में हैं। लविवि के ऐतिहासिक पुराने शहर की स्थापना मध्य युग में हुई थी और इसने 13वीं से 20वीं शताब्दी तक एक प्रशासनिक, धार्मिक और वाणिज्यिक केंद्र के रूप में अपनी वास्तुकला और सांस्कृतिक विरासत को बनाए रखा है। इसे 1998 में विश्व विरासत सूची में जोड़ा गया था। सेंट सोफिया कैथेड्रल, 11वीं शताब्दी में बनाया गया था और इसे तुर्की में हागिया सोफिया को टक्कर देने के लिए डिजाइन किया गया था, जो उस समय कॉन्स्टेंटिनोपल का हिस्सा था। यह उस युग की कुछ जीवित इमारतों में से एक है। कीव-पेचेर्स्क लावरा की स्थापना कैथेड्रल के लगभग उसी समय हुई थी। यह रूस के लोगों का एक प्रमुख आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र था। जनवरी में यूक्रेनी बंदरगाह शहर ओडेसा को खतरे की सूची में शामिल किए जाने के बाद इसी सूची में नवीनतम वृद्धि हुई है।

## जमीन पर तनाव, अंतरिक्ष में एक-दूसरे के सहयोगी बन रहे रुस और अमेरिका

**बैकोनूर(एजेंसी)।** यूक्रेन को लेकर रूस और अमेरिका के बीच तनाव है, दोनों ही देश एक दूसरे के आमने सामने हैं, लेकिन अंतरिक्ष शोध और कार्यक्रमों की बात की जाए तब दोनों देश एक साथ खड़े नज़र आते हैं। ऐसा ही कुछ देखने को मिला जब दो रूसी अंतरिक्ष यात्री और एक अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री उड़ान भरने के बाद अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर पहुंचे। इससे पहले रोस्कोस्मोस के अंतरिक्ष यात्री ओलेग कोनोनेंको और निकोलाई चूब और नासा के अंतरिक्ष यात्री लोरल ओ'हारा ने सोयुज एमएस-24 अंतरिक्ष यान में सवार होकर कजाकिस्तान के बैकोनूर कॉस्मोड्रोम से उड़ान भरी थी।



रूसी स्पेस एजेंसी ने बताया कि चालक दल तीन घंटे बाद अंतर्राष्ट्रीय स्पेस स्टेशन (आईएसएस) में पहुंचा। ओरबिटिंग स्टेशन में इन तीनों अंतरिक्ष यात्रियों के साथ यूरोपियन स्पेस एजेंसी के प्रतिनिधियों सहित, तीन रूसी, दो अमेरिकी और एक जापानी अंतरिक्ष यात्री शामिल हो रहे। कोनोनेंको ने उड़ान से पहले तनाव की ओर इशारा करते हुए कहा कि अंतरिक्ष में हम एक-दूसरे का ख्याल रखते हैं, एक दूसरे की सुनते हैं और एक दूसरे को समझते हैं। वहां हम अपने रिश्तों को लेकर बेहद संवेदनशील होते हैं। वहीं ओ'हारा ने स्टेशन की तारीफ करते हुए कहा कि यह देशों को एक साथ ला रहा है। उन्होंने कहा, मैं जहाज पर चढ़ने और उन क्रू साथियों को देखने के लिए उत्साहित हूं जो हमारा इंतजार कर रहे हैं।

कोनोनेंको (59), और चुब (39) आईएसएस में एक साल बिताएंगे, वहीं ओ'हारा (40) छह महीनें रहेंगी। ओ'हारा और चुब के लिए यह पहला मिशन है। चुब का कहना है कि अंतरिक्ष यात्रा करना उनका बचपना का सपना था, और उन्होंनें अपने इस सपने को हासिल करने के लिए अपनी पूरी जिंदगी लगा दी। रोसकोसमोस के मुताबिक, इन तीनों अंतरिक्षयात्रियों को मार्च में धरती पर लौटना था लेकिन उनके जहाज सोयुज एमएस-22 के किसी उल्कापिंड से टकराजाने की वजह से उसमें तकनीकी खराबी आ गई थी, अब वे एमएस-23 से धरती पर वापस लौटने वाले हैं।

# 170 एटम बम, पाकिस्तान ने बढ़ाए परमाणु हथियार, भारत ने खोज निकाली लोकेशन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान में भुखमरी है और ऐसे हालात में पाकिस्तान परमाणु हथियार बनाने में जुटा हुआ है। पाकिस्तान ने अपने डिफेंस बजट को 15 फीसदी बढ़ा दिया है। सोचिए पाकिस्तान का आने वाले दिनों में क्या हाल होगा। आतंकियों का पनाहगाह पाकिस्तान भले ही दाल-रोटी के लिए तरह रहा हो। लेकिन वो तेजी से अपने परमाणु जखीरे को बढ़ा रहा है। ये बात अमेरिका की उस संस्था ने अपनी रिपोर्ट में बताई जो पूरी दुनिया में परमाणु असले का रिकॉर्ड रखती है। एफएसए यानी फेडरेशन ऑफ अमेरिकन साइंटिस्ट ने अपनी रिपोर्ट में बहुत ही तफ्सील से बताया कि पाकिस्तान ने अपना परमाणु जखीरा आखिर कहां कहां छुपाया हुआ है। वो भी बकायदा सैटेलाइट इमेज के जरिए।




पाकिस्तान के आर्थिक हालात खस्ता हाल हैं। दुनिया से कर्ज की भीख मांग रहा है। महंगाई आसमान पर पहुंच गई है। आवाम खाली पेट की दुहाई दे रही है। लेकिन अमेरिकी संस्था एफएएस ने जो रिपोर्ट जारी की है उससे पाकिस्तान का युद्ध वाला उन्माद पूरी दुनिया के सामने आ गया है। इस गंभीर आर्थिक संकट के बाद भी पाकिस्तान लगातार अपने परमाणु बमों की संख्या को बढ़ा रहा है। एफएएस ने पाकिस्तान न्यूक्लियर वेपन 2023 नोटबुक जारी किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान के पास फिलहाल 170 परमाणु हथियार हैं। जो 2025 तक 200 केपार जा सकते हैं।

रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान ने न्यूक्लियर क्षमता वाले मिसाइल बेस और फैसिलिबटीज की लोकेशन की जानकारी नहीं मिल पाई। हालांकि, सैटेलाइट तस्वीरें से ये पता चला है कि पाकिस्तान के 5 मिसाइल बेस हैं। जहां से उसकी न्यूक्लियर फोर्सेस ऑपरेट कर सकती हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि पाकिस्तान जमीन और समुद्र से दागी जाने वाली क्रूज मिसाइलों में लगातार मॉडिफिकेशन कर रहा है। भारत अपने बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस सिस्टम को डेवलप कर रहा है।

# किम रूसी बंदरगाह शहर पहुंचे, परमाणु हमले करने में सक्षम बम वर्षक विमान देखे

**– किम व्लादिवोस्तोक में रूस के प्रशांत बेड़े में शामिल नौसैनिक पोत का कर सकते हैं निरीक्षण**

**मास्को (एजेंसी)।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन शनिवार सुबह रूस के सुदूर बंदरगाह शहर व्लादिवोस्तोक पहुंचे, जहां उन्हें परमाणु हमले करने में सक्षम बम वर्षक विमान दिखाए गए। किम दिन में व्लादिवोस्तोक में रूस के प्रशांत बेड़े में शामिल नौसैनिक पोत का जायजा लेने जा सकते हैं। रूस के प्रिमोर्स्की क्षेत्र के गवर्नर ओलेग कोझेम्याको ने व्लादिवोस्तोक से लगभग 40 किलोमीटर (25 मील) उत्तर-पूर्व में आर्त्योम शहर में किम के आने की घोषणा की। गवर्नर ने एक मैसेजिंग ऐप पर एक वीडियो जारी किया, जिसमें किम हरे-पीले रंग की ट्रेन से मुस्कराते हुए उतरते दिख रहे हैं और स्कूल के बच्चे उन्हें फूल दे रहे हैं। आर्त्योम पहुंचने के बाद किम व्लादिवोस्तोक हवाई अड्डे पहुंचे, जहां रूस के रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु और अन्य सैन्य अधिकारियों ने उन्हें परमाणु हमले करने में सक्षम बमवर्षक विमान और अन्य युद्धक विमान दिखाए। शोइगु ने किम को रूस की नवीनतम मिसाइल हाइपरसोनिक किंझल भी भेंट की, जिन्हें मिग-31 लड़ाकू विमान के जरिये दागा जाता है।

उत्तर कोरिया की आधिकारिक मीडिया ने शनिवार को अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि किम रूस के अत्याधुनिक युद्धक विमानों का निर्माण करने वाली फैक्टरी को देखकर बेहद प्रभावित हुए हैं। किम की यह यात्रा वोस्तोचनी स्पेसपोर्ट में उनके और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई बातचीत और कोम्सोमोल्स्क-ऑन-अमूर में विमान निर्माण संयंत्र के उनके दौरा के बाद हो रही है। किम अपनी बख्तरबंद ट्रेन से मंगलवार को रूस पहुंचे थे। उन्होंने हथियारों और प्रौद्योगिकी से जुड़े कई स्थलों का दौरा किया। रूस और उत्तर कोरिया पर पश्चिमी देशों ने कई प्रतिबंध लगाए हैं तथा उन्हें अलग-थलग कर दिया है। विशेषज्ञों का मनना है कि दोनों देश अमेरिका से बढ़ते तनाव के बीच द्विपक्षीय संबंधों को गहरा कर रहे हैं। अमेरिका और उसके सहयोगियों की चिंता है कि किम यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बीच मॉस्को को हथियार मुहैया करा सकते हैं और बदले में उत्तर कोरिया को रूस से उन्नत प्रौद्योगिकी मिल सकती है।





# पर्दे पर फिर साथ दिखेगी शाहिद कपूर और करीना कपूर की जोड़ी

बॉलीवुड एक्टर शाहिद कपूर और करीना कपूर की ऑनस्क्रीन की जोड़ी को फैंस का खूब प्यार मिला है। एक समय में यह इंडस्ट्री के मोस्ट फेवरेट कपल्स में से एक थे। हालांकि पांच साल तक एक-दूसरे के साथ रिश्ते में रहने के बाद अलग हो गए था। शाहिद कपूर और करीना कपूर ने फिदा, चुप चुप के, 36 चाइना टाउन, जब वी मेट और मिलेंगे मिलेंगे जैसी फिल्मों में साथ काम किया है। दोनों की फिल्म 'जब वी मेट' बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी। फैंस अक्सर इस फिल्म के सीक्वल की मांग करते रहते हैं। बीते काफी समय से 'जब वी मेट' के सीक्वल को लेकर खबरें भी सामने आ रही थी। वीहं अब लेटेस्ट खबरों के मुताबिक इस फिल्म का सीक्वल आने की तैयारी हो रही है। टाइम्स नाउ की एक रिपोर्ट के मुताबिक कथित तौर पर 'जब वी मेट' के सीक्वल राज मेहता द्वारा गांधार फिल्म्स बैनर के तहत प्रोड्यूस किया जाएगा। रिपोर्ट्स के अनुसार फिल्म के सीक्वल वर्जन का निर्देशन इम्तियाज अली ही करेंगे। उन्होंने ही 'जब वी मेट' का भी निर्देशक किया था। अनुमान लगाया जा रहा है कि फिल्म में शाहिद और करीना की जोड़ी आदित्य और गीत के रूप में फिर साथ नजर आने वाली है। हालांकि मेकर्स की और से इस फिल्म के सीक्वल को लेकर कोई ऑफिशियल अनाउंसमेंट नहीं की गई है। बता दें कि जब वी मेट कुछ दिनों पहले सिनेमाघरों में दोबारा रिलीज हुई थी।




# अतीत के बुरे दौर को याद कर भावुक हुए टीवी अभिनेता शीजान खान

टीवी शो अली बाबा: दास्तान-ए-काबुल अभिनेता शीजान खान की उस वक्त मुसीबतें काफी बढ़ गई थीं जब उनकी गर्लफ्रेंड और को-स्टार तुनिषा शर्मा ने सेट पर अपनी जान दे दी थी। तुनिषा ने 24 दिसंबर, 2022 में शो के सेट पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी, जिसके बाद उनकी मां ने शीजान पर कई संगीन आरोप लगाए थे और उन्हें तकरीबन दो महीने जेल तक जेल की हवा खानी पड़ी थी। अब हाल ही में शीजान एक इंटरव्यू में उस बुरे दौर को याद कर भावुक हो गए। वे उम्मीद कर रहे है कि उनका केस जल्द खारिज हो।

शीजान ने कहा, मैं एक अति बुरे दौर से गुजरा। ऐसा लग रहा था कि मानो मेरी जिंदगी थम गई है। मुझे याद है कि उस वक्त मैं हर पल केवल यही सोचता था कि क्या मेरी जिंदगी फिर से शुरू हो पाएगी या नहीं? ये जो भी सब मेरे साथ हो रहा है, क्या कभी खत्म होगा? मैं इस बुरे वक्त से निकल पाऊंगा या नहीं? अभिनेता ने कहा, मेरे परिवार वालों को और कितनी तकलीफें झेलनी होंगी? इस सबसे मैं कब बाहर आऊंगा? आंखों के सामने, ताश के पत्तों की तरह मेरी जिंदगी बिखरती जा रही थी। मेरा साथ क्या हो रहा था, मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा था, लेकिन मुझे यकीन था कि भगवान कभी मेरे साथ गलत नहीं होने देगा और मेरे यकीन की जीत भी हुई।

शीजान ने कहा कि बुरे वक्त में मेरे फैमिली मेंबर्स ने मुझे बहुत सपोर्ट किया, उनसे मेरी शुरुआत से ही अच्छी बॉन्डिंग थी। लेकिन हां, उस घटना के बाद कुछ लोगों के असली रंग देखने को मिले। मेरे कुछ पुराने दोस्त थे जो मेरे घर आते-जाते रहते थे लेकिन 24 दिसंबर के बाद उनमे से ज्यादातर लोग बदल गए। मानो जैसे किसी वक्त यदि मेरे 10 दोस्त हुआ करते थे, तब आज उनमे से केवल 1-2 ही मेरे साथ हैं। अब जो बुरे वक्त में आपके साथ नहीं उन्हें भला अपना मानूं भी कैसे?




# 'जवान' ने तोड़ा 'पठान' का रिकॉर्ड, 9 दिन में किया 400 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन

बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान की फिल्म 'जवान' बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा रही है। एटली के निर्देशन में बनी 'जवान' 7 सितंबर को रिलीज हुई थी। फिल्म जवान को ग्रैंड ओपनिंग मिली थी और हर दिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड तोड़ कमाई कर रही है।

फिल्म 'जवान' को रिलीज हुए 9 दिन हो चुके हैं। फिल्म जवान बॉक्स ऑफिस पर ताबड़तोड़ कमाई कर रही है। फिल्म जवान को लेकर लोंगो में एक अलग ही क्रेज बना हुआ है। जवान ने कई फिल्मों का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया है।

भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 'जवान' का टोटल कलेक्शन 400 करोड़ रुपएसे अधिक हो गया है। फिल्म 'जवान' ने सबसे तेज 400 करोड़ रुपए कमाने का एक नया रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। शाहरूख खान की ही फिल्म 'पठान' ने कामयाबी का यह पड़ाव जहां रिलीज के 11वें दिन पार किया था, वहीं जवान ने ये मील का पत्थर रिलीज के नौवें दिन ही हासिल कर लिया है।

गौरी खान और शाहरुख की कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले फिल्म जवान को प्रोड्यूस किया गया है। जवान में शाहरुख खान के साथ नयनतारा, विजय सेतुपति, प्रियामणि, सान्या मल्होत्रा, सुनील ग्रोवर और रिद्धि डोगरा भी शामिल है।

# सितारों से भरा था जोनास ब्रदर्स का कॉन्सर्ट

अंतरराष्ट्रीय एक्ट्रेस प्रियंका चोपडा के हसबेंड निक जोनास एंड ब्रदर्स का कॉन्सर्ट सितारों से भरा हुआ था। कार्यक्रम में एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा अपने पति निक जोनस संग चीयर करती नजर आईं, जिसकी तस्वीरें अब उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की हैं। प्रियंका अपने पति के गले में बाहें डाले रोमांटिक होती नजर आ रही है। अन्य तस्वीरों में देसी गर्ल फुल जश्न के मूड में दिखाई दे रही हैं। फैंस निकयांका की इन तस्वीरों को खूब लाइक कर रहे हैं। प्रियंका चोपड़ा द्वारा इंस्टाग्राम पर शेयर की गई तस्वीरों में देखा जा सकता है कि एक्ट्रेस ब्लैक ड्रेस में बेहद बोल्ड लग रही हैं। कटआउट ड्रेस में पीसी के क्लीवेज और बेली साफ नजर आ रहा है। इस लुक को उन्होंने खुले बालों के साथ कंप्लीट किया है। वहीं निक भी इस दौरान ब्लैक टीशर्ट में दिखाई दे रहे हैं।



# सुखी का नया गाना नशा रिलीज

बालीवुड की फिल्म सुखी का नया गाना नशा रिलीज हो गया है। फिल्म में पॉप स्टार बादशाह नजर आ रहे हैं। यह गाना उनके मां के किरदार की भावना को बखूबी दर्शाता है, जो रूटीन लाइफ से ब्रेक लेकर एन्जॉय करना चाहती हैं। यह एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी की अपकमिंग फिल्म है। यह गाना पॉप सॉन्ग है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक इन्फ्लुएंस है, जो सिंथ-पॉप या मॉडर्न इलेक्ट्रॉनिक पॉप की खासियत है, हालांकि इसमें बॉलीवुड के डांस सॉन्ग का टच भी है, और निश्चित रूप से यह एक फुट टैपर है। नशा गाना फिल्म की थीम से कहीं अधिक मेल खाता है और दर्शकों को खुशी का एहसास कराता है। नशा के वीडियो में शिल्पा के इसी नाम के किरदार सुखी और उसके दोस्तों को दिखाया गया है, जो अपने स्कूल रियूनियन में जाते हैं। गाने को बादशाह और अफसाना खान ने गाया है। वहीं, गाने के लिरिक्स राजा दिलवाला ने लिखे हैं, जबकि, म्यूजिक कंपोजिशन बादशाह और हितेन ने दिया है।




# इस बार दिखेगा बिग बॉस का अलग रंग

सलमान खान के पॉपुलर रियलिटी शो 'बिग बॉस' के हर सीजन का फैंस बेसब्री से इंतजार करते हैं। 'बिग बॉस ओटीटी 2' के खत्म होने के बाद जल्द ही टीवी पर 'बिग बॉस 17' की शुरुआत होने जा रही है। इस बार भी सलमान खान बिग बॉस को होस्ट करते नजर आने वाले हैं। हाल में ही 'बिग बॉस 17' का प्रोमो भी रिलीज किया गया है। प्रोमो देखकर साफ हो रहा है कि इस बार शो काफी दिलचस्प होने वाला है। प्रोमो से सलमान का एकदम अलग अंदाज में दिखाई दे रहे हैं। वह काफी कूल नजर आ रहे हैं। 'बिग बॉस 17' के प्रोमो में सलमान के तीन रूप देखने को मिल रहे हैं। प्रोमो की शुरुआत में सलमान खान वॉक करते हुए नजर आते हैं। इसके बाद वह बताते हैं कि इस बार ऑडियन्स बिग बॉस की कई चीजों से रूबरू होगी। लोगों ने अभी तक सिर्फ बिग बॉस की आंख देती हैं, लेकिन इन बार वो तीन नए अवतार देखेंगे, जिसमें दिल, दिमाग और दम शामिल हैं। इतना बता के वो कहते हैं कि अभी के लिए इतना ही। इसके साथ ही सलमान ने ये भी इशारा किया कि आने वाले वक्त में वो कई और ट्विस्ट लेकर आएंगे, जो आने वाले प्रोमो में देखने को मिल सकता है। सलमान खान प्रोमो में ऑरेंज कुर्ता पायजाना में नजरआ रहे हैं। इसके बाद वह ब्लैक शर्ट और ग्रे ट्राउजर में दिखते हैं। आखिर में वह काऊबॉय हैट और सनग्लासेस में नजर आते हैं। इस प्रोमो को कलर टीवी ने पोस्ट करते हुए लिखा, 'इस बार बिग बॉस दिखाएंगे एक अलग रंग, जिसे देखकर रह जाएंगे आप सब दंग।'



# पुष्पा एक्टर अल्लू अर्जुन ने की फिल्म जवान की तारीफ

शाह रुख खान की लेटेस्ट फिल्म जवान की तारीफ में हर कोई एक्टर कसीदे गढ़ रहा है। इसी कड़ी में पुष्पा-2 कलाकार अल्लू अर्जुन का नाम जुड़ रहा है, जिन्होंने जवान की प्रशंसा की है। इसके बाद शाह रुख खान ने भी स्टाइल में अल्लू का आभार व्यक्त किया है। शाह रुख खान की जवान को देखने के बाद अल्लू अर्जुन का उत्साह रुकने का नाम नहीं ले रहा है। फिल्म के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त करने के लिए अल्लू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर का सहारा लिया है। गुरुवार को एक स्पेशल ट्वीट करते हुए लिखा है-इस विशाल ब्लॉकबस्टर जवान की अपार सफलता के लिए पूरी टीम को मेरी तरफ से ढ़ेर सारी बधाई। शाह रुख खान ये अब तक का आपका सबसे बेहतरीन किरदार रहा। अपने स्वैग से आपने हर किसी का दिल जीत लिया है, सच में आपके लिए बहुत खुशी हुई है सर, हमारी दुआएं आपके लिए काम लाई हैं। बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रचने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

इसके अलावा अल्लू ने इस ट्वीट में जवान फिल्म स्टार कास्ट विजय सेतुपति, नयनतारा, दीपिका पादुकोण, डायरेक्टर एटली और म्यूजिक कंपोजर अनिरुद्ध की काफी प्रशंसा की है। अल्लू अर्जुन के जरिए अपनी फिल्म जवान की तारीफ सुनकर शाह रुख खान ने तुरंत साउथ सुपरस्टार को रिप्लाई दिया है। शाह रुख ने लिखा है- आपके प्यार और प्रार्थनाओं के लिए बहुत आभार मेरे यार। रही बात स्वैग की तो जो व्यक्ति खुद द फायर है और वो मेरी तारीफ कर रहा है, तो उससे मेरा दिन जरूर बनेगा।

